

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 299 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 07 अगस्त 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## ईरान की चेतावनी से खाड़ी में बढ़ा तनाव, सऊदी अरब-कतर और यूएई पर हमले का खतरा

तेहरान। अमेरिका और ईरान के



बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच खाड़ी देशों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ईरान की ओर से संकेत दिया गया है कि यदि अमेरिका क्षेत्र में दोबारा बड़े हमले करता है तो संघर्ष का असर खाड़ी क्षेत्र तक फैल सकता है। इससे सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) समेत अन्य देशों में सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ी है।

ईरानी अधिकारियों ने पहले भी चेतावनी दी है कि उसके ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया गया तो जवाब में क्षेत्र के महत्वपूर्ण ऊर्जा और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। इससे खाड़ी क्षेत्र में तेल-गैस आपूर्ति और समुद्री परिवहन को लेकर भी चिंता बढ़ी है।

हालांकि, सऊदी अरब, कतर और यूएई में किसी आगामी बड़े हमले की निश्चित योजना या "सीक्रेट प्लान" लीक होने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में क्षेत्र में संभावित तबाही से जुड़े दावों को फिलहाल आशंका और चेतावनी के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

## भारतीय शेयर बाजार में तेजी बरकरार, सेंसेक्स 374 अंक चढ़ा; निफ्टी 24,600 के पार

समाज जागरण संवाददाता

मुंबई। वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। बैंकिंग और एनर्जी शेयरों में चुनिंदा खरीदारी के बीच बीएसई सेंसेक्स 373.76 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 78,954.76 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 11.35 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,636.00 अंक पर पहुंच गया।

**बाजार की बड़ी तस्वीर**

सेंसेक्सः 78,954.76 ▲ 373.76 अंक

निफ्टीः 24,636.00 ▲ 11.35 अंक

**लगातार दूसरा सत्रः बढ़त के साथ बंद**



### पीएसयू बैंक में सबसे ज्यादा तेजी

सेक्टरवार कारोबार में निफ्टी पीएसयू बैंक 2.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ सबसे मजबूत सेक्टर रहा। निफ्टी ऑयल एंड गैस में 0.80 प्रतिशत, जबकि निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.17 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

### एसबीआई, बीईएल और टाइटन में खरीदारी

निफ्टी-50 के शेयरों में एसबीआई, बीईएल, इटरनल, टाइटन, श्रीराम फाइनेंस और सिप्ला प्रमुख बढ़त वाले शेयर रहे। इसके विपरीत पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, टीसीएस और बजाज ऑटो में गिरावट दर्ज की गई।

**निवेशकों की नजर में**

बैंकिंग और एनर्जी शेयरों में चुनिंदा खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। वहीं ऑटो, मेटल, आईटी और रियल्टी जैसे क्षेत्रों में मुनाफावसूली का दबाव रहा।

### इन सेक्टरों पर रहा दबाव

दूसरी ओर, कई प्रमुख सेक्टरों में मुनाफावसूली देखने को मिली। निफ्टी रियल्टी 1.32 प्रतिशत और निफ्टी मीडिया 1.28 प्रतिशत टूटा। निफ्टी ऑटो में 1.01 प्रतिशत, निफ्टी मेटल में 0.99 प्रतिशत और निफ्टी आईटी में 0.95 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

**सेक्टरवार प्रदर्शन**

पीएसयू बैंकः +2.20%
ऑयल एंड गैसः +0.80%
कंज्यूमर ड्यूरेबल्सः +0.17%
रियल्टीः -1.32%
मीडियाः -1.28%
ऑटोः -1.01%
मेटलः -0.99%
आईटीः -0.95%

### स्मॉल-कैप शेयरों ने संभाली बाजार की धारणा

व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.44 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 0.48 प्रतिशत चढ़ा। स्मॉल-कैप शेयरों में खरीदारी के कारण व्यापक बाजार की मजबूती बनी रही।

### ओ2सी कारोबार में दिखी 'बार्गेन बाइंग'

बाजार की बदलती धारणा के बीच ओ2सी (ऑयल-टू-केमिकल्स) आधारित कारोबार में लंबे समय की कमजोरी के बाद निचले स्तरों पर खरीदारी देखने को मिल रही है। बाजार एनर्जी, टेलीकॉम, रिटेल समेत अन्य क्षेत्रों में कंपनियों की दीर्घकालिक संभावनाओं और वैल्यू का नए सिरे से आकलन कर रहा है।

### आरबीआई के रुख से बाजार को सहारा

आरबीआई के स्थिर नीतिगत रुख और आर्थिक विकास को लेकर सकारात्मक नजरिए ने भी निवेशकों के उत्साह को बढ़ाया। इसके चलते हैवीवेट, बैंकिंग और एनर्जी शेयरों में चुनिंदा खरीदारी देखने को मिली।

निष्कर्षः बाजार में तेजी का रुख कायम है, लेकिन सेक्टरों के बीच प्रदर्शन में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। जहां बैंकिंग और एनर्जी शेयरों में खरीदारी हावी रही, वहीं ऑटो, मेटल, आईटी और रियल्टी में निवेशकों ने मुनाफावसूली को तरजीह दी।

(इनपुट-आईएएनएस)

## फिल्म, चलचित्रकला और डिजिटल माध्यम में सहयोग बढ़ाने के लिए ब्रिक्स वेव्स बाजार शुरू



समाज जागरण संवाददाता

मुंबई। रचनात्मक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को मुंबई में दो दिवसीय ब्रिक्स वेव्स बाजार का शुभारंभ हुआ। आयोजन में ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों के 500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य फिल्म, दूरदर्शन, चलचित्रकला, दृश्य प्रभाव, खेल, संगीत और डिजिटल माध्यम सहित रचनात्मक क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

उद्घाटन समारोह में महाराष्ट्र के इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं संस्कृति मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि मुंबई भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन वैश्विक रचनात्मक उद्योग के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार ने कहा कि ब्रिक्स वेव्स बाजार और नवंबर 2026 में होने वाला ब्रिक्स फिल्म महोत्सव व्यापार, सह-निर्माण, बाजार विस्तार तथा फिल्म निर्माण में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसर उपलब्ध कराएंगे।

आयोजन में व्यापारिक संपर्क, विचार-विमर्श और कंपनियों के बीच बैठकों के साथ अंतरराष्ट्रीय सह-निर्माण, सामग्री वित्तपोषण, डिजिटल परिवर्तन, बौद्धिक संपदा अधिकार, महिला उद्यमिता और उभरती तकनीकों जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव बोडवाडे ने बताया कि रचनात्मक अर्थव्यवस्था वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 3.1 प्रतिशत का योगदान देती है और अंतरराष्ट्रीय सेवा निर्यात में इसका हिस्सा 1.4 खरब डॉलर से अधिक है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों के लिए इस क्षेत्र में सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।

राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के प्रबंध निदेशक प्रकाश मगदूम ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में उच्चस्तरीय सम्मेलन, मुख्य वक्तव्य, परिचचाएं, व्यावसायिक संपर्क और कंपनियों के बीच बैठकें होंगी। यह मंच ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार, निवेश और सांस्कृतिक सहयोग के नए अवसरों को बढ़ावा देगा। (पीआईबी)

## 'एक एआई मुख्यमंत्री भी होना चाहिए'

### सम्राट चौधरी के बयान पर सोशल मीडिया में छिड़ी बहस

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जरिए जनता की समस्याओं का पांच मिनट में पता लगाने वाले बयान पर सोशल मीडिया में खूब प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने बिहार में एआई विश्वविद्यालय स्थापित करने की बात भी कही है।

मुख्यमंत्री के बयान के बाद कुछ सोशल मीडिया उपयोगकताओं ने बिहार की शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का उल्लेख करते हुए तंज कसा। कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि यदि एआई कुछ ही मिनट में समस्याओं का पता लगा सकता है, तो क्या वह उनका समाधान भी करेगा?

एक यूजर ने व्यंग्य करते हुए लिखा कि अब 'एक एआई मुख्यमंत्री भी होना चाहिए।' वहीं कुछ लोगों ने कहा कि तकनीक से समस्याओं की पहचान आसान हो सकती है, लेकिन जमीनी स्तर पर समाधान के लिए प्रशासनिक इच्छाशक्ति और प्रभावी व्यवस्था भी जरूरी है।

## नेतन्याहू ने पीएम मोदी को किया फोन, भारत-इजराइल संबंधों को और मजबूत करने पर जोर

### पश्चिम एशिया के हालात पर हुई चर्चा, रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा; द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर बनी सहमति

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर विचार साझा किए और भारत-इजराइल विशेष रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने पारस्परिक हितों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**बड़ी खबर एक नजर में**

- *फोन पर बातचीतः पीएम मोदी और नेतन्याहू के बीच वार्ता*
- *मुख्य मुद्दाः पश्चिम एशिया के हालात*
- *समीक्षाः भारत-इजराइल विशेष रणनीतिक साझेदारी*
- *जोरः द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर*
- *आगे की सहमतिः दोनों नेता संपर्क में बने रहेंगे*



### विदेश मंत्रालय ने दी बातचीत की जानकारी

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-इजराइल विशेष रणनीतिक साझेदारी में लगातार हो रही प्रगति की समीक्षा की।

दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा रणनीतिक साझेदारी को आगे ले जाने के लिए जारी प्रयासों पर भी चर्चा की। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भविष्य में भी एक-दूसरे के संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

### पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर साझा किए विचार

फोन पर हुई बातचीत में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम भी प्रमुख मुद्दा रहे। दोनों नेताओं ने क्षेत्र की स्थिति पर अपने-अपने विचार साझा किए और आपसी संपर्क बनाए रखने पर सहमति जताई।

**रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभ**

*रक्षा सहयोग, आतंकवाद निरोधक गतिविधियां, खुफिया जानकारी साझा करना, कृषि नवाचार*

### तीन दशक में मजबूत हुए भारत-इजराइल संबंध

पिछले तीन दशकों में भारत और इजराइल के संबंध रणनीतिक भरोसे पर आधारित मजबूत साझेदारी में बदले हैं। रक्षा, आतंकवाद निरोधक सहयोग, खुफिया जानकारी साझा करना और कृषि नवाचार दोनों देशों के बीच सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्र रहे हैं।

राजनीतिक और सुरक्षा संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति के बावजूद आर्थिक क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की अभी व्यापक संभावनाएं हैं। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आर्थिक रिश्तों को नई गति देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### जुलाई में हुआ एफटीए वार्ता का दूसरा दौर

भारत और इजराइल के बीच एफटीए को लेकर बातचीत भी आगे बढ़ रही है। नवंबर 2025 में हस्ताक्षरित टर्म्स ऑफ रेफरेंस के तहत 20 से 23 जुलाई 2026 तक नई दिल्ली में एफटीए वार्ता का दूसरा दौर आयोजित किया गया।

इस वार्ता को दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई दिशा देने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। एफटीए के जरिए व्यापार और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ने की उम्मीद है।

### इजराइली राजदूत एफटीए को बता चुके हैं 'गेम चेंजर'

भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार भारत-इजराइल आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दे चुके हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच एफटीए को अर्थव्यवस्थाओं के लिए 'गेम चेंजर' बताया था।

इजराइली दूतावास ने भी दोनों देशों के बीच 34 साल की दोस्ती का उल्लेख करते हुए कहा था कि यह साझेदारी दोनों देशों के लोगों और देशों को करीब लाने में महत्वपूर्ण रही है।

### क्या बदल सकता है एफटीए से?

भारत-इजराइल एफटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के विस्तार की संभावनाएं बढ़ सकती हैं। रणनीतिक और सुरक्षा साझेदारी के साथ आर्थिक रिश्तों को नई ऊंचाई देना दोनों देशों की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### रणनीतिक साझेदारी से आर्थिक साझेदारी तक

भारत और इजराइल के रिश्ते अब रक्षा और सुरक्षा सहयोग तक सीमित नहीं हैं। दोनों देश कृषि, तकनीक, नवाचार, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी और नेतन्याहू के बीच ताजा बातचीत से दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता एक बार फिर सामने आई है।

(इनपुट : आईएएनएस)

## भारत ने किया अग्नि-4 का सफल परीक्षण, सामरिक क्षमता मजबूत

नई दिल्ली। भारत ने गुरुवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण परिसर से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया। परीक्षण सामरिक बल कमान की निगरानी में हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल ने निर्धारित उड़ान मार्ग का सफलतापूर्वक पालन करते हुए सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया।

अग्नि-4 के सफल परीक्षण से इसकी परिचालन विश्वसनीयता और भारत की सामरिक प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती मिली है। इससे पहले 22 मई



को अग्नि-1 का भी सफल परीक्षण किया गया था।

## भारत-नेपाल सीमा पर मिट्टी के बांध को लेकर विवाद, SSB पर पथराव; 200 अज्ञात लोगों पर FIR

समाज जागरण संवाददाता

बगहा। पश्चिम चंपारण जिले के विवादित सुस्ता क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर मिट्टी के बांध के निर्माण को लेकर तनाव बढ़ गया। रइ ने आरोप लगाया कि गश्ती दल पर नेपाल की ओर से आए ग्रामीणों ने पथराव किया। मामले में 21वीं वाहिनी रइ की शिकायत पर 150 से 200 अज्ञात लोगों के खिलाफ वाल्मीकिनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

SSB के अनुसार, भारतीय सीमा क्षेत्र में मिट्टी



का बांध आगे बढ़ाए जाने पर जवानों ने आपत्ति जताई थी। बातचीत के बाद यथास्थिति बनाए रखने और तय सीमा से आगे निर्माण नहीं करने पर सहमति बनी थी। आरोप है कि इसके बावजूद निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया।

बाद में नेपाल के सुस्ता गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। रइ का आरोप है कि भीड़ ने जवानों के साथ अभद्र व्यवहार किया और वापस लौट रही गश्ती टीम पर पत्थरबाजी की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




# अखिलेश की फिल्म धुरंधर पर नाराजगी के सियासी मायने

सिनेमा और राजनीति का रिश्ता हमेशा से गहरा रहा है, लेकिन जब परदे की कहानियां सीधे तौर पर चुनावी मैदान के समीकरणों और राजनीतिक दलों के इतिहास को प्रभावित करने लगें, तो सियासत गरमाना लाजिमी है। हाल ही में रिलीज हुई बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल करने वाली फिल्म धुरंधर को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। अखिलेश यादव ने इस फिल्म को सीधे तौर पर एक सरकारी प्रोपेगेंडा करार देते हुए यह तक कह दिया है कि भविष्य में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर इस पूरे मामले की गहन जांच कराई जाएगी। आखिर क्या वजह है कि एक कमर्शियल फिल्म पर सूबे के इतने बड़े राजनेता को इतनी कड़ी आपत्ति जतानी पड़ी और क्यों उन्होंने सरकार बनने पर जांच की बात कहकर राजनीतिक दांव चला है, इसे वर्तमान और अतीत के राजनीतिक घटनाक्रम के आईने में आसानी से समझा जा सकता है।

इस पूरे विवाद की जड़ में वह किस्सा है जिसका इस्तेमाल हालिया दौर के राजनीतिक नैरेटिव को गढ़ने के लिए किया जा रहा है। दरअसल, फिल्म धुरंधर और इसके सीक्वेंस में पूर्वांचल के एक चर्चित माफिया डॉन के किरदार और उसके पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई तथा आतंकी संगठनों के साथ संबंधों को परदे पर दिखाया गया है। यह किसी से छिपा नहीं है कि उक्त माफिया राजनेता अतीत में समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा तक पहुंच चुका था। राजनीतिक विरोधियों ने इस सिनेमैटिक प्लॉट का इस्तेमाल तुरंत समाजवादी पार्टी को घेरने के लिए हथियार के रूप में करना शुरू कर दिया। राजधानी लखनऊ की सड़कों पर लगे उन पोस्टरों और विज्ञापनों ने आग में घी का काम किया, जिनमें सपा के पुराने शासनकाल की तुलना फिल्म के काल्पनिक और अराजक 'राज' से कर दी गई। जब किसी दल के पूरे राजनीतिक अतीत, उसकी कार्यप्रणाली और पुराने दौर के दागों को बड़े परदे के जरिए जनमानस के बीच इस तरह परोसा जाए कि सीधा संबंध किसी खास दल से जुड़े होने का आभास हो, तो दल के मुखिया के लिए उस पर प्रतिक्रिया देना राजनीतिक मजबूरी बन जाता है।

अखिलेश यादव का यह आक्रामक रुख महज एक फिल्म तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत भाजपा सरकार पर विपक्षियों की छवि धूमिल करने के लिए सरकारी तंत्र और संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया जाता रहा है। अखिलेश ने यह सवाल उठाकर कि इस तरह के फिल्म निर्माण में भारी-भरकम पैसा कहां से आ रहा है और कौन लोग इसके पीछे हैं, एक तीर से कई निशाने साधे हैं। उनका यह बयान इस बात का प्रतीक है कि समाजवादी पार्टी अब वैचारिक और सांस्कृतिक मोर्चे पर भी आक्रामक तेवर अपनाने से पीछे नहीं हटेगी। जब राजधानी में विपक्षी खेमे द्वारा लगातार ऐसे पोस्टर चस्पा किए जाएं जो पार्टी के पुराने शासनकाल को अपराध और अंडरवर्ल्ड के गठजोड़ के रूप में चित्रित करें, तो पार्टी अध्यक्ष के तौर पर अखिलेश यादव के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह इन हमलों को सिर्फ जुबानी जमाखर्च से न टालें, बल्कि भविष्य की सत्ता का विश्वास दिलाकर अपने कार्यकताओं का मनोबल ऊंचा रखें और विरोधियों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दें।

सरकार बनने पर फिल्म निर्माण और इसके वित्तपोषण की जांच कराए जाने की बात कहकर अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के समर्थकों और कैडर को भी एक कड़ा संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में जातिगत समीकरणों, कानून-व्यवस्था के मुद्दों और ब्राह्मणों के उत्पीड़न जैसे अन्य समकालीन मुद्दों के बीच, 'धुरंधर' जैसी फिल्मों के जरिए बन रहे नैरेटिव को काउंटर करना समाजवादी पार्टी के लिए अस्तित्व की लड़ाई जैसा बन गया है। अखिलेश भली-भांति समझते हैं कि यदि जनता के बीच इस प्रोपेगेंडा का माकूल जवाब समय रहते नहीं दिया गया, तो यह उनकी पार्टी की सेक्युलर और प्रगतिशील छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। यही कारण है कि उन्होंने आक्रामक रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि सत्ता परिवर्तन होने पर केवल वर्तमान नीतियां ही नहीं, बल्कि इस प्रकार के राजनीतिक छद्म युद्धों और उनके वित्तीय स्रोतों की परतों को भी कानूनी दायरे में बेनकाब किया जाएगा।



अजय कुमार

# पैसे पहुंचे, बेटियां नहीं पिता की अंतिम विदाई ने रिश्तों पर उठाए सवाल



संजय सक्सेना

कुछ घटनाएं सिर्फ खबर नहीं होतीं, बल्कि समाज के सामने एक आईना बनकर खड़ी हो जाती हैं। हरियाणा के सोनीपत से सामने आया 74 वर्षीय शिवचरण रामरतन गुप्ता का मामला भी ऐसी ही एक घटना है, जिसने परिवार, रिश्तों और बुजुर्गों की स्थिति को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस पिता ने अपनी पूरी जिंदगी अपनी तीन बेटियों की परवरिश, पढ़ाई और बेहतर भविष्य के लिए लगा दी, उसी पिता की आखिरी विदाई के समय बेटियां उनके पास नहीं पहुंच सकीं। अंतिम संस्कार वृद्धाश्रम के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने किया, जबकि बेटियों ने वीडियो कॉल के जरिए अपने पिता की अंतिम यात्रा देखी।सोनीपत के वेस्ट राम नगर स्थित वृद्धाश्रम में रहने वाले शिवचरण गुप्ता कभी कपड़ा कारोबार से जुड़े सफल व्यापारी थे। उन्होंने अपनी जिंदगी में संघर्ष किया, परिवार को संभाला और अपनी तीनों बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाई। उनके लिए बेटियां कभी बेटे से कम नहीं रहीं। उन्होंने बेटियों को आत्मनिर्भर बनाया, उन्हें आगे बढ़ने के मौके दिए। उनकी दो बेटियां शिक्षिका बनीं और अपने-अपने जीवन में आगे बढ़ीं।लेकिन उम्र के आखिरी पड़ाव पर जब शिवचरण गुप्ता को अपने परिवार और बेटियों के साथ की सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब हालात बिल्कुल अलग नजर आए। बताया जाता है कि करीब 20 दिन पहले ही वृद्धाश्रम प्रबंधन ने उनकी तीनों बेटियों को पिता की बिगड़ती तबीयत की जानकारी दे दी थी। उन्हें बताया गया था कि शिवचरण गुप्ता बीमार हैं और उनकी हालत गंभीर है। वह अपनी बेटियों से मिलना चाहते थे, लेकिन कोई भी बेटी उनसे मिलने नहीं पहुंची।शिवचरण गुप्ता अपनी पत्नी के साथ वृद्धाश्रम में रहने आए थे। पत्नी के निधन के बाद वह पूरी तरह अकेले हो गए थे। उम्र, बीमारी और अकेलेपन के बीच उनका सबसे बड़ा सहारा उनकी बेटियों की आवाज थी। वृद्धाश्रम प्रबंधन के अनुसार, पहले वह फोन के जरिए बेटियों से बातचीत किया करते थे, लेकिन धीरे-धीरे बातचीत भी कम होती गई।

मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद शिवचरण गुप्ता ने अंतिम सांस ली। उनकी मौत की सूचना बेटियों को दी गई। वृद्धाश्रम की ओर से कहा गया कि अगर बेटियां आना चाहती हैं तो अंतिम संस्कार कुछ समय के लिए रोका जा सकता है, लेकिन बेटियों की ओर से आने की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद वृद्धाश्रम प्रबंधन ने स्थानीय लोगों की मदद से अंतिम संस्कार कराने का फैसला किया जानकारी के मुताबिक, शिवचरण गुप्ता की बड़ी बेटी अनिता नेपाल में रहती हैं और शिक्षिका हैं। दूसरी बेटी निशा उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में रहती हैं, जबकि तीसरी बेटी प्रिया मुंबई में रहती हैं। तीनों बेटियां अपने-अपने परिवारों में व्यस्त थीं। पिता की मौत के बाद भी वे सोनीपत नहीं पहुंचीं। उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए अंतिम संस्कार की पूरी प्रक्रिया देखी।अंतिम संस्कार के लिए बेटियों की ओर से 5100 रुपये भेजे गए और कहा गया कि पिता का अंतिम संस्कार विधि-विधान से किया जाए। बाद में अस्थियों को लेकर भी बेटियों ने आने में असमर्थता जताई और वृद्धाश्रम प्रबंधन से उन्हें गंगा में प्रवाहित करने का अनुरोध किया।यह घटना सिर्फ एक परिवार की कहानी नहीं है। यह उस बदलते सामाजिक ढांचे की तस्वीर है, जहां रिश्तों की परिभाषा तेजी से बदल रही है। पहले संयुक्त परिवारों में बुजुर्ग घर के सबसे सम्मानित सदस्य हुआ करते थे। परिवार के छोटे-बड़े फैसलों में उनकी भूमिका होती थी। लेकिन बदलते समय में रोजगार, शहरों की दूरी और छोटी होती पारिवारिक संरचना ने बुजुर्गों की जिंदगी को काफी प्रभावित किया है।

भारत में बुजुर्गों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आंकड़ों के अनुसार, आने वाले वर्षों में देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ने वाली है। अनुमान है कि वर्ष 2036 तक भारत में 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की संख्या करीब 23 करोड़ तक पहुंच सकती है। यानी देश की लगभग हर सातवीं आबादी बुजुर्ग वर्ग में होगी। ऐसे में बुजुर्गों की देखभाल और उनका भावनात्मक सहारा समाज के सामने बड़ी चुनौती बनने वाला है।बुजुर्गों की समस्या सिर्फ पैसे या रहने की जगह की नहीं होती। सबसे बड़ी जरूरत होती है अपनापन, बातचीत और परिवार का साथ। कई बुजुर्गों के पास आर्थिक सुविधाएं होती हैं, लेकिन उनके पास अपना कहने वाला कोई नहीं होता। उम्र के इस पड़ाव पर उन्हें महंगे इलाज से ज्यादा अपनों का समय और प्यार चाहिए होता है।शिवचरण गुप्ता की कहानी में सबसे दर्दनाक पहलू यही है कि जिस पिता ने अपनी बेटियों के सपनों को पूरा करने के लिए पूरी जिंदगी लगा दी, उनकी आखिरी इच्छा सिर्फ इतनी थी कि वह अपनी बेटियों को आखिरी बार देख सकें। लेकिन यह इच्छा अधूरी रह गई।हालांकि इस घटना का एक मानवीय पहलू भी सामने आया। जब परिवार के लोग दूर थे, तब वृद्धाश्रम के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने इंसानियत का परिचय दिया। उन्होंने शिवचरण गुप्ता को सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। उन्होंने वह जिम्मेदारी निभाई जो अक्सर परिवार के लोग निभाते हैं।शिवचरण गुप्ता की आंखें भी दान की गईं। यानी उनकी मृत्यु के बाद भी उनकी आंखें किसी जरूरतमंद इंसान की जिंदगी में रोशनी ला सकती हैं। यह कदम बताता है कि एक इंसान का जीवन खत्म होने के बाद भी उसकी सोच और संवेदनाएं समाज के काम आ सकती हैं।सोनीपत की यह घटना आज के समाज से एक गंभीर सवाल पूछती है। क्या आधुनिक जिंदगी की भागदौड़ में रिश्ते कमजोर होते जा रहे हैं? क्या सफलता और व्यस्तता के बीच हम अपने बुजुर्गों को समय देना भूल रहे हैं? तकनीक ने हमें दूर बैठे लोगों से जोड़ दिया है, लेकिन क्या वह उस भावनात्मक साथ की जगह ले सकती है जो किसी अपने की मौजूदगी से मिलता है?वीडियो कॉल पर किसी की अंतिम विदाई देखना आसान हो सकता है, लेकिन अंतिम समय में हाथ पकड़कर बैठना, आंखों के सामने विदा करना और अपनेपन का एहसास देना किसी भी तकनीक से संभव नहीं है। शिवचरण रामरतन गुप्ता की कहानी सिर्फ एक पिता की अधूरी इच्छा नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है कि रिश्तों को सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संवेदना की भी जरूरत होती है। जिंदगी की दौड़ में आगे बढ़ते हुए अगर हम अपने बुजुर्गों का हाथ छोड़ देंगे, तो आने वाली पीढ़ियां भी यही सवाल हमारे सामने खड़ा कर सकती हैं।

# अमेरिका में इंडिया डे: भारतीय प्रतिभा और परिश्रम का वैश्विक सम्मान

अमेरिकी राज्य मैसाचुसेट्स द्वारा 15 अगस्त को ह्यइंडिया डेह्न घोषित किया जाना महज एक प्रतीकात्मक घटना नहीं है, बल्कि यह व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्र में भारतीय समुदाय के विशेष योगदान को दी गई एक बड़ी आधिकारिक मान्यता है। यह घोषणा इस बात का प्रमाण है कि स्वतंत्रता दिवस का जश्न अब केवल भारतीयों की भावनाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक प्रमुख अमेरिकी राज्य द्वारा भारतीयों की अनवरत मेहनत और असाधारण प्रतिभा के प्रति प्रकट किया गया गहरा सम्मान भी है।

अमेरिका को लंबे समय से अवसरों की भूमि कहा जाता रहा है। दुनिया के लगभग हर हिस्से से लोग एक बेहतर भविष्य की तलाश में वहां पहुंचे और अपनी कड़ी मेहनत तथा बौद्धिक क्षमता से उस महान राष्ट्र की प्रगति में समान भागीदार बने। इन्हीं तमाम प्रवासी समुदायों के बीच भारतीय मूल के अमेरिकी आज सबसे प्रभावशाली और सम्मानित समूहों में गिने जाते हैं। उनकी आबादी अमेरिका की कुल जनसंख्या का केवल डेढ़ प्रतिशत के आसपास है, लेकिन जब बात अर्थव्यवस्था, विज्ञान, चिकित्सा, अत्याधुनिक तकनीक, शिक्षा, उद्यमिता और राजनीति की आती है, तो उनका प्रभाव उनकी संख्या के अनुपात से कहीं अधिक विशाल और स्पष्ट दिखाई देता है। यह स्थिति केवल कुछ व्यक्तियों की आर्थिक सफलता की कहानी भर नहीं है। यह इस तथ्य का एक जीवंत प्रमाण है कि शिक्षा, अथक परिश्रम और निरंतर नवाचार किसी भी समाज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखते हैं।

भारतीय मूल के लोगों का अमेरिका की ओर रुख करना कोई नई परिघटना नहीं है। बीसवीं शताब्दी के शुरूआती दशकों में भी कुछ भारतीय वहां पहुंचे थे, लेकिन इस दिशा में वास्तविक और बड़ा बदलाव साल 1965 के बाद देखने को मिला, जब अमेरिका ने अपने आव्रजन कानूनों में ऐतिहासिक संशोधन किए। इन बदलावों के बाद बड़ी संख्या में भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक, प्रोफेसर और अन्य उच्च शिक्षित पेशेवर अमेरिका की धरती पर पहुंचे। समय बीतने के साथ उनकी दूसरी और तीसरी पीढ़ी भी वहीं पली बढ़ी और उस नई पीढ़ी ने अमेरिकी समाज के लगभग हर महत्वपूर्ण क्षेत्र में अपनी एक अलग और विशिष्ट पहचान स्थापित की।

आज के समय में भारतीय मूल के लोगों की आबादी पचास लाख के करीब मानी जाती है और यह समुदाय अमेरिका के सबसे शिक्षित तथा सर्वाधिक आय अर्जित करने वाले गिने चुने समुदायों में शीर्ष पर विराजमान है। भारतीय अमेरिकी समुदाय की इस अपार सफलता की सबसे बड़ी और मूल शक्ति उनकी शिक्षा के प्रति गहरी निष्ठा है। उच्च शिक्षा और पेशेवर डिग्रियां प्राप्त करने वाले भारतीयों का अनुपात अन्य तमाम प्रवासी समुदायों की तुलना में बहुत अधिक है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, वित्त, कानून और गहन अनुसंधान जैसे जटिल क्षेत्रों में भारतीयों ने उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं और यही मुख्य कारण है कि उनकी औसत घरेलू आय अमेरिका की राष्ट्रीय औसत आय के आंकड़े से काफी ऊपर है। यह शानदार आर्थिक सफलता केवल व्यक्तिगत समृद्धि के दायरे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारी मात्रा में कर भुगतान, निवेश, उपभोग और नए रोजगार सृजन के माध्यम से यह सीधे तौर पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को एक बहुत मजबूत आधार प्रदान करती है।

भारतीय अमेरिकी केवल बड़े पदों पर नौकरी करने या कॉर्पोरेट जगत में उच्च वेतन प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं रहे हैं। उन्होंने उद्यमिता और व्यापार के क्षेत्र में भी दुनिया को अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। अमेरिका के विशाल होटल और मोटल उद्योग में भारतीय मूल के उद्यमियों की एक बेहद मजबूत और स्पष्ट उपस्थिति है। इस क्षेत्र में विशेष रूप से गुजराती समुदाय ने असाधारण सफलता हासिल कर एक मिसाल कायम की है। आज अमेरिका में हजारों होटल और मोटल भारतीय परिवारों द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से वहां के लाखों स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। इसी तरह सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स, वित्तीय सेवाओं और उभरते हुए स्टार्टअप जगत में भी भारतीय उद्यमियों ने अनेक सफल कंपनियों की नींव रखी है। इन कंपनियों ने न केवल अमेरिका की अर्थव्यवस्था को एक नई गति दी है, बल्कि पूरे विश्व में नवाचार और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी बढ़ावा दिया है।

अगर स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें, तो वहां भी भारतीय मूल के डॉक्टरों और चिकित्सा विशेषज्ञों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और जीवनदायी रहा है। अमेरिका के बड़े अस्पतालों, चिकित्सा संस्थानों और उन्नत शोध केंद्रों में आज हजारों भारतीय डॉक्टर अपनी निस्वार्थ सेवाएं दे रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार अमेरिका में कार्यरत प्रत्येक दस डॉक्टरों में से लगभग एक डॉक्टर भारतीय मूल का होता है। हाल ही में जब पूरी दुनिया कोविड महामारी के गंभीर संकट से जूझ रही थी, तब भारतीय मूल के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अग्रिम पंक्ति में खड़े रहकर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी विशेषज्ञता और कार्य के प्रति समर्पण ने पूरी दुनिया को यह दिखा दिया कि भारतीय समुदाय केवल आर्थिक सफलता अर्जित करने में ही नहीं, बल्कि मानवीय सेवा और परोपकार के क्षेत्र में भी सबसे आगे खड़ा रहता है।

तकनीकी जगत और डिजिटल दुनिया में तो भारतीय अमेरिकी समुदाय का प्रभाव और भी अधिक चकित करने वाला है। आज दुनिया की सबसे बड़ी और प्रभावशाली तकनीकी कंपनियों का नेतृत्व भारतीय मूल के अधिकारियों के सुरक्षित हाथों में है। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के प्रमुख सुंदर पिचाई, माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्य नडेला, आईबीएम के प्रमुख अरविंद कृष्णा और एडोबी के प्रमुख शांतनु नारायण जैसे नाम आज वैश्विक नेतृत्व और नवोन्मेष के प्रतीक बन चुके हैं। इन दिग्गज नेताओं ने यह भली भांति सिद्ध कर दिया है कि सच्ची प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता किसी भी भौगोलिक सीमा या राष्ट्रीयता की मोहताज नहीं होती। उन्होंने तकनीकी नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग और पूरे विश्व के डिजिटल परिवर्तन के क्षेत्र में एक नई वैश्विक दिशा निर्धारित करने में सबसे अहम भूमिका निभाई है। सिलिकॉन वैली जिसे पूरी दुनिया का सबसे बड़ा तकनीकी केंद्र माना जाता है, वहां भारतीय इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की उपस्थिति के बिना किसी भी बड़े प्रोजेक्ट की कल्पना करना मुश्किल है। इसके साथ ही कई भारतीय वैज्ञानिक नासा जैसे अंतरिक्ष संस्थानों, प्रमुख विश्वविद्यालयों और रक्षा अनुसंधान केंद्रों में अति महत्वपूर्ण परियोजनाओं का नेतृत्व कर रहे हैं।

शिक्षा और अकादमिक अनुसंधान के क्षेत्र में भी भारतीय अमेरिकी समुदाय की भूमिका बहुत ही गौरवशाली रही है। अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय, एमआईटी, स्टैनफोर्ड और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भारतीय छात्र, प्रोफेसर और शोधकर्ता बहुत बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। इन विद्वानों ने विज्ञान, गणित, कंप्यूटर विज्ञान और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कई नई और युगांतरकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके अलावा भारतीय समुदाय का प्रभाव अब केवल शिक्षा और तकनीक के दायरे से बाहर निकलकर अमेरिकी राजनीति में भी मजबूती से दिखाई देने लगा है। कमला हैरिस का अमेरिका की उपराष्ट्रपति के पद तक पहुंचना भारतीय मूल के समुदाय के लिए एक बहुत ही ऐतिहासिक और गर्व करने वाली उपलब्धि रही है। इसके साथ ही कई भारतीय मूल के सांसद अमेरिकी कांग्रेस में बहुत सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और निक्की हेली या विवेक रामास्वामी जैसे नेताओं ने राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होकर यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय मूल के नागरिक अब अमेरिकी राजनीति की मुख्यधारा के नेतृत्व का एक अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। प्रशासनिक व्यवस्था, न्यायपालिका और विभिन्न नीति निर्माण संस्थाओं में भी भारतीय मूल के विशेषज्ञों की निरंतर बढ़ती संख्या यह साबित करती है कि उन्होंने अमेरिका में केवल धन ही नहीं, बल्कि वहां के समाज का गहरा विश्वास और सम्मान भी अर्जित किया है।

इस पूरी सफलता के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू भारतीय समुदाय की अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेज कर रखना भी है। भारतीय अमेरिकियों ने अपने त्योहारों, भाषाओं, पारंपरिक संगीत, नृत्य, योग, आयुर्वेद और अपने सुदृढ़ पारिवारिक मूल्यों को सात समंदर पार भी पूरी तरह से जीवित रखा हुआ है। आज दीपावली, होली और स्वतंत्रता दिवस जैसे उत्सव केवल भारतीय समुदाय के घरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अमेरिकी समाज के अन्य तमाम वर्ग भी पूरे उत्साह के साथ इनमें भाग लेने लगे हैं। यह सांस्कृतिक स्वीकार्यता विश्व पटल पर भारत की बढ़ती हुई सॉफ्ट पावर का एक बहुत बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है।

मैसाचुसेट्स राज्य द्वारा 15 अगस्त को इंडिया डे घोषित किया जाना इसी गहरे सांस्कृतिक और सामाजिक प्रभाव का एक बहुत ही सुंदर परिणाम है। हार्वर्ड और एमआईटी जैसे संस्थानों वाले इस राज्य में यह घोषणा केवल एक सांकेतिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह उस दीर्घकालिक और बहुमूल्य योगदान की सार्वजनिक स्वीकृति है जिसने पूरे अमेरिका के विकास में अपनी एक बहुत ही अमिट छाप छोड़ी है। भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष विज्ञान, और हरित ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों में भी भारतीय मूल के विशेषज्ञों का यह प्रभाव और अधिक बढ़ने की प्रबल संभावना है। अंततः यह कहानी केवल प्रवासियों की सफलता की नहीं है, बल्कि यह कड़े परिश्रम, गहरे सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक स्तर पर मिले अवसरों के बेहतरीन समन्वय की वह प्रेरणादायक दास्तान है जो यह साबित करती है कि भारतीय प्रतिभा पूरे विश्व को एक नई दिशा देने में पूरी तरह से सक्षम है।



महेन्द्र तिवारी

# हरित ईंधन की त्रिशक्ति : ईवी, हाइड्रोजन और फ्लेक्स फ्यूल से बदलेगा भारत

विश्व तेजी से ऊर्जा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। एक समय था जब कोयले से चलने वाले भाप इंजन आधुनिकता का प्रतीक माने जाते थे। इसके बाद पेट्रोल और डीजल ने परिवहन व्यवस्था में क्रांति ला दी। बीसवीं और इक्कीसवीं सदी का अधिकांश विकास इन्हीं जीवाश्म ईंधनों के सहारे हुआ। लेकिन अब परिस्थितियां बदल रही हैं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रदूषण, जीवाश्म ईंधनों के सीमित भंडार और ऊर्जा आयात पर बढ़ती निर्भरता ने दुनिया को नए विकल्प तलाशने के लिए मजबूर कर दिया है। यही कारण है कि आज इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन आधारित परिवहन और फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक सबसे अधिक चर्चा में हैं। भारत भी इस वैश्विक परिवर्तन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनता जा रहा है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश है। देश अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। हर वर्ष अरबों डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद पर खर्च होता है। ऐसे में यदि परिवहन क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग बढ़ता है तो इसका सीधा लाभ देश की अर्थव्यवस्था को मिल सकता है। यही कारण है कि केंद्र सरकार लगातार इलेक्ट्रिक वाहनों, एथेनॉल मिश्रण और ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा दे रही है।

पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। पहले जहां ईवी केवल प्रयोगात्मक तकनीक मानी जाती थी, वहीं आज दोपहिया, तिपहिया, कारों और बसों तक में इसका उपयोग बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इनके संचालन के दौरान धुआं नहीं निकलता, जिससे शहरी प्रदूषण कम करने में सहायता मिलती है। पेट्रोल और डीजल की तुलना में इनका संचालन खर्च भी कम होता है। इसके अलावा रखरखाव की लागत अपेक्षाकृत कम होने के कारण लंबे समय में उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ मिल सकता है। हालांकि इलेक्ट्रिक वाहनों के सामने कई चुनौतियां भी हैं। चार्जिंग स्टेशनों का सीमित नेटवर्क, बैटरी की ऊंची कीमत, चार्जिंग में लगने वाला समय तथा बैटरियों के निर्माण में प्रयुक्त लिथियम और अन्य खनिजों की उपलब्धता बड़े प्रश्न बने हुए हैं। भारत अभी भी बैटरी निर्माण के लिए आवश्यक कई संसाधनों के मामले में विदेशी देशों पर निर्भर है। इसलिए विशेषज्ञ मानते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहन भविष्य का महत्वपूर्ण हिस्सा तो होंगे, लेकिन वे अकेले पूरे परिवहन क्षेत्र की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाएंगे। यहीं से हाइड्रोजन तकनीक की चर्चा शुरू होती है। वर्तमान समय में दुनिया के कई विकसित देश हाइड्रोजन आधारित परिवहन व्यवस्था पर तेजी से काम कर रहे हैं। हाइड्रोजन को भविष्य का स्वच्छ ईंधन कहा जा रहा है क्योंकि इसके उपयोग से कार्बन उत्सर्जन लगभग नगण्य होता है। यदि ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग किया जाए तो पर्यावरणीय लाभ और भी अधिक बढ़ जाते हैं। भारत सरकार ने भी राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन शुरू किया है और रेलवे सहित कई क्षेत्रों में इसके उपयोग की संभावनाओं पर काम किया जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि लंबी दूरी की रेल सेवाओं तथा भारी मालवाहक वाहनों के लिए हाइड्रोजन बैटरी आधारित तकनीक से अधिक प्रभावी साबित हो सकती है। रेलवे के क्षेत्र में हाइड्रोजन ट्रेनों को भविष्य की दिशा माना जा रहा है। इन ट्रेनों से प्रदूषण में भारी कमी आ सकती है और डीजल आधारित इंजनों पर निर्भरता घट सकती है। हालांकि हाइड्रोजन तकनीक अभी प्रारंभिक अवस्था में है। इसके उत्पादन, भंडारण और परिवहन की लागत काफी अधिक है। हाइड्रोजन अत्यंत ज्वलनशील गैस होने के कारण सुरक्षा संबंधी चुनौतियां भी मौजूद हैं। इसलिए निकट भविष्य में इसका व्यापक उपयोग होने की संभावना कम है, लेकिन अगले दो दशकों में यह परिवहन क्षेत्र की तस्वीर बदल सकता है।

इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन तकनीक के बीच एक तीसरा विकल्प भी तेजी से उभर रहा है, जिसे फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक कहा जाता है। फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ऐसे वाहन होते हैं जो पेट्रोल और एथेनॉल के विभिन्न अनुपात वाले मिश्रणों पर चल सकते हैं। भारत ने एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कुछ वर्ष पहले जहां पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण बहुत कम था, वहीं अब यह लगातार बढ़ रहा है और सरकार उच्च एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधनों को प्रोत्साहित कर रही है।

फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक का सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह किसानों और ऊर्जा सुरक्षा दोनों के लिए लाभकारी हो सकती है। एथेनॉल का उत्पादन मुख्य रूप से गन्ने, मक्का तथा अन्य कृषि उत्पादों से किया जाता है। यदि एथेनॉल की मांग बढ़ती है तो किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की संभावना बढ़ेगी। साथ ही पेट्रोल आयात पर निर्भरता कम होगी। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। हालांकि फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक को लेकर भी कई सवाल उठते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि अत्यधिक एथेनॉल उपयोग से खाद्यान्न उत्पादन और ईंधन उत्पादन के बीच संतुलन की चुनौती उत्पन्न हो सकती है। इसके अतिरिक्त उच्च एथेनॉल मिश्रण के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए इंजनों की आवश्यकता होती है। पुराने वाहनों में इसका उपयोग सीमित हो सकता है। फिर भी यह तकनीक अपेक्षाकृत कम लागत पर लागू की जा सकती है और निकट भविष्य में भारत के लिए एक व्यवहारिक विकल्प बन सकती है।

आज सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या पेट्रोल और डीजल का युग समाप्त होने वाला है? इसका उत्तर इतना सरल नहीं है। वास्तविकता यह है कि आने वाले वर्षों में पेट्रोल और डीजल पूरी तरह समाप्त नहीं होंगे। दुनिया भर में करोड़ों वाहन अभी भी पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर हैं और इनकी जगह लेने में लंबा समय लगेगा। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि इनका एकाधिकार धीरे-धीरे कमजोर होगा। परिवहन क्षेत्र बहु-ईंधन व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जहां अलग-अलग आवश्यकताओं के अनुसार विभिन्न तकनीकों का उपयोग होगा।

संभव है कि शहरों में छोटी दूरी के लिए इलेक्ट्रिक वाहन सबसे अधिक लोकप्रिय हो जाएं। भारी ट्रकों, लंबी दूरी के माल परिवहन और रेलवे में हाइड्रोजन की भूमिका बढ़े। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों और कृषि अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में फ्लेक्स-फ्यूल वाहन अधिक उपयोगी सिद्ध हों। इसका अर्थ यह है कि भविष्य किसी एक तकनीक का नहीं बल्कि अनेक तकनीकों के सह-अस्तित्व का होगा।

भारत के लिए यह परिवर्तन केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि आर्थिक और रणनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि देश तेल आयात पर अपनी निर्भरता कम करने में सफल होता है तो इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया आधार मिलेगा। यही कारण है कि सरकार एक साथ इलेक्ट्रिक वाहन, एथेनॉल और ग्रीन हाइड्रोजन तीनों क्षेत्रों में निवेश और नीतिगत समर्थन दे रही है।

परिवहन क्षेत्र में यह परिवर्तन उसी प्रकार का हो सकता है जैसा कभी बैलगाड़ी से मोटरगाड़ी तक की यात्रा थी। अंतर केवल इतना है कि इस बार परिवर्तन की गति कहीं अधिक तेज है। तकनीकी विकास, पर्यावरणीय दबाव और आर्थिक आवश्यकताएं मिलकर दुनिया को नई दिशा दे रही हैं। आने वाले वर्षों में सड़कों पर दौड़ते वाहन, रेलवे की पटरियों पर चलती ट्रेनें और उद्योगों में प्रयुक्त ऊर्जा के स्रोत आज से काफी अलग दिखाई दे सकते हैं।

इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ट्रेन और फ्लेक्स-फ्यूल का युग दस्तक दे चुका है। भले ही यह परिवर्तन एक झटके में न आए, लेकिन इसके संकेत स्पष्ट दिखाई देने लगे हैं। भारत के सामने चुनौती यह नहीं है कि कौन-सी तकनीक को चुना जाए, बल्कि यह है कि इन सभी विकल्पों का संतुलित और व्यावहारिक उपयोग करके देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता, स्वच्छ पर्यावरण और टिकाऊ विकास की दिशा में कैसे आगे बढ़ाया जाए। यही आने वाले भारत की सबसे बड़ी परिवहन क्रांति साबित हो सकती है।

एडवोकेट, जयदेव राठी

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# 210 रुपये में मिलेगा खेल प्रशिक्षण, पथिक स्टेडियम आमजन के लिए खुलेगा

## जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक में फैसला, सरकारी स्कूलों के बच्चों को रोस्टर बनाकर दिया जाएगा प्रशिक्षण; विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी होंगी आयोजित

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। 06 अगस्त 2026: जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को एनआईसी सभागार में आयोजित जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक में तय किया गया कि लंबे समय से बंद पड़े शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम, ग्रेटर नोएडा को आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त कर जनपदवासियों के लिए पुनः संचालित किया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पथिक स्टेडियम में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की ओर से प्रशिक्षकों की व्यवस्था कर फुटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, स्क्वैश, टेबल टेनिस, क्रिकेट, स्केटिंग और शतरंज सहित विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण शिविर चलाए जाएंगे।

### 18 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए वार्षिक शुल्क 210 रुपये

जनहित में समिति ने मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम की व्यवस्था के अनुरूप पथिक स्टेडियम में 18 वर्ष तक के खिलाड़ियों के लिए पूरे वित्तीय वर्ष का सदस्यता



शुल्क मात्र 210 रुपये निर्धारित करने का निर्णय लिया है। वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों के लिए पहले माह 310 रुपये और इसके बाद प्रत्येक माह 200 रुपये सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है।

### सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलेगा प्रशिक्षण

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि जनपद के विद्यालयों के अनुदेशकों और छात्र-छात्राओं का रोस्टर तैयार कर उन्हें नियमित रूप से पथिक स्टेडियम की खेल गतिविधियों में शामिल कराया जाए। इसके अलावा जनपद स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी स्टेडियम में कराने का निर्णय लिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोचिंग शिविर तब तक संचालित किए जाएंगे, जब तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अपने स्तर से खेल गतिविधियों का संचालन शुरू नहीं कर देता। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है।

### नामचीन खिलाड़ियों से कराया जाएगा संवाद

बैठक में समय-समय पर ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों को पथिक स्टेडियम में बुलाकर युवा खिलाड़ियों से संवाद कराने के निर्देश भी दिए गए। इससे खिलाड़ियों को प्रेरणा और मार्गदर्शन मिलने के साथ उनमें खेलों के प्रति उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित होगी।

जिला पंचायत प्रशासक अमित कुमार ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि नाममात्र शुल्क पर प्रशिक्षण सुविधा मिलने से गरीब और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### खेल सुविधाओं के विकास पर भी मुहर

प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली की ओर से प्रस्तुत विभिन्न प्रस्तावों को समिति ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। इनमें बास्केटबॉल, कबड्डी और नेटबॉल कोर्ट में जल निकासी की व्यवस्था, मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में इंटरलॉकिंग कार्य, ग्राम सोरखा स्थित कुश्ती अखाड़े को कवर करने, मिनी जिम की स्थापना, स्टेडियम के हॉलों की मरम्मत, जिम में आवश्यक संसाधन, मैदानों का विकास एवं मार्किंग, जिम और बॉक्सिंग हॉल में एग्जॉस्ट पंखे लगाने सहित कई कार्य शामिल हैं।

इसके अलावा घास काटने वाली मशीन की मरम्मत, ओपन जिम के चारों ओर रेलिंग, विद्युत कार्यों के लिए इलेक्ट्रीशियन की व्यवस्था समेत अन्य कार्य भी कराए जाएंगे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, विधायक दादरी प्रतिनिधि योगेश सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह, उप जिलाधिकारी एवं समिति के सचिव अरविंद मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रशेखर, पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मंजीत सिंह, अमृता चौधरी, शिवेंद्र सिंह, पथिक स्टेडियम के प्रबंधक हरे कृष्णा, सुनील शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# इंडिया एक्सपो मार्ट में 11 से 13 अगस्त तक होगा इंडिया बायोएनर्जी एंड टेक एक्सपो-2026

*15 हजार से अधिक व्यावसायिक आगंतुकों के पहुंचने की संभावना, सुरक्षा-यातायात से लेकर अतिथि प्रबंधन तक की तैयारियों की समीक्षा*

समाज जागरण संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। 06 अगस्त 2026 ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 11 से 13 अगस्त तक इंडिया बायोएनर्जी एंड टेक एक्सपो-2026 का आयोजन होगा। आयोजन में देश-विदेश के प्रतिनिधियों, उद्योग विशेषज्ञों, निवेशकों, नीति-निमार्ताओं और गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।



इसी क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को इंडिया एक्सपो मार्ट में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, अग्निशमन, कानून-व्यवस्था, वीवीआईपी आवागमन और अतिथि प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की गई।

### समयबद्ध तरीके से पूरी हों तैयारियां

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में देश-विदेश से प्रतिनिधियों के आने की संभावना है, इसलिए सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता की और सुव्यवस्थित होनी चाहिए। यातायात संचालन, पार्किंग, सुरक्षा, स्वच्छता, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अतिथियों और प्रतिनिधियों के लिए बेहतर समन्वय एवं आतिथ्य व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया गया।

### जैव ऊर्जा के भविष्य पर होगा मंथन

आयोजन के पहले दिन प्रदर्शनी का शुभारंभ तथा जैव ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न तकनीकी और नीतिगत सत्र होंगे। 12 अगस्त को मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की गोलमेज बैठक, राज्य सरकारों के विशेष सत्र, निवेश एवं उद्योग सहयोग समेत कई विषयों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में संपीड़ित जैव गैस (सीबीजी), एथेनॉल, जैव डीजल, टिकाऊ विमानन ईंधन, हरित हाइड्रोजन, कचरे से ऊर्जा, जैव द्रव्य, कार्बन बाजार और नई तकनीकों पर विशेषज्ञ विचार-विमर्श करेंगे।

### 'कम कार्बन वाली दुनिया के लिए जैव ऊर्जा समाधान' पर जोर

इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी और एमएम एक्टिव साई-टेक कम्युनिकेशंस की ओर से उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण के सहयोग से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्देश्य 'कम कार्बन वाली दुनिया के लिए जैव ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाना' है। आयोजन में अत्याधुनिक तकनीकों और नवाचारों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। समापन सत्र में भविष्य की कार्ययोजना, निवेश साझेदारी और उद्योग-सरकार समन्वय के साथ जैव ऊर्जा क्षेत्र की नई संभावनाओं पर चर्चा होगी।

### वीवीआईपी आवागमन को लेकर भी पुख्ता व्यवस्था

बैठक में प्रस्तावित वीवीआईपी आवागमन को लेकर भी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने के निर्देश दिए गए। बैठक में यूपीनेडा के निदेशक रविंद्र सिंह, इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी के महानिदेशक संजय गंजू, अपर पुलिस आयुक्त राजीव नारायण मिश्र सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# पुलिस कस्टडी रिमांड में आई गांजा तस्कर से 23.4 किलो गांजा बरामद

सेक्टर-8 की खंडहरनुमा इमारत से बरामद हुआ गांजा, कीमत करीब 3.50 लाख रुपये




समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 06 अगस्त 2026: थाना फेस-1 पुलिस ने पुलिस कस्टडी रिमांड पर आई गांजा तस्करी की आरोपी हेमा की निशानदेही पर सेक्टर-8 स्थित एक खंडहरनुमा इमारत से 23 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 3.50 लाख रुपये है।

पुलिस के मुताबिक हेमा थाना फेस-1 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में वांछित थी और उसने 29 जुलाई को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। पूछताछ में उसने लंबे समय से गांजा तस्करी करने तथा दिल्ली से बड़ी मात्रा में गांजा मंगाने की बात बताई। पुलिस के अनुसार मामले में उसके दो अन्य साथी पहले ही गांजे के साथ गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में कार्रवाई जारी है।

# जिला पुस्तकालय बनेगा आधुनिक ज्ञान केंद्र, विद्यार्थियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। 06 अगस्त 2026: जिला पुस्तकालय को विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों, शोधार्थियों और आम नागरिकों के लिए आधुनिक एवं उपयोगी ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को एनआईसी सभागार में हुई जिला पुस्तकालय समिति की समीक्षा बैठक में पुस्तकालय की वर्तमान स्थिति, पुस्तकों, पाठक पंजीकरण, आधारभूत सुविधाओं और पठन-पाठन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों की समीक्षा की गई।

### विद्यार्थियों और युवाओं को जोड़ने पर जोर

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों, युवाओं और नागरिकों को पुस्तकालय से जोड़ने के लिए व्यापक जनजागरूकता और प्रचार अभियान चलाया जाए। विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के सहयोग से विद्यार्थियों में पुस्तकालय के प्रति रुचि बढ़ाने तथा उन्हें नियमित पाठक बनाने की दिशा में कार्य करने को कहा गया।



### आधुनिक सुविधाओं से होगा सुदृढ़ीकरण

बैठक में पुस्तकालय भवन, फर्नीचर, कंप्यूटर, इंटरनेट, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और स्वच्छता सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि पाठकों को शांत, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलना चाहिए, ताकि वे एकाग्र होकर अध्ययन कर सकें।

### पुस्तक प्रदर्शनी और करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम होंगे

पुस्तकालय में नियमित रूप से पुस्तक प्रदर्शनी, पुस्तक चर्चा, व्याख्यान, करियर मार्गदर्शन तथा साहित्यिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने पर भी चर्चा हुई। इन गतिविधियों के जरिए पुस्तकालय को विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में प्राप्त सुझावों पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करते हुए जिला पुस्तकालय को जनपद के प्रमुख ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।

# पोषण पाठशाला में स्तनपान और कृमि मुक्ति अभियान पर दिया प्रशिक्षण

## एनआईसी में विशेषज्ञों ने मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण की दी जानकारी, आंगनबाड़ी कार्यकताओं को एल्बेंडाजोल वितरण की प्रक्रिया समझाई

समाज जागरण संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। 06 अगस्त 2026: महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में गुरुवार को एनआईसी गौतमबुद्धनगर और बाल विकास परियोजना कार्यालय दनकौर में पोषण पाठशाला एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

एनआईसी में आयोजित पोषण पाठशाला का वेबकास्ट एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रसारण हुआ। विशेषज्ञों ने स्तनपान और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर जानकारी देते हुए जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू कराने तथा जन्म से छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने की सलाह दी। छह माह बाद पूरक आहार के साथ दो वर्ष या उससे अधिक समय तक स्तनपान जारी रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकताओं को कृमि मुक्ति अभियान का प्रशिक्षण

दनकौर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. पूनम और यूनिसेफ के प्रेमपाल ने कृमि संक्रमण से बच्चों के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव, बचाव के उपाय और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के बाद आंगनबाड़ी



कार्यकताओं को एल्बेंडाजोल की गोलियां वितरित की गईं, ताकि अभियान के दौरान पात्र बच्चों तक दवा पहुंचाई जा सके।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी, मुख्य सेविकाएं ममता तिवारी, प्रीति, निहारिका, दादरी की चांदनी एवं विमल तथा दनकौर की मुख्य सेविकाएं किरण और माधुरी सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे। सौजन्य : सूचना विभाग,

# सेक्टर-132 के गोलचक्कर का होगा सुधार, 10.25 करोड़ रुपये होंगे खर्च

*जाम से मिलेगी राहत, सड़क चौड़ी कर यू-टर्न बनाने और एक्सप्रेसवे पर प्रवेश की सुविधा विकसित करने की योजना*

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 06 अगस्त 2026नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-132 को संस्थागत क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां विभिन्न संस्थागत इकाइयों और विद्यालयों के संचालन के कारण व्यस्त समय में यातायात का दबाव बढ़ जाता है। सेक्टर-132 की 45 मीटर चौड़ी सड़क पर बने गोलचक्कर पर कार्यालय और विद्यालय समय के दौरान अत्यधिक यातायात घनत्व के चलते अक्सर जाम की स्थिति पैदा होती है।

सेक्टर-168, 135, 130, 129, 134 और 133 में स्थित आवासीय सोसायटियों के निवासियों तथा संस्थानों में कार्यरत लोगों का आवागमन भी इसी गोलचक्कर से होता है। ऐसे में जाम के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### 10.25 करोड़ से सुधरेगा गोलचक्कर

यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए नोएडा प्राधिकरण ने गोलचक्कर के सुधार की योजना तैयार की है। इसके तहत मौजूदा गोलचक्कर को हटाकर 45 मीटर चौड़ी सड़क पर कलवर्ट का निर्माण किया जाएगा। सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर यू-टर्न विकसित किया जाएगा। साथ ही एक्सप्रेसवे पर प्रवेश के लिए सड़क को चौड़ा करने का भी प्रावधान किया गया है। नोएडा प्राधिकरण ने इस कार्य के लिए 10.25 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव स्वीकृत किया है।

### हजारों लोगों को मिलेगी राहत

गोलचक्कर के सुधार और यातायात व्यवस्था में बदलाव से सेक्टर-132 के संस्थानों एवं विद्यालयों के साथ आसपास की आवासीय सोसायटियों से आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण का मानना है कि परियोजना पूरी होने के बाद गोलचक्कर पर लगने वाले जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी और यातायात सुगम होगा।

# मोबाइल स्नैचिंग गिरोह का पदार्फाश, आठ गिरफ्तार

## 98 मोबाइल फोन समेत 300 से अधिक मोबाइल पार्ट्स, अवैध चाकू और चोरी की बाइक बरामद

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 06 अगस्त 2026: थाना सेक्टर-63 पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग, टप्पेबाजी और चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही से 98 मोबाइल फोन, 100 डिस्प्ले, 207 बैटरियां, 40 मोबाइल खोखे और 103 बैक पैनल सहित 300 से अधिक मोबाइल व उनके पार्ट्स बरामद किए हैं। एक अवैध चाकू और चोरी की मोटरसाइकिल भी मिली है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में कुशल और रुपेश उर्फ गोलू मोबाइल छीनने का काम करते थे, जबकि निजामुद्दीन, आरिफ, सोनू, छोटू, गुलफाम और हारुन चोरी व लूट के मोबाइल खरीदकर उनके पार्ट्स बेचते थे। आरोपी चोरी के मोबाइल 1,500 से 2,000 रुपये में खरीदते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# मेट्रो स्टेशनों के बीच बन रहे स्काईवॉक में स्टील की गुणवत्ता पर उठे सवाल

## महाप्रबंधक एसपी सिंह ने किया निरीक्षण, स्टील के नमूनों की आईआईटी जैसी संस्थाओं से जांच के निर्देश; रिपोर्ट आने तक ठेकेदार का भुगतान रोकने को कहा

संदीप गर्ग समाज जागरण

नोएडा। 06 अगस्त 2026: नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक (सिविल) एसपी सिंह ने गुरुवार को वर्क सर्किल-3 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सेक्टर-51 और सेक्टर-52 मेट्रो स्टेशन के बीच निमार्णाधीन फुटओवर ब्रिज/स्काईवॉक तथा सेक्टर-50 और 51 के बीच बन रहे आरसीसी नाले के कार्य की गुणवत्ता की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान नाले के निर्माण में Eurotherm (राठी स्टील) और SAIL स्टील, जबकि सेक्टर-51 और 52 मेट्रो स्टेशन के बीच निमार्णाधीन स्काईवॉक में SAIL स्टील का उपयोग पाया गया।

**गुणवत्ता पर प्राधिकरण सख्त**

- **स्टील के नमूने लिए गए**
- आईआईटी दिल्ली/आईआईटी रुड़की जैसी संस्थाओं से जांच होगी
- गुणवत्ता रिपोर्ट आने तक भुगतान पर रोक
- मानक विपरीत गुणवत्ता मिलने पर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई



### विशेष संस्थाओं से होगी जांच

महाप्रबंधक ने तकनीकी लेखा परीक्षा प्रकोष्ठ को दोनों निर्माण स्थलों से लिए गए स्टील के नमूनों की आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रुड़की अथवा श्रीराम इंस्टीट्यूट जैसी विशिष्ट तकनीकी संस्थाओं से गुणवत्ता जांच कराने के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक संबंधित कार्यों के लिए ठेकेदार को भुगतान नहीं किया जाएगा।

प्राधिकरण के अनुसार यदि जांच में स्टील की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिन में मांगा स्पष्टीकरण

निर्माण कार्य में कथित तौर पर निम्न गुणवत्ता की स्टील के इस्तेमाल को लेकर संबंधित प्रबंधक से तीन कार्यदिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है। महाप्रबंधक ने वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा, तकनीकी लेखा परीक्षा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रबंधक राजकमल सिंह तथा संबंधित टीम की मौजूदगी में कार्यों का निरीक्षण किया।

### सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता जांच अनिवार्य

प्राधिकरण ने वर्क सर्किल-1 से 5 तक के सभी वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दिए कि उनके क्षेत्रों में चल रहे अथवा प्रस्तावित कार्यों में सीमेंट, स्टील, बिटुमिन सहित सभी निर्माण सामग्री निर्धारित मानकों के अनुरूप ही इस्तेमाल कराई जाए।

साथ ही निर्माण सामग्री की जांच आईआईटी अथवा श्रीराम इंस्टीट्यूट जैसी विशिष्ट संस्थाओं से कराए जाने के बाद ही संबंधित कार्यों का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि भविष्य में गुणवत्ता के मामले में किसी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित वरिष्ठ प्रबंधक, प्रबंधक और सहायक प्रबंधक की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। 06 अगस्त 2026: थाना सेक्टर-113 पुलिस ने दिल्ली और नोएडा क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से अभिषेक उर्फ अजय, आमिर खान और चेतन को एफएनजी सर्विस रोड, यू-टर्न सेक्टर-122 के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बरामद स्प्लेंडर मोटरसाइकिल दिल्ली और बुलेट मोटरसाइकिल सेक्टर-122 नोएडा से चोरी की गई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# बारिश में नोएडा के आवासीय-औद्योगिक सेक्टरों का निरीक्षण

## महाप्रबंधक सिविल ने जलभराव रोकने के दिए निर्देश, जहां जरूरत मिली तत्काल कराई सफाई




संदीप गर्ग समाज जागरण

नोएडा। 06 अगस्त 2026: बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति पर नजर रखने के लिए नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक (सिविल) ए.के. अरोड़ा ने गुरुवार को आवासीय एवं औद्योगिक सेक्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान सेक्टर-80, 81, 82 और औद्योगिक क्षेत्र फेस-2 के साथ सेक्टर-105 एवं 108 का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर सड़कों पर जलभराव की स्थिति नहीं मिली। कुछ स्थानों पर पनकटों की सफाई की आवश्यकता पाए जाने पर मौके पर ही सफाई कराई गई। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बारिश के दौरान लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी परिस्थिति में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। सेक्टर-105 में आवासीय कल्याण समिति के अध्यक्ष दीपक दत्तात्रेय के साथ भी बारिश के दौरान निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वर्क सर्किल-7 एवं 8 के वरिष्ठ प्रबंधक और संबंधित अवर अभियंता मौजूद रहे।

# महल्ला नगर कीर्तन प्रेम, सेवा और भाईचारे का जीवंत प्रतीक : जैन मुनि सूर्या सागर

## गुरु नानक देव जी के 'नाम जपो, कीरत करो, वंड छको' संदेश को मानवता के लिए बताया प्रेरणास्रोत; सिख संगत को दीं मंगलकामनाएं

समाज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली। जैन मुनि सूर्या सागर जी ने दिल्ली में श्री गुरुद्वारा शीशगंज साहिब से श्री गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब तक आयोजित होने वाले पावन महल्ला नगर कीर्तन के अवसर पर समस्त सिख संगत को हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव जी महाराज के श्रीचरणों में नमन करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी का ह्यनाम जपो, कीरत करो, वंड छकोह्न का संदेश आज भी पूरी मानवता को सत्य, सेवा, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाता है।

जैन मुनि सूर्या सागर जी ने कहा कि सिख गुरु साहिबानों का जीवन धर्म, मानवता, सेवा, त्याग और राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि सिख परंपरा ने दुनिया को यह संदेश दिया कि धर्म केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं, बल्कि मानव सेवा, न्याय, साहस और परोपकार का मार्ग भी है।

### सेवा और अनुशासन का संदेश

उन्होंने कहा कि महल्ला नगर कीर्तन केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि गुरु परंपरा, अनुशासन, एकता, सेवा और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि इस पावन यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं पर गुरु साहिब की कृपा बनी रहे और आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव, राष्ट्रीय एकता एवं मानवीय मूल्यों को और मजबूत करे। जैन मुनि ने श्रद्धालुओं से नगर कीर्तन के दौरान मयार्दा, अनुशासन और सेवा-भाव बनाए रखने तथा गुरु साहिबानों के बताए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश फैलाने का आग्रह किया।

# 10 व 11 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा, तैयारियों में जुटी भाजपा।

समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी ने जिले में 10 और 11 अगस्त को प्रस्तावित तिरंगा यात्रा की तैयारियां तेज कर दी हैं। सिरसागंज विधानसभा



क्षेत्र की बैठक में यात्रा की रूपरेखा तय करते हुए अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि 10 अगस्त को सुबह आठ बजे सिरसागंज में तिरंगा यात्रा नगर पालिका परिषद स्थित गांधी मंडी से शुरू होकर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा तक निकाली जाएगी। वहीं 11 अगस्त को जसराना विधानसभा क्षेत्र में यात्रा एलआर इंटर कॉलेज से शुरू होकर तहसील परिसर तक पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में कलश वंदन रथ यात्रा भी निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान का प्रतीक है। सभी नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर अभियान में सहभागिता निभाने की अपील की गई।

बैठक में चेयरमैन रंजना सिंह, आकाश शर्मा, डॉ. अमित गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अवनीश गुप्ता, अमलेश राजपूत, पूरन सिंह लोधी, डॉ. उम्मेद सिंह राजपूत, विपिन शिवहरे, शिवा सैनी, ज्योति गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, राजीव यादव, सागर गुप्ता, मोनू कुशवाहा, प्रदीप मिश्रा, सोनी राजपूत, संदीप पाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चारा काटते समय महिला को सांप ने डसा, उपचार के दौरान मौत

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। धामपुर थाना क्षेत्र के गांव कुंवर बसेड़ा में बुधवार शाम जंगल में चारा काटने गई महिला को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर महिला को उपचार के लिए हायर सेंटर ले जाया गया, जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। धामपुर थाना क्षेत्र के गांव कुंवर बसेड़ा निवासी नंदनी (35) पत्नी श्रीपाल सिंह बुधवार शाम करीब पांच बजे जंगल में पशुओं के लिए चारा काटने गई थी। चारा काटने के दौरान अचानक सांप ने उसे डस लिया।



परिजन महिला को लेकर गांव कासमपुरगढ़ी में झाड़-फूंक कराने के लिए पहुंचे। वहां महिला की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे उपचार के लिए हायर सेंटर ले गए। बताया गया कि हायर सेंटर में उपचार के दौरान बुधवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे नंदनी की मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में भी शोक का माहौल है।

# नौ थीम के अनुसार बनेगी ग्राम पंचायत विकास योजना

समाज जागरण अजमल अंसारी

जनपद बिजनौर किरतपुर। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत जनपद बिजनौर के विकासखंड सभागार किरतपुर में गुणवत्तापूर्ण पंचायत डेवलपमेंट प्लान विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ एडीओ पंचायत बाबूराम व प्रशिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड से संबंधित सभी सचिव गण एवं पंचायत सहायकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एडीओ पंचायत बाबूराम ने ग्राम पंचायत विकास योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अनेक बिंदु पर



चर्चा की। प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना क्या है एवं इसके निर्माण के क्या-क्या चरण है पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षक ममता सैनी द्वारा गुणवत्तापूर्ण पंचायत डेवलपमेंट प्लान कैसे बनाएं पर चर्चा करते हुए बताया कि ग्राम सभा का आयोजन अवश्य होना चाहिए। ग्राम सभा का कोरम पूरा होना चाहिए। ग्राम सभा से पूर्व महिला सभा एवं बाल सभा का आयोजन होना चाहिए। पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के अंतर्गत जिस थीम में पंचायत के अंक कम है उसे थीम में शपथ लेकर पंचायत के विकास के लिए काम करना चाहिए। बैठक कार्यवाही सभा सार पोर्टल पर अपलोड होनी चाहिए। बैठक में सभी जाति वर्गों महिला पुरुषों का प्रतिभाग होना चाहिए। इस प्लान में वीपीआरपी प्लान एवं डिजास्टर रिस्क रिडक्शन प्लान भी शामिल करना आवश्यक है, यदि हम ऐसा करते हैं तो हमारी ग्राम पंचायत विकास योजना गुणवत्तापूर्ण योजना होगी। प्रशिक्षक मोहम्मद वसीम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 पर विस्तार से प्रकाश डाला। अब से कचरा को चार श्रेणी में पृथक किया जाएगा यह श्रेणी है गीला कचरा, सूखा कचरा, स्वास्थ्यकर कचरा एवं देखभाल वाला कचरा। किसी के साथ थोक अपशिष्ट जनरेटर संस्थानों का दायरा विस्तृत किया गया है यह दायरा है 20000 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र या 40000 लीटर जल खपत करने वाला संस्थान या 100 किलोग्राम कचरा उत्पन्न करने वाले सभी इकाइयां इसमें शामिल होगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, खण्ड विकास अधिकारी,एडीओ पंचायत बाबूराम,प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार, मौहम्मद वसीम, ममता सैनी एवं सचिवों व पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# 7 अगस्त: राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

समाज जागरण

लखनऊ, 6 अगस्त। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार 7 अगस्त राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर वित्तीय वर्ष 2026-27 के संत कबीर राज्यस्तरीय हथकरघा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। लोकभवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में सीएम योगी मुख्यमंत्री हैंडलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना तथा झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना के लाभार्थियों को चेक भी सौंपेंगे।

इस भव्य आयोजन के दौरान बुनकरों और कारीगरों का सम्मान भी किया जाएगा। हथकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी, हथकरघा क्षेत्र में नवाचार एवं तकनीक का प्रदर्शन, संत कबीर टेक्सटाइल पार्क की स्थापना की घोषणा और हथकरघा उत्पादों के प्रमुख क्रेताओं के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान समारोह के प्रमुख आकर्षण होंगे।

# कांच उद्योग विकास केंद्र पहुंचे डीएम, बोले- गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक से मिलेगी वैश्विक पहचान।

समाज जागरण

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जलेसर रोड स्थित कांच उद्योग विकास केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने टेस्टिंग लैब, ग्लास कटिंग एवं डिजाइनिंग लैब का जायजा लेकर कांच उत्पादों की गुणवत्ता, प्रशिक्षण व्यवस्था और तकनीकी सुविधाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों को गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिले के विभिन्न कांच कारखानों में तैयार उत्पादों की मजबूती, रासायनिक संरचना और गुणवत्ता की जांच केंद्र में की जाती है। यहां उद्यमियों, तकनीशियनों और कारीगरों को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जाता है। डीएम ने कारीगरों द्वारा कांच की कटिंग, तराशी और फिनिशिंग का कार्य देखा



तथा उनके हुनर की सराहना की।

इसके बाद जिलाधिकारी ने बीकेजी ओवरसीज का निरीक्षण कर डेकोरेटिंग ग्लास, क्रिसमस ग्लास और ड्रिंकवेयर उत्पादों के निर्माण की गुणवत्ता, कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्पादों की फिनिशिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो, ताकि निर्यात और स्थानीय बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ सके। साथ ही कारखानों में श्रमिकों की सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि फिरोजाबाद के कारीगरों का हुनर और मेहनत ही जिले की पहचान है। इसी कला के दम पर फिरोजाबाद को विश्वभर में कांच नगरी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने उद्यमियों को भरोसा दिलाया कि पारंपरिक कांच उद्योग को आधुनिक दिशा देने और औद्योगिक विकास को गति देने के लिए प्रशासन हरसंभव सहयोग देगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग संध्या भी मौजूद रहीं।

# बारिश में ढही कच्चे मकान की छत, दंपती समेत चार बच्चे दबे, छह घायल।

समाज जागरण

सिरसागंज। लगातार हो रही बारिश के चलते गुरुवार सुबह थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव परिहारमऊ में एक कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। हादसे में एक ही परिवार के छह लोग मलबे में दबकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर सभी को बाहर निकाला। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गांव परिहारमऊ निवासी हरिओम (30) पुत्र रामबहादुर अपनी पत्नी मधु (28) और चार बच्चों कपिल (14), निखिल (11), शिव (6) व सूर्या (4) के साथ घर में थे। सुबह करीब आठ बजे मधु रसोई में खाना बना रही थीं। इसी दौरान बारिश से जर्जर हो चुकी छत अचानक ढह गई और परिवार के सभी सदस्य मलबे में दब गए।

छत गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और काफी मशक्कत के बाद



सभी को मलबे से बाहर निकाला। सूचना पर नगला खंगर पुलिस और सीएचसी सिरसागंज की मेडिकल टीम भी पहुंच गई। सभी घायलों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर योगेश गोयल सीएमएस डॉ नवीन जैन और अभिषेक सिंह सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंच गए जिन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए जिला अस्पताल में भर्ती मधु ने बताया कि उनके पति मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि छत गिरने से पहले किसी तरह का अंदेशा नहीं था। अचानक पूरी छत ढह गई और किसी को संभलने का मौका नहीं मिला।

**एसडीएम ने अस्पताल पहुंचकर लिया हालचाल**

हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम सिरसागंज सिद्धार्थ पाठक सीएचसी पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से घायलों की स्थिति की जानकारी ली और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। एसडीएम ने बताया कि घटना की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेज दिया गया है।

# जिलाधिकारी द्वारा तहसील चांदपुर व ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ के दृष्टिगत किया गया स्थलीय निरीक्षण

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गुरुवार को अपराह्न में चांदपुर से हस्तिनापुर तक बाढ़ से प्रभावित एवं क्षतिग्रस्त मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पांडव नगर चौकी, जलालपुर खादर, रायपुर खादर तथा खानपुर दमाल क्षेत्र का भ्रमण कर स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों ने लगभग 11 किलोमीटर क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा के लिए बांध निर्माण की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी। इस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की जाएगी तथा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए बांध निर्माण का कार्य यथाशीघ्र प्रारंभ कराने का प्रयास किया जाएगा।



निरीक्षण के दौरान वर्तमान में क्षेत्र में बाढ़ जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं पाई गई। इसके बावजूद जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि वे किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), मेरठ के सहायक अभियंता द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया कि चांदपुर से हस्तिनापुर मार्ग पर वर्षा एवं बाढ़ के पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित करने के लिए कुल 14 पुलियों एवं गाइड बांध का निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए रिवाइज्ड एस्टीमेट शासन को स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है। शासन से स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करा दिया जाएगा।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी चांदपुर, तहसीलदार चांदपुर, लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) मेरठ के सहायक अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हिमांशु हत्याकांड: चौथा आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ा, प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार की रणनीति आई काम

समाज जागरण

ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव आनंदीपुर में युवक हिमांशु त्यागी हत्याकांड में अफजलगढ़ पुलिस ने फरार चल रहे चौथे आरोपी अजय पुत्र नौबत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से हत्याकांड में अब तक नामजद चारों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव आनंदीपुर निवासी सतीश कुमार पुत्र सागर सिंह ने 22 जुलाई 2026 को अपने पुत्र हिमांशु त्यागी की हत्या किए जाने के संबंध में थाना अफजलगढ़ में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 165/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर घटना में आकाश पुत्र नौबत सिंह, संजीव कुमार उर्फ भंडारी पुत्र पूरन




सिंह, सिद्धांत कुमार पुत्र देवेंद्र तथा अजय पुत्र नौबत सिंह निवासीगण ग्राम आनंदीपुर के नाम प्रकाश में आए। इनमें से आकाश, संजीव कुमार उर्फ भंडारी और सिद्धांत कुमार को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 61(2) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई। इसी क्रम में बुधवार को थाना अफजलगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौथे आरोपी अजय पुत्र नौबत सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मामले में अन्य आवश्यक कार्रवाई प्रचलित है। वही प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार की रणनीति की हुई सराहना हिमांशु हत्याकांड के बाद अफजलगढ़ पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तेजी से विवेचना आगे बढ़ाई। अफजलगढ़ प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उपलब्ध साक्ष्यों और विवेचनात्मक कार्रवाई के आधार पर आरोपियों के नाम प्रकाश में लाए और एक-एक कर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की। घटना के बाद पुलिस की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई से मामले में लगातार प्रगति हुई। स्थानीय स्तर पर भी अफजलगढ़ प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार की कार्यशैली और मामले को शीघ्रता से सुलझाने के प्रयासों की सराहना की जा रही है। अजय की गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब मामले से जुड़े अन्य पहलुओं और साक्ष्यों को भी विवेचना में शामिल कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के अलावा कांस्टेबल विपिन कुमार और चालक ओमपाल सिंह शामिल रहे।

# उद्योगपतियों की समस्याएं सुनने पहुंचे एसएसपी, बोले- सुरक्षा और कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता।

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जनपद के उद्योगों की सुरक्षा और उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे ने उद्योगपतियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उद्योगों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, यातायात, साइबर अपराध और श्रमिकों की सुरक्षा समेत विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

उद्योगपतियों ने अपने प्रतिष्ठानों से जुड़ी समस्याएं और सुझाव एसएसपी के सामने रखे। इस पर एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि



उद्योगों के सुरक्षित और निर्बाध संचालन के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था लगातार सुदृढ़ की जा रही है।

एसएसपी ने उद्योगपतियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि या साइबर अपराध से जुड़ी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

बैठक में उद्योगपतियों ने पुलिस प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के संवाद से समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक लाइन, नगर, ग्रामीण सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# परीक्षा सॉल्वर गैंग पर बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरजेश की 51.22 लाख की संपत्ति कुर्क।

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंग

फिरोजाबाद। प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर अवैध कमाई करने वाले गैंग के सदस्य पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोपी गिरजेश की 51 लाख 22 हजार 778 रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त कर ली गई। कार्रवाई में मकान, प्लॉट और एक दोपहिया वाहन शामिल हैं।

थाना मक्खनपुर क्षेत्र के जाफराबाद निवासी गिरजेश पुत्र सुरेश के खिलाफ थाना शिकोहाबाद में गैंगस्टर एक्ट सहित धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सॉल्वर बैठाकर अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की थी।



जिलाधिकारी के आदेश तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांगे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना मक्खनपुर पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत 51.22 लाख रुपये की अपराध से अर्जित संपत्ति कुर्क कर जब्तीकरण की कार्रवाई की।

एसएसपी ने बताया कि संगठित अपराधियों और गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

# ठेका सफाई कर्मचारियों ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन।

समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेशीय ठेका सफाई कर्मचारी संघ के नेतृत्व में बुधवार को ठेका सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और बढ़ते शोषण के विरोध में नगर निगम पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद नगर आयुक्त प्रशांत नागर को सात सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर जल्द समाधान की मांग की।



संघ के अध्यक्ष आचार्य कृष्ण मुरारी ने कहा कि ठेका सफाई कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर शहर को स्वच्छ रखने का काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो समय पर सुविधाएं मिल रही हैं और न ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में रोष है।

ज्ञापन में पीएफ घोटाले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई, स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मचारी टेंडर को शीघ्र पूरा कराने, ठेका कर्मियों का मानदेय 20 हजार रुपये प्रतिमाह करने, दम्मामल नगर में महर्षि वाल्मीकि भगवान द्वार का निर्माण कराने, नाला गैंग के कर्मचारियों को वार्डों में समायोजित करने, लायंस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक माह 10 तारीख तक दिलाने तथा सभी ठेका सफाई कर्मचारियों को वर्दी और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की गई।

नगर आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को मांगों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए और समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ संरक्षक जालिम सिंह वाल्मीकि, अशोक वाल्मीकि, प्रांतीय महामंत्री योगेश सरन, विनय चौहान, पवन दीप चौहान, सोनू चौहान, रोबिन सिंह, अमन दयाल, अमित, नौबत, राम कुमार चौहान, राहुल वाल्मीकि, लक्ष्मण सिंह, दीपक कुमार, अरविंद सिंह, विक्रम चौहान और राम प्रकाश सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीओ के आदेश पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

समाज जागरण मुस्कान खान




जनपद बिजनौर नगीना। एक विवाहिता की शिकायत पर सीओ नगीना के आदेश पर नगीना पुलिस ने पति,सास,ससुर,ननद व देवर के खिलाफ खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी को विवाहिता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में मोहल्ला विश्नोई सराय निवासी ज्योति रानी पुत्री स्व गुलाब सिंह ने कहा है कि उसका विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद के रुड़की थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चाओ मंडी निवासी अमित कुमार के साथ 4 नवंबर 2022 को रुड़की में हुआ था।शादी में पीड़िता के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार 5 लाख रुपए नकद ससुराल वालों को दिए थे और कुल मिलाकर 15 लाख रूपए खर्च किए थे। लेकिन ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। ज्योति रानी का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ससुराल वाले स्विफ्ट डिजायर कार व 50 हजार रुपए नकद लाने की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे और आए दिन मारपीट करने लगे।ज्योति रानी द्वारा पिता के रिटायर्ड व बुजुर्ग होने व एक छोटी अविवाहित बहन की शादी की बात कहकर ससुराल वालों की उक्त और दहेज की मांग पूरी करने में असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने 14 जनवरी 2024 को सुबह करीब दस बजे एक राय होकर उसके कमरे में घुस कर गालियां देते हुए लात घूंसों व थप्पड़ों से मारपीट की और ननद मीनू ने गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया।ससुराल वालों ने उसका स्त्रीधन छीनकर घर से धक्के देकर बाहर निकाल दिया।तब से वह अपने मायके में ही रह रही है।

नगीना पुलिस ने सीओ राजेश सिंह सोलंकी के आदेश पर विवाहिता ज्योति रानी की तहरीर पर उसके पति अमित कुमार, ससुर सुरेश चंद्र, सास त्रिवेणी, देवर रोबिन उर्फ राजन व ननद मीनू पत्नी गोल्डी निवासीगण मोहल्ला चाओ मंडी रुड़की के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कारवाही शुरू कर दी है।

# मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त चाकू सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। घर मे घुस कर युवक के साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से चाकू से घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त चाकू सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी विकास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अगस्त 26 को वादी शमशेर अली पुत्र गरीब शाह निवासी ग्राम खुशहालपुर गढी थाना नगीना द्वारा तहरीर दी गई कि अभियुक्त अशरफ पुत्र नशरत निवासी खुशहालपुर गढी थाना नगीना द्वारा मेरे घर मे घुसकर मेरे पुत्र याकूब अली के साथ गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देते हुए, वादी के पुत्र को जान से मारने की नियत से चाकू से बार कर घायल कर दिया गया जिस पर वादी की तहरीर के आधार पर थाना नगीना पर असरफ के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मुल्जिम की तलाश शुरू कर दी।

थाना नगीना पुलिस के नि0 श्री जोगेन्द्र बैसला, का0 विक्रम सिंह द्वारा वाँछित अभियुक्त अशरफ पुत्र नशरत निवासी खुशहालपुर गढी को घटना में प्रयुक्त चाकू सहित गिरफ्तार कर मेडिकल के बाद कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।




# 'तिरंगा संगीत समारोह' में राष्ट्र नायकों को मिलेगा सम्मान, राष्ट्रभक्ति के गीतों पर झूमेगा प्रदेश

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में होगा तिरंगा संगीत समारोह (तिरंगा कॉन्सर्ट)

'हर घर तिरंगा' के जरिये भावी पीढ़ी में देशभक्ति का संचार कर रही डबल इंजन सरकार

राजधानी लखनऊ में 1090, घंटाघर चौक, हजरतगंज, जनेश्वर मिश्र पार्क, एमरॉल्ड मॉल, लुलु मॉल समेत विभिन्न स्थानों पर होगा ह्यतिरंगा कॉन्सर्ट'

कॉन्सर्ट में वंदे मातरम, देशभक्ति गीत-नृत्य, स्कूलों, पुलिस, आर्मी बैंड की ओर से होगी देशभक्ति के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति

लखनऊ, 6 अगस्त। राष्ट्र नायकों को सम्मान देने के साथ ही भावी पीढ़ी में देशभक्ति का संचार करने के लिए डबल इंजन सरकार 'हर घर तिरंगा' अभियान का आयोजन कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 5 करोड़ घरों में तिरंगा फहराया जाएगा। इसके साथ ही देशभक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम भी होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी आयोजनों को जनभागीदारी के साथ मनाने का निर्देश दिया है। इस श्रृंखला में राजधानी लखनऊ समेत सभी 75 जनपदों में 'तिरंगा संगीत समारोह' (तिरंगा कॉन्सर्ट) का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रभक्ति के गीतों-नृत्यों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

**कॉन्सर्ट में स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मौका**

हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत भव्य तिरंगा महोत्सव भी होगा। इसके अंतर्गत तिरंगा मेला व भव्य तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट भी आयोजित किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधियों के साथ ही जनसहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कॉन्सर्ट में नामचीन कलाकारों के साथ ही स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। सभी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहेंगी।

**प्रदेश के सभी 75 जनपदों में होगा तिरंगा कॉन्सर्ट**

तिरंगा कॉन्सर्ट का आयोजन राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में होगा। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम व विभिन्न युद्धों में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। समारोह में संपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति पर आधारित होगा। कॉन्सर्ट में तिरंगा गान, देशभक्ति गीत-संगीत व वंदे मातरम का सामूहिक गान होगा। इसमें विभिन्न स्कूलों, पुलिस बल व आर्मी बैंड द्वारा देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

**लखनऊ में इन स्थानों पर प्रस्तावित है कॉन्सर्ट**

राजधानी लखनऊ में भी विभिन्न स्थानों पर तिरंगा कॉन्सर्ट प्रस्तावित किया गया है। संस्कृति विभाग के मुताबिक 1090 चौराहा, हजरतगंज, घंटाघर चौक, जनेश्वर मिश्र पार्क, एमरॉल्ड मॉल, लुलु मॉल समेत कई अन्य स्थानों पर तिरंगा संगीत समारोह प्रस्तावित है।

**सिनेमाघरों में भी होगा राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विगत दिनों बैठक में निर्देश दिया था कि 14 व 15 अगस्त को प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का अनिवार्य रूप से प्रसारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ह्यहर घर तिरंगाह्न का उद्देश्य बताते हुए कहा कि भावी पीढ़ी को राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना, प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध उत्पन्न करना है। जनपद, ब्लॉक, तहसील, ग्राम पंचायतों में भी ये आयोजन किए जाएं। इसमें जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापार मंडलों, सामाजिक संगठनों, परिवहन क्षेत्र, आरडब्ल्यूए, सरकारी सेवकों, शिक्षण संस्थानों, एनसीसी व एनएसएस आदि की भी सहभागिता रहे।

# यूपी में परिवहन प्रवर्तन को मिलेगी नई ताकत, पांच जिलों में डंपिंग यार्ड को 6.03 करोड़

**बुलंदशहर, शामली, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बाराबंकी में निर्माण की तैयारी; जब्त वाहनों को रखने की समस्या होगी दूर**

समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। 05 अगस्त 2026: प्रदेश में परिवहन प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए योगी सरकार ने पांच जिलों में डिटेंशन/डंपिंग यार्ड के निर्माण के लिए 6.03 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है। इससे प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान जब्त और निरुद्ध किए जाने वाले वाहनों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था बेहतर होगी।



परिवहन विभाग के अनुसार बुलंदशहर, शामली, शाहजहांपुर, पीलीभीत और बाराबंकी में डंपिंग यार्ड निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है। बाराबंकी, पीलीभीत और शाहजहांपुर के लिए दूसरी एवं शेष किश्त के रूप में क्रमशः 1.62 करोड़, 1.44 करोड़ और 1.34 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। लखनऊ और औरैया में भी डिटेंशन यार्ड के निर्माण की दिशा में कार्रवाई तेज हुई है। दोनों जिलों में निःशुल्क भूमि उपलब्ध होने के बाद क्रमशः 2.55 करोड़ और 4.07 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है।
वहीं उन्नाव और अलीगढ़ में निःशुल्क भूमि उपलब्ध होने के बाद निर्माण का आगणन तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है।

**थानों में वाहनों को रखने की समस्या होगी कम**

अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन केडी सिंह गौर के अनुसार कई जिलों में प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान पकड़े गए वाहनों को थानों में रखने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं होती। डिटेंशन यार्ड बनने से जब्त वाहनों को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से रखने की सुविधा मिलेगी।
उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा कोष प्रबंधन समिति ने प्रथम चरण में मंडलीय मुख्यालय वाले जिलों में डिटेंशन यार्ड विकसित करने पर जोर दिया है।

**निगरानी और रिकॉर्ड प्रबंधन भी होगा बेहतर**

डंपिंग यार्ड विकसित होने के बाद जब्त वाहनों की निगरानी और रिकॉर्ड प्रबंधन बेहतर होगा। सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर जब्त वाहनों को खड़ा करने की समस्या भी कम होगी। इससे परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई अधिक प्रभावी और व्यवस्थित होने की उम्मीद है।

# नगर आयुक्त ने शिवपुर स्वास्थ्य केंद्र और ट्रांसफर स्टेशन का किया निरीक्षण

समाज जागरण संवाददाता

वाराणसी। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शिवपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र, मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट एवं ट्रांसफर स्टेशन का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रकाश व्यवस्था, सूचना बोर्ड, धंसी इंटरलॉकिंग सहित अन्य कमियां सामने आने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने मरीजों की सुविधा, स्वच्छता और बेहतर आधारभूत ढांचे के साथ राजस्व संवर्धन पर भी जोर दिया। स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दुकानों, सफाई चौकी और स्वास्थ्य स्टोर की व्यवस्था के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए।
नगर निगम ने कहा कि नागरिकों को बेहतर, सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जा रही है।



## विकास की रफ्तार, भरोसे का आधार–VDA ने छह माह में स्वीकृत किए 1,154 मानचित्र

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने सुनियोजित विकास की दिशा में तेजी दिखाते हुए पिछले छह महीनों में 1,154 लेआउट एवं भवन मानचित्रों को स्वीकृति प्रदान की है। प्राधिकरण के अनुसार अब मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को भी तेज किया गया है और आवेदन के 6 से 15 दिनों के भीतर स्वीकृति देने की व्यवस्था की गई है।

# पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के सत्यापन की मांग, मुख्य सचिव को भेजा पत्र

**रेहड़ी-पटरी संचालक संगठन ने 75 जिलों में वेंडिंग प्रमाण-पत्र धारकों की जांच और वास्तविक स्ट्रीट वेंडर्स की संख्या सार्वजनिक करने की उठाई मांग**

समाज जागरण संवाददाता

लखनऊ। 06 अगस्त 2026: उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों और नगर निकायों द्वारा जारी वेंडिंग प्रमाण-पत्र (पीला कार्ड) धारकों के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सत्यापन की मांग उठाई गई है। इस संबंध में राष्ट्रीय संगठन रेहड़ी पटरी संचालक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक श्याम किशोर गुप्ता ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।
पत्र में दावा किया गया है कि उत्तर प्रदेश के नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों एवं विकास प्राधिकरणों द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वेक्षण कर वेंडिंग प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत बड़ी संख्या में लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

**9.54 लाख लाभार्थियों का आंकड़ा बताया**

पत्र में उपलब्ध आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्रदेश के 75 जनपदों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना/ी-रँर्१ पोर्टल पर 9,54,142 लाभार्थी दर्ज हैं। संगठन ने कहा है कि प्रदेश में वास्तविक रेहड़ी-पटरी संचालकों की कुल आधिकारिक संख्या उपलब्ध नहीं होने के कारण पात्र लाभार्थियों का आकलन और सत्यापन जरूरी है।
पत्र में जिलेवार लाभार्थियों के आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए हैं। इनमें लखनऊ 69,326, कानपुर नगर 55,496, गाजियाबाद 39,636, आगरा 38,653, वाराणसी 35,920, बरेली 35,190, मेरठ 34,801 और प्रयागराज 34,450 सहित अन्य जिलों के आंकड़े शामिल हैं। गौतमबुद्धनगर में 3,477 लाभार्थियों का आंकड़ा बताया गया है।

**पात्र स्ट्रीट वेंडर्स के हितों की रक्षा की मांग**

संगठन ने मांग की है कि प्रत्येक लाभार्थी का सत्यापन स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 के तहत किया जाए। यदि जांच में गलत जानकारी, फर्जी दस्तावेज अथवा नियमों के विपरीत लाभ लेने के मामले सामने आते हैं तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

पत्र में यह भी मांग की गई है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की मिलीभगत से अपात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिला है तो उनके विरुद्ध भी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ने मुख्य सचिव से जनहित एवं पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए मामले में शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने तथा वास्तविक रेहड़ी-पटरी संचालकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

**संगठन की प्रमुख मांगें**

- 75 जिलों में लाभार्थियों और वेंडिंग प्रमाण-पत्र धारकों का सत्यापन हो।
- वास्तविक स्ट्रीट वेंडर्स की संख्या सार्वजनिक की जाए।
- पात्रता की जांच कर अपात्र लाभार्थियों पर कार्रवाई हो।
- फर्जी दस्तावेज मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाए।
- मिलीभगत पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय हो।
- जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

# ध्यान साधना से ईश्वर का प्रत्यक्ष होता है साक्षात्कार : आचार्य डॉ. यशवीर आर्य

**वेद प्रचार सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर महायज्ञ एवं भजन संध्या का आयोजन**

समाज जागरण संवाददाता

गाजियाबाद, 6 अगस्त। आर्य समाज कविनगर में चल रहे वेद प्रचार सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर धमाचार्य प्रमोद शास्त्री के ब्रह्मत्व में महायज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य यज्ञमान सुमन चौहान एवं लक्ष्मण सिंह चौहान रहे। यज्ञ के उपरांत आचार्य डॉ. यशवीर आर्य ने यज्ञमानों को आशीर्वाद प्रदान किया।
हापुड़ से पहुंचीं प्रसिद्ध भजनोपदेशिका आचार्या सुलभा शास्त्री एवं रविंद्र आर्य ने ईश्वर भक्ति से जुड़े भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।
वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. यशवीर आर्य ने ध्यान साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वैदिक मंत्रों के माध्यम से परमपिता परमेश्वर का ध्यान करने से मनुष्य में बुद्धि का विकास, स्मरण शक्ति, कार्य में एकाग्रता तथा शरीर, मन और इंद्रियों पर नियंत्रण बढ़ता है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने दोषों एवं बुरे संस्कारों को पहचानकर उनका नाश कर सकता है और अच्छे संस्कारों तथा ईश्वरीय गुणों को विकसित कर सकता है।



उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को ओ३म् एवं गायत्री मंत्र के साथ ध्यान साधना कराई तथा योग के आठों अंगों–यम, नियम आदि–के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ध्यान साधना के माध्यम से मनुष्य सांसारिक दुखों से मुक्त होकर ईश्वर के आनंद का अनुभव कर सकता है।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी सीए योगेश कंसल का पीतवस्त्र ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महिपाल सिंह तोमर, कविता राठी, सीए मोहित कंसल, योगी प्रवीण आर्य, डॉ. प्रमोद सक्सेना, राजेश कोहली, हरवीर सिंह, सत्यपाल आर्य, आशा रानी आर्या, प्रेमपाल शर्मा एवं अंजना गोयल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।
मंच का संचालन आर्य समाज के मंत्री वीके धामा ने किया। शांति पाठ एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आईएमएस नोएडा में विद्यार्थियों के लिए बूटकैंप आयोजित

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस), नोएडा में नेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए बूटकैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जनसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर करियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराना था।
बूटकैंप में विद्यार्थियों ने पत्रकारिता और रेडियो प्रसारण की बारीकियां सीखीं। उन्होंने समाचार लेखन, रेडियो कार्यक्रम निर्माण, स्टूडियो संचालन, एंकरिंग एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग जैसी गतिविधियों में भाग लेकर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने सामुदायिक रेडियो स्टूडियो का भ्रमण कर मीडिया की कार्यप्रणाली को भी करीब से समझा।
कार्यक्रम के दौरान सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन विभागों की कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीक, डिजिटल कौशल, नेतृत्व क्षमता, उद्यमिता और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं पर जानकारी साझा की। विद्यार्थियों ने शिक्षकों एवं विशेषज्ञों से संवाद कर विभिन्न करियर विकल्पों पर चर्चा की।
कार्यक्रम का समन्वयन ईशा व्यास ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए व्यावहारिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।



# टीएमयू की वैश्विक एफडीपी में सतत विकास लक्ष्यों पर गहन मंथन

समाज जागरण संवाददाता

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से आयोजित छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) में संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की उपयोगिता, अंतसंबंधों और उच्च शिक्षा में उनके क्रियान्वयन पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। एफडीपी की थीम 'मैपिंग द 17 सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स थ्रू इंटरडिसिप्लिनरी फैकल्टी एंगेजमेंट' रही।
मलेशिया और फिलीपींस के शिक्षाविदों ने भी कार्यक्रम में अपने वैश्विक अनुभव साझा किए। यूनिवर्सिटी पुत्रा मलेशिया के डॉ. वान जुहैनिस साद ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में कौशल के साथ नैतिक मूल्यों और पर्यावरणीय संवेदनशीलता का विकास जरूरी है।




यूनिवर्सिटी ऑफ द फिलीपींस मनीला की डॉ. मा. टेरेसा गुआजोन-डी गुजमैन ने जलवायु परिवर्तन के सामाजिक, कृषि एवं आर्थिक प्रभावों पर चर्चा करते हुए विश्वविद्यालयों को साक्ष्य-आधारित नीतियों और नवाचार का केंद्र बनाने की बात कही। टीएमयू लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा कि न्यायपूर्ण, पारदर्शी और उत्तरदायी संस्थाओं के बिना सतत विकास के लक्ष्यों को स्थायी रूप से हासिल करना संभव नहीं है। आईक्यूएसी निदेशक डॉ. निशीथ मिश्रा ने विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी और संयुक्त प्रयासों को आवश्यक बताया। कॉलेज ऑफ नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता को मानव स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास की बुनियादी आवश्यकता बताया। आरएंडडी के एसोसिएट डीन डॉ. अनुराग वर्मा ने अनुसंधान एवं नवाचार को सामाजिक समस्याओं के समाधान से जोड़ने पर जोर दिया। प्रो. शिवानी एम. कौल ने महिला सशक्तीकरण एवं समान अवसर, जबकि प्रो. मनु मिश्रा ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार रखे।
कार्यक्रम आयोजक एवं कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डीन प्रो. प्रवीण कुमार जैन ने कहा कि कृषि का संबंध खाद्य सुरक्षा, जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु अनुकूलन, जैव विविधता और ग्रामीण आजीविका से है। इसलिए कृषि शिक्षा में एसडीजी का समावेश समय की आवश्यकता है।

एफडीपी में जलीय जैव विविधता, पोषण-संवेदी कृषि, जैव उर्वरक, हरित परिसर, सामाजिक समावेशन, सामुदायिक स्वास्थ्य और उद्यमशीलता सहित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम में एसडीजी आधारित अध्ययन सामग्री शामिल करने, स्थानीय समस्याओं पर अंतर्विषयी शोध, संस्थागत योगदान का दस्तावेजीकरण तथा उद्योग-अकादमिक साझेदारी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

## नकली करेंसी गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता

मुजफ्फरनगर पुलिस ने जाली भारतीय मुद्रा के लेन-देन करने वाले



अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक लाख रुपये की जाली करेंसी और घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी फर्जी नाम-पते पर कुरियर के जरिए नकली नोट मंगवाते थे और कोड के आधार पर खेप हासिल कर बाजार में चलाते थे। नकली नोटों के भुगतान में क्यूआर कोड और नकद, दोनों माध्यमों का इस्तेमाल किया जाता था।

# वाराणसी में भवन कर पर 100% ब्याज माफ, 15 अगस्त से OTS योजना

समाज जागरण संवाददाता

वाराणसी। नगर निगम वाराणसी ने शहरवासियों को बड़ी राहत देते हुए भवन कर के बकायेदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू करने की घोषणा की है। योजना के तहत 1 अप्रैल 2026 तक के बकाया भवन कर पर लगने वाले 100 प्रतिशत ब्याज से पूरी छूट मिलेगी।
नगर निगम के अनुसार यह योजना 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026 तक लागू रहेगी। करदाता अपना बकाया भवन कर एकमुश्त अथवा तीन आसान किश्तों में जमा कर सकते हैं।

**बकायेदारों के लिए खास मौका**




1 अप्रैल 2026 तक के बकाया भवन कर पर 100% ब्याज माफी
योजना की अवधि: 15 अगस्त से 15 दिसंबर 2026
एकमुश्त या तीन किश्तों में भुगतान की सुविधा
समय से आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील

नगर निगम ने शहरवासियों से समय रहते आवेदन कर बकाया कर जमा करने और ब्याज में मिलने वाली पूरी छूट का लाभ उठाने की अपील की है। निगम का कहना है कि कर भुगतान से काशी के स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित स्वरूप को आगे बढ़ाने में भी सहयोग मिलेगा।

# हिंदू युवा वाहिनी बागपत द्वारा निशुल्क कावड़ चिकित्सा शिविर का हुआ शुभारंभ

**समाज जागरण**

बागपत। हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत द्वारा बड़ौत स्थित पी एन शर्मा पार्क में शिवभक्त कांवड़ियों के लिए निशुल्क कावड़ चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा, आवश्यक दवाइयाँ एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं वर्ष 2027 में पुनः उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की मंगलकामना करते हुए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की गई। हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत के जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने बताया कि हिंदू युवा वाहिनी प्रत्येक वर्ष शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के उद्देश्य से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करती है। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना संगठन का सौभाग्य है तथा इस वर्ष शिविर में मुख्यमंत्री योगी




आदित्यनाथ जी महाराज के पुनः मुख्यमंत्री बनने की कामना के साथ विशेष प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा एवं बड़ौत विधानसभा की पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष संजीव तोमर ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित एवं धर्म-संस्कृति के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। जिला संयोजक राकेश चौहान ने संगठन की सेवा गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त किए। जिला सह-प्रभारी योगेंद्र वैदिक ने भी अपने विचार रखते हुए शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा को पुण्य का कार्य बताया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष अरविंद खोखर, जिला मंत्री गुलबहार, जिला संगठन महामंत्री अमित सरोहा, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित उपाध्याय, जिला मंत्री राजीव भारद्वाज, जिला मीडिया सह-प्रभारी आलोक शर्मा सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हवन के साथ हुआ बागपत के सुप्रसिद्ध शिव कांवड़ सेवा शिविर का शुभारम्भ

**समाज जागरण**

बागपत। सावन माह में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटने वाले शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा के उद्देश्य से शिव कांवड़ सेवा समिति नैथला मोड़ द्वारा आयोजित कावड़ सेवा शिविर का विधिवत शुभारम्भ हवन-पूजन के साथ किया गया। शिविर का शुभारम्भ पंडित सोमदत्त शास्त्री द्वारा संपन्न कराए गए हवन के साथ हुआ, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने आहुति देकर भगवान शिव से सभी श्रद्धालुओं की मंगल यात्रा की कामना की। समिति की ओर से नरेश चौहान, अंशुधर भारद्वाज एवं विकास शर्मा ने बताया कि शिविर में कांवड़ियों की सेवा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह सेवा शिविर 11 अगस्त तक लगातार संचालित रहेगा। शिविर में श्रद्धालुओं के लिए भोजन, शुद्ध पेयजल, विश्राम, चिकित्सा तथा



अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि लंबी यात्रा के दौरान कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि समिति के सभी सदस्य पूरी निष्ठा और सेवा भावना के साथ शिवभक्तों की सेवा में जुटे रहेंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में कांवड़ियों के शिविर में पहुंचने की संभावना है, जिसके मद्देनजर सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया गया है। शिविर के शुभारम्भ अवसर पर राजू मास्टर शिकोहपुर, अमित चौहान, सुनील चौहान, नरेश चौहान सिसाना, मोहनपाल चौहान, वीर सैन, कल्लू जैन, बाबा कंवरनाथ, विकास शर्मा, जगदीप चौहान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जीवन को महान बनाना है तो धर्म का पालन करें : आर्जव सागर

**समाज जागरण**

बागपत। बड़ौत नगर में विराजमान आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन के दौरान अजितनाथ सभागार में कहा कि हमें अपने जीवन में अहिंसा परमो धर्म को ध्यान में रखते हुए उन महान तीर्थंकर को याद करना चाहिए जो अहिंसा का उपदेश, दया ,करुणा का बोध कराते है। अहिंसा का उपदेश जीवन में सुख शांति को प्रदान करता है जिसके जीवन में अहिंसा की ज्योति जलती है, उसे देवता भी प्रणाम करते हैं। जिसका मन हमेशा अहिंसा- तप- संयम में लगा हुआ है, उसे देवता ही नमस्कार करते हैं। हमें कैसी जीवन शैली बनाना है, वह असी,मसी,कृषि, शिल्प, विद्या ,वाणिज्य रूप षटकर्म का उपदेश भगवान आदिनाथ के जीवन चरित्र के दर्शन से हम सभी को प्राप्त हुआ है। आदिनाथ प्रभु ने बताया कि कृषि करो या ऋषि बनो कहने का अर्थ है कि कृषि करने वालों का हृदय बहुत सरल होता है। उनमें छल कपट बेईमानी की बात तनिक भी नहीं होती। गुरुवर ने बताया गृहस्थी में रहते हुए भी अणुव्रत का पालन कर सकते हैं। भगवान नेमिनाथ के जीवन से हम शिक्षा ले सकते हैं जिन्होंने कि सब कुछ होते हुए भी सब कुछ त्याग कर दिया, सब कुछ को छोड़ दिया। इस संबंध में आचार्य श्री ने तीर्थंकर प्रभु की कथा भी सुनाई और बताया कि किस प्रकार उन्होंने वैराग्य धारण किया था। अपने जीवन को धन्य किया था। दया से हमारे जीवन का प्रत्येक कार्य प्रारंभ होता है। अहिंसा दया यू ही धर्म को महान बनाती है। आचार्य श्री ने कहा कि हमें भी अपने जीवन में अहिंसा को धारण करके अपने और पर के जीवन को महान बनाने का पुरुषार्थ करना चाहिए। सभा में ऋषिका दीदी ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, महेंद्र जैन, वरदान जैन, जितेंद्र जैन, विकास जैन, अंकुर जैन, ऋषभ जैन, अनुज जैन, नितिन जैन, आदि उपस्थित थे।




# शादी की खुशियां मातम में बदलीं, सांप के डंसने से 14 वर्षीय किशोर की मौत

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग)थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी 14 वर्षीय किशोर की सांप के डंसने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब किशोर अपने परिवार के साथ सहारनपुर जनपद के नकुड़ थाना क्षेत्र स्थित ननिहाल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। किशोर की मौत से शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। गुरुवार को परिजनों ने गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर दुगड्डा निवासी सरवर का 14 वर्षीय




पुत्र अर्ष अपने परिजनों के साथ सहारनपुर जनपद के नकुड थाना क्षेत्र के गांव घाटमपुर में अपनी मां के मायके में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। बताया गया कि बुधवार देर रात अर्ष सो रहा था। इसी दौरान उसे जहरीले सांप ने डंस लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी।परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सहारनपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। उपचार के दौरान किशोर ने दम तोड़ दिया।गुरुवार को परिजन किशोर के शव को लेकर गांव हाजीपुर दुगड्डा पहुंचे, जहां गमगीन माहौल में परिजनों ने सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। किशोर की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

# सरकारी स्कूल में चोरी, रसोई का ताला तोड़ गैस सिलेंडर ले गए चोर

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव खेडा कुर्तान स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने धावा बोलते हुए कार्यालय और रसोई का ताला तोड़ दिया। चोर रसोई से गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए, जबकि कार्यालय से बैटरी चोरी करने का प्रयास किया। बाद में बैटरी विद्यालय के पास झाड़ियों में बरामद हो गई। प्रधानाध्यापक ने मामले की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अक्षय कुमार ने बताया कि गुरुवार सुबह जब विद्यालय का स्टाफ स्कूल पहुंचा तो कार्यालय और रसोई के



ताले टूटे हुए । अंदर जाकर देखा तो कार्यालय का सामान बिखरा पड़ा था। वहीं रसोई से गैस सिलेंडर गायब था। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आसपास तलाश की। इस दौरान विद्यालय से ले जाई गई बैटरी पास की झाड़ियों में बरामद हो गई, जबकि गैस सिलेंडर और अन्य सामान का कोई सुराग नहीं लग सका।विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान नौशाद ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर देकर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है पुलिस टीम गठित की गई है जल्दी चोरी का खुलासा कर चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# महाराणा प्रताप स्कूल में लगाया गया स्काउट गाइड शिविर

**समाज जागरण**

बागपत। भारत स्काउट और गाइड जनपद बागपत के तत्वावधान में महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल टटीरी में चल रहे पांच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर के चौथे दिन स्काउट्स और गाइड्स को बी पी सिक्स का अभ्यास,



हाथ के संकेत, गांठे एवम बंधन, 16 दिशाओं का ज्ञान, गैजेट निर्माण, टेंट निर्माण, प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स, तिकोनी पट्टियों के उपयोग, ज्ञानद्रीय क्रियाकलाप, मीनार एवम साहसिक क्रियाए, सिग्नलिंग, अनुमान लगाना, स्ट्रेचर निर्माण और स्किल ओ रामा आदि सभी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें आल ओवर विजयी प्रतिभागियों की घोषणा केम्प के समापन दिवस पर की जाएगी। इसके अलावा एक प्रतिभागी सिद्धांत शर्मा जिसने आज की प्रतियोगिताओ में प्रथम स्थान प्राप्त किया को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय सोपान की परीक्षा के बाद सभी प्रतिभागियों की वर्दी और टेंट का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षक के रूप में गगन और शिवानी तथा सहायक के रूप में वंशम पंवार, शाकिर और जितिन रहे । संस्था के कोषाध्यक्ष अनुज कौशिक , जिला संगठन आयुक्त स्काउट अशोक बंधु भारद्वाज, जिला संगठन आयुक्त गाइड शशिबाला, राजीव कुमार एवम विकास त्यागी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मूसलाधार बारिश से जलमग्न, सड़कों पर जलभराव और कीचड़ से जनजीवन प्रभावित

**समाज जागरण**

**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर एवं क्षेत्र में देर रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। नगर के कई प्रमुख मार्गों, सरकारी कार्यालयों और अस्पताल परिसर में जलभराव हो गया, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची सड़कों पर कीचड़ फैलने से लोगों का आवागमन प्रभावित रहा। लगातार बारिश के चलते कच्चे मकानों के गिरने का खतरा भी बढ़ गया है।बारिश के कारण नगर के प्रमुख मार्गों पर पानी भर जाने से वाहन चालकों, राहगीरों और स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विकासखंड कार्यालय परिसर और आवासीय कॉलोनी में जलभराव होने से कर्मचारियों को कार्यालय पहुंचने में दिक्कत हुई तथा सरकारी कार्य भी प्रभावित रहा।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भी पानी भर जाने से उपचार के लिए आने वाले मरीजों




और उनके तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं सलेमपुर मार्ग, बिजलीघर मार्ग, शिवाला मार्ग, गंगेरू मार्ग और घसौली मार्ग समेत कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनी रही।ग्रामीण क्षेत्र की राज गार्डन कॉलोनी, जन्नत कॉलोनी सहित अन्य बस्तियों में कच्ची सड़कों पर कीचड़ फैल जाने से लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर बारिश में यही स्थिति बन जाती है।नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने, नालों की सफाई कराने और जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बारिश से शिवाला मंदिर की पुश्तैनी भूमि की दीवार गिरी, लाखों का नुकसान

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग)क्षेत्र की नई बस्ती स्थित प्राचीन शिवाला मंदिर की पुश्तैनी भूमि की वर्षों पुरानी दीवार लगातार हो रही बारिश के चलते भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे के समय दीवार के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बुधवार रात से क्षेत्र में लगातार हो रही झमाझम बारिश का पानी दीवार की नींव में भर गया। वर्षों पुरानी दीवार कमजोर होने के कारण अचानक भरभराकर गिर पड़ी। दीवार गिरने से मंदिर ट्रस्ट को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। वहीं, दीवार से सटी एक किसान की फसल भी बारिश के पानी की चपेट में आने से खराब हो गई।शिवाला



मंदिर ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं अधिवक्ता शालिनी कौशिक ने बताया कि कुछ समय पहले विद्युत विभाग की ओर से मंदिर की भूमि के पास विद्युत पोल लगाए गए थे, जिससे दीवार की नींव प्रभावित हुई। उनका आरोप है कि आसपास के लोग मंदिर की भूमि के निकट वाहन खड़े कर अतिक्रमण कर रहे हैं, जबकि कुछ लोगों ने वहां पशु भी बांधने शुरू कर दिए हैं। इससे मंदिर परिसर की भूमि और दीवार पर लगातार दबाव बना हुआ था। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मंदिर मार्ग का शीघ्र निर्माण कराने, अतिक्रमण हटाने तथा मंदिर की पुश्तैनी भूमि की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# आगरा में यमुना किनारे निखरेगा प्राकृतिक सौंदर्य, योगी सरकार 3.46 करोड़ से बनाएगी भव्य 'रिवर फ्रंट पार्क'

- झलकारी बाई चौराहे से वेदांत मंदिर तक विकसित होगा नया 'ग्रीन जोन'
- भव्य पार्क में मिलेगा 1500 मीटर लंबा पाथवे, ओपन जिम और एम्फीथिएटर
- कचरामुक्त होगा यमुना का किनारा, सघन पौधरोपण से बढ़ेगी शहर की हरियाली

**समाज जागरण**

आगरा, 06 अगस्त। योगी सरकार राज्य में पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण और शहरी बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर लगातार ऐतिहासिक कदम उठा रही है। इसी कड़ी में अब ताजनगरी में यमुना नदी के किनारों को खूबसूरत, प्रदूषण मुक्त और उपयोगी बनाने की बड़ी तैयारी शुरू हो गई है। आगरा के झलकारी बाई चौराहे से लेकर वेदांत मंदिर के पास यमुना किनारे (यमुना बैंक साइड) एक नए और भव्य पार्क का विकास किया जा रहा है। योगी सरकार की इस पहल से शहरवासियों और पर्यटकों को एक बेहतरीन और अत्याधुनिक 'ग्रीन जोन' की सौगात मिलेगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 जुलाई 2026 को किया था।

**अमृत 2.0 योजना के तहत 3.46 करोड़ का भारी-भरकम बजट**

यमुना किनारे की तस्वीर बदलने वाली इस महत्वाकांक्षी परियोजना को 'अमृत 2.0' योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है, जिस पर 3.46 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस बड़ी धनराशि का उपयोग अविकसित और कचरायुक्त क्षेत्र को एक व्यवस्थित, हरे-भरे और आधुनिक सुविधाओं वाले पार्क में तब्दील करने के लिए किया जाएगा।

योजना के तहत यहां 1500 मीटर लंबा और 1.5 मीटर चौड़ा सुंदर पाथवे, 200 वर्ग मीटर में ओपन जिम, फाउंटेन, आकर्षक लाइटिंग और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा छोटे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 300 वर्ग मीटर में 100- 150 लोगों की क्षमता वाला एक 'ओपन-एयर एम्फीथिएटर' भी बनेगा, जिसे लाल बलुआ पत्थर की सीटों के साथ डिजाइन किया गया है। पर्यटकों की सुविधा के लिए 200 वाहनों की कार पार्किंग और 1500 मीटर क्षेत्र में मजबूत फेंसिंग भी की जाएगी।

**'विजुअल कॉरिडोर', फाइटोरेमेडिएशन से होगा कचरामुक्त**

योगी सरकार नदियों के संरक्षण (रिवर फ्रंट डेवलपमेंट) पर विशेष जोर दे रही है। साइट पर मौजूद कचरे को हटाकर औपचारिक लैंडफिल में भेजा जाएगा और प्रदूषित क्षेत्र को 'फाइटोरेमेडिएशन' प्रजातियों से आच्छादित किया जाएगा। दृश्य को बेहतर बनाने के लिए ताजमहल की ओर 'विजुअल कॉरिडोर' खुले छोड़े गए हैं। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए कैसिया बाइफ्लोरा, बोगनवेलिया, नेरियम ओलियंडर, पाम और बेबी गोल्डन जैसी प्रजातियों का सघन पौधरोपण किया जाएगा। पास की कृषि भूमि पर सजावटी पौधे उगाए जाएंगे, जो इस परियोजना के रखरखाव में आर्थिक सहायता करेंगे। योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप अमृत 2.0 योजना के तहत यमुना किनारे इस भव्य पार्क का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा।

# भैंस चोरी की शिकायत करने वाले डेरी संचालक ने लगाया फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप

**- 'रिपोर्ट नहीं लिखी, उल्टा मुझे ही बना दिया आरोपी', एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

**- डेरी संचालक का आरोप–भैंस चोरों पर कार्रवाई की बजाय पुलिस ने दर्ज कर दिया मुकदमा, लोगो में रोष**

**समाज जागरण**

बागपत। कोतवाली क्षेत्र के पुराना कस्बा स्थित केतीपुरा निवासी डेरी संचालक महताब ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि भैंस चोरी के प्रयास की सूचना देने और तहरीर देने के बावजूद उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई। इसके विपरीत, विपक्षी पक्ष से मिलीभगत कर उसके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर उत्पीड़न किया जा रहा है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों में बेहद रोष है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच किसी अन्य थाने से कराए जाने की मांग की है। महताब का कहना है कि 3 अगस्त की रात करीब चार बजे वह अपनी डेरी पर पशुओं को चारा डालने गया था। इसी दौरान उसने दो युवकों को उसकी भैंस खोलकर ले जाते हुए देखा। शोर मचाने पर दोनों भैंस छोड़कर भागने लगे। पीछा करने पर उन्होंने कथित रूप से तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का दावा है कि उसने



तत्काल डायल-112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लिखित तहरीर देने की सलाह दी।

शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने कोतवाली में लिखित तहरीर भी दी, जिसकी प्राप्ति रसीद उसके पास मौजूद है। आरोप है कि इसके बाद आरोपितों ने उसे धमकी दी कि उनकी पुलिस में गहरी पकड़ है, इसलिए उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी और उल्टा उसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा।

महताब का आरोप है कि अगले दिन उसे जानकारी मिली कि उसकी शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय उसके और उसके साथियों के खिलाफ कोतवाली बागपत में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उसने इसे पूरी तरह फर्जी बताते हुए कहा कि घटना को मनगढ़ंत तरीके से दर्शाकर उसे आरोपी बनाया गया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जिन लोगों पर उसने भैंस चोरी के प्रयास का आरोप लगाया है, उनके खिलाफ पहले से हत्या, लूट, गौकशी, पशु क्रूरता और मारपीट जैसे गंभीर मामलों में कई मुकदमे दर्ज हैं तथा वे लगातार उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे की जांच किसी अन्य थाने से कराई जाए, उसकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर पूर्व सभासद नन्हे कुरैशी, इरफान, अफजाल, इसरार आदि मौजूद रहे।

# गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताओं के आरोपों पर जिला प्रोबेशन अधिकारी सम्भल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा प्रेषित आख्या के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन के महिला कल्याण अनुभाग-1 की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी, सम्भल चन्द्रभूषण के विरुद्ध प्रथम दृष्टया गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताएं पाए जाने पर उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियम-7 के अंतर्गत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निदेशालय महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध कर दिया है।

शासनादेश के अनुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी पर जैम (GeM) पोर्टल के माध्यम से क्रय एवं अनुबंध प्रक्रिया में अनियमितताएं बरतने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बेबी किट क्रय, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत लैपटॉप क्रय, मिशन वात्सल्य, चाइल्ड हेल्पलाइन, राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, वन स्टॉप सेंटर सहित अन्य योजनाओं के संचालन में गंभीर वित्तीय एवं प्रक्रियागत अनियमितताएं किए जाने के आरोप हैं। इसके अतिरिक्त जांच के दौरान शासकीय अभिलेख उपलब्ध न कराना, जांच में अपेक्षित सहयोग न देना, आवश्यक अभिलेखों का समुचित संधारण न करना, शासकीय धन के दुरुपयोग, उच्चाधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों की अवहेलना, अधीनस्थ कार्यों का शिथिल पर्यवेक्षण तथा अपने पदीय दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतने जैसे आरोप भी शासनादेश में उल्लिखित हैं।

उक्त आरोपों के संबंध में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के आधार पर शासन ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही प्रारंभ करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निदेशालय महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से संबद्ध करने के आदेश जारी किए हैं।

इस संबंध में *जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने कहा कि शासन द्वारा जारी आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन, जवाबदेही एवं सुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। शासन की योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की वित्तीय अथवा प्रक्रियागत अनियमितता, लापरवाही या शासन के निर्देशों की अवहेलना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जनहित एवं शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# यूपी में निवेशकों के लिए खुला बड़ा मौका, 18 आधुनिक बस स्टेशनों के विकास को लेकर यूपीएसआरटीसी ने मांगी निविदाएं

**समाज जागरण**

लखनऊ, 6 अगस्त। योगी सरकार में उत्तर प्रदेश के परिवहन ढांचे को आधुनिक और व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने पीपीपी मॉडल के तहत फेज-2 में प्रदेश के 18 आधुनिक प्रीमियम बस स्टेशनों एवं वाणिज्यिक परिसरों के विकास के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। इसके जरिए निवेशकों को परिवहन अवसंरचना के साथ-साथ रिटेल, होटल, फूड कोर्ट, ऑफिस स्पेस, मल्टीप्लेक्स और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में निवेश का अवसर मिलेगा। यूपीएसआरटीसी के मुताबिक इन परियोजनाओं में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावनाएं हैं। प्रस्तावित बस स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होने के साथ शहरों के प्रमुख एवं व्यावसायिक स्थानों पर विकसित किए जाने की योजना है। इससे बस यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ संबंधित शहरों में आर्थिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है।

**90 वर्ष तक की कंसेशन अवधि का प्रावधान**

योजना की प्रमुख विशेषताओं में 90 वर्ष तक की कंसेशन अवधि शामिल है। निवेशकों के लिए दीर्घकालिक एवं स्थिर व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परियोजनाओं में रिटेल, होटल, फूड कोर्ट, ऑफिस स्पेस और मल्टीप्लेक्स जैसी गतिविधियों के लिए वाणिज्यिक क्षेत्र (कॉमर्शियल स्पेस) विकसित किए जाएंगे।

# जिला पदाधिकारी ने शतरंज के विकास की बनाई कार्ययोजना, उत्कृष्ट विद्यालय व सहयोगी हुए सम्मानित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

6 अगस्त। जिला पदाधिकारी सह जिला शतरंज संघ के पदेन अध्यक्ष नवीन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला शतरंज संघ की वार्षिक आम बैठक एवं समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में शतरंज खेल के विकास, विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विस्तार तथा संघ की भावी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में महासचिव शंकर नारायण दत्ता, वित्तीय सचिव संजय कुमार सुराना एवं आयोजन सचिव कमल कर्मकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 का सीए द्वारा ऑडिटेड आय-व्यय एवं लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके बाद पुरानी कार्यकारिणी समिति को भंग कर दिया गया।

जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने संघ की लगभग 30 वर्षों की गतिविधियों पर संतोष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के हित में दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सरकारी एवं निजी विद्यालयों में 'चेस इन स्कूल' कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शतरंज प्रशिक्षण से जोड़ने पर विशेष बल दिया।

बैठक में खेल भवन में शतरंज प्रतियोगिताओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए एलईडी स्क्रीन सहित आवश्यक आधारभूत सुविधाओं पर चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने जिला शतरंज संघ को खेल पदाधिकारी के माध्यम से विस्तृत प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। अभिभावकों द्वारा खिलाड़ियों के भविष्य एवं करियर संबंधी प्रश्नों पर खेल पदाधिकारी एवं जिला शतरंज संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए बिहार सरकार की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ लेकर खिलाड़ी सरकारी सेवाओं सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर 'चेस इन स्कूल' कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग देने वाले ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, बेथल मिशन स्कूल, ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल रूईधासा, किडजी, माउंट लिटेरा जी स्कूल, स्पीड किड्स, इनसाइट पब्लिक स्कूल, मिल्लिया कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल, लिटिल क्लाउड स्कूल सहित अन्य विद्यालयों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही संघ के सक्रिय पदाधिकारियों, सहयोगी प्रायोजकों एवं खेल के विकास में योगदान देने वाले कार्यकताओं को भी सम्मानित किया गया।

महासचिव शंकर नारायण दत्ता ने जिला शतरंज संघ के संबंधन नवीनीकरण में उत्पन्न गतिरोध की जानकारी दी। आयोजन सचिव कमल कर्मकार ने बताया कि राज्य शतरंज संघ से समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया जाएगा।

बैठक में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा आदित्य कुमार, त्रिलोक चंद्र जैन, डॉ. राजकरण दफ्तरी, राकेश जैन, विमल मित्तल, दीप कुमार, आलोक कुमार, डॉ. एम. आलम, आसिफ इकबाल, साजिदूर रहमान, सुजय मिश्रा, कमोलिका चक्रवर्ती सारस्वत, सन्नी मजूमदार, जय किशन प्रसाद, फैज अहमद, अजय तिर्की, रचना कुमारी, मोनिका प्रसाद, असगर वालीउल्लाह, वर्षा राई, उमेश कुमार राय, सुधांशु सरकार, निरोज खान, रोहन कुमार, बापी चंद्र बनिक, रौनक कुमार, देव कुमार ठाकुर, राजकुमार साह, अमन कुमार गुप्ता सहित जिला शतरंज संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी, अभिभावक एवं विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अंचल अधिकारी राहुल कुमार की सक्रिय कार्यशैली से राजस्व मामलों के निष्पादन में आई तेजी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

6 अगस्त। किशनगंज प्रखंड के अंचल अधिकारी राहुल कुमार की सक्रिय, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी कार्यशैली के कारण अंचल कार्यालय में परिमार्जन, दाखिल-खारिज, भूमि विवाद सहित विभिन्न राजस्व मामलों के निष्पादन में उल्लेखनीय तेजी आई है। लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष ध्यान दिए जाने से आम लोगों को राहत मिल रही है।



अंचल अधिकारी राहुल कुमार प्रतिदिन कार्यालय पहुंचने वाले लोगों से स्वयं मिलकर उनकी समस्याएं सुनते हैं और संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हैं। जिन मामलों का समय पर निष्पादन राजस्व कर्मचारी या अंचल अमीन स्तर पर नहीं हो पाता, उनकी समीक्षा भी वे स्वयं करते हैं तथा आवश्यक निर्देश देकर मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराने का प्रयास करते हैं।

भूमि विवादों के निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान के लिए प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस दौरान दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद राजस्व अधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाती है, जिससे कई पुराने और लंबित मामलों का भी तेजी से निष्पादन हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अंचल अधिकारी राहुल कुमार की नियमित जनसुनवाई, जवाबदेह कार्यशैली और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था से राजस्व सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। लोगों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशील और जनहितकारी पहल जारी रहेगी, जिससे आम नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण राजस्व सेवाएं मिलती रहेंगी।

# डेरामारी पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइटें बनीं शोपीस, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

6 अगस्त। कोचाधामन प्रखंड की ग्राम पंचायत राज डेरामारी में स्थापित अधिकांश सोलर स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। इससे रात के समय ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत के मुखिया शाहबाज आलम ने इस संबंध में जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र मरम्मत की मांग की है।



मुखिया ने बताया कि खराब सोलर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए कई बार संबंधित कंपनियों जीईआईई प्राइवेट लिमिटेड एवं फोटोनिक्स वाटरटेक प्राइवेट लिमिटेड को लिखित और मौखिक रूप से सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि दोनों कंपनियां रखरखाव की जिम्मेदारी का समुचित निर्वहन नहीं कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर रोशनी और सुरक्षित आवागमन के उद्देश्य से सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन रखरखाव के अभाव में अधिकांश लाइटें शोपीस बनकर रह गई हैं। इससे सरकारी योजना का उद्देश्य भी प्रभावित हो रहा है और ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

मुखिया शाहबाज आलम ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मामले की जांच कराते हुए सभी खराब सोलर स्ट्रीट लाइटों की अविलंब मरम्मत कराने तथा रखरखाव में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# समय पर पहचान से दो मासूमों को मिली नई जिंदगी की उम्मीद

## आरबीएसके के तहत दो गंभीर बीमार बच्चों को आईजीआईएमएस पटना रेफर, एक बच्ची की होगी ओपन हार्ट सर्जरी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

6 अगस्त। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत समय पर बीमारी की पहचान और त्वरित रेफरल से जिले के दो गंभीर रूप से बीमार बच्चों को बेहतर इलाज की नई उम्मीद मिली है। गुरुवार को सदर अस्पताल से दोनों बच्चों को उन्नत उपचार के लिए पटना स्थित आईजीआईएमएस भेजा गया।

पोठिया प्रखंड के गेवरालोटी निवासी मोहम्मद अनायत की साढ़े छह वर्षीय पुत्री अंतरा बेगम जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित है। आईजीआईएमएस में उसकी ओपन हार्ट सर्जरी की जाएगी। वहीं, दिघलबैंक प्रखंड के हरूवाडांगा निवासी मोहम्मद अख्तर आलम के 18 माह के पुत्र आरिफ अंसारी को चाइल्डहुड एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी के विशेषज्ञ उपचार के लिए रेफर किया गया है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) डॉ. मुनाजिम ने बताया कि आरबीएसके के तहत जन्म से 18 वर्ष तक के बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। जांच के दौरान गंभीर बीमारी मिलने पर बच्चों को बिना किसी आर्थिक बोझ के सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में रेफर कर इलाज, सर्जरी और अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।



उन्होंने बताया कि नियमित स्क्रीनिंग के दौरान दोनों बच्चों की बीमारी की पहचान हुई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें तत्काल आईजीआईएमएस पटना भेजा गया, ताकि इलाज में किसी प्रकार की देरी न हो। समय पर उपचार मिलने से दोनों बच्चों के स्वस्थ होने की संभावना काफी बढ़ गई है।

जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि आर्थिक तंगी, दूरी या जानकारी के अभाव में कोई भी बच्चा बेहतर इलाज से वंचित न रहे। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर जरूरतमंद बच्चे तक समय पर जांच, रेफरल और विशेषज्ञ उपचार की सुविधा पहुंचे। सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में आरबीएसके के माध्यम से लगातार बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों में किसी भी प्रकार के असामान्य लक्षण दिखाई देने पर निकटतम सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में तुरंत संपर्क करें। समय पर जांच और उपचार बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

# संकाय विकास कार्यक्रम में विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं व शिक्षा में उद्यमिता पर चर्चा

**पंकज कुमार पाठक, समाज जागरण**

पद्मा, हजारीबाग। माँ विन्ध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 6 अगस्त को एक दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफ डी एफ) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में मनोवैज्ञानिक समस्याओं की पहचान एवं शिक्षा में उद्यमिता विषय पर विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।




कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, स्वागत गान एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग से पहुंचे विशेषज्ञों को संस्था अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता एवं उपसचिव अजीत कुमार ने पौधा एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत संयोजिका डॉ. प्रियंका कुमारी के स्वागत भाषण से हुई।

प्रथम सत्र में एम.एड. शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अमिता कुमारी ने विद्यार्थियों में व्यवहारिक बदलाव, मानसिक तनाव, अवसाद तथा मनोवैज्ञानिक समस्याओं की प्रारंभिक पहचान में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने फ्लिप्ड क्लासरूम एवं ग्रुप लर्निंग जैसी आधुनिक शिक्षण विधियों के महत्व को भी रेखांकित किया।

द्वितीय सत्र में सह-प्राध्यापिका डॉ. विनीता बांकिरा ने शिक्षा में उद्यमिता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एजुकेशनल स्टार्टअप्स, शिक्षा में ए आई एवं वर्चुअल लैब्स, सरकारी पहलों तथा भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. प्रियंका कुमारी ने किया। मंच संचालन प्रशिक्षु बिपिन कुमार ने किया, जबकि मनीषा यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# नबीनगर: उत्तर कोयल नहर में डूबे युवक का शव 24 घंटे बाद बरामद

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार )नबीनगर प्रखंड के रामपुर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरिया गांव के पास उत्तर कोयल नहर में डूबकर लापता हुए युवक का शव करीब 24 घंटे बाद बरामद कर लिया गया है।बताया जाता है कि युवक बीते दिन नहर में पैर फिसलने के दौरान गहरे पानी में डूब गया था। सूचना पर टंडवा थाना पुलिस और सीओ नबीनगर की टीम ने एसडीआरएफ ,गोताखोरों की मदद से देर शाम तक तलाश की थी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कांडी गांव के समीप उत्तर कोयल नहर के फाटक के पास एक शव तैरता हुआ दिखाई दे रहा है। सूचना मिलते ही टंडवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर उसे कब्जे में ले लिया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया है।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# नरारीकला खुर्द पुलिस ने डी.डब्ल्यू. वारंटी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार )नरारीकला खुर्द थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत डी.डब्ल्यू. वारंट के आधार पर एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष के अनुसार एसआई अंजलि कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मेह गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने वारंटी सुनील सिंह उम्र लगभग 56 वर्ष पिता स्व. रामपति सिंह को गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।



# कार से 378 लीटर विदेशी शराब बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। साथ ही मौके से 2 तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान प्रियांशु कुमार सिंह और शिवम कुमार दोनों झारखंड के रांची निवासी है। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक कार से अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम ने रहरा गांव के समीप वाहन जांच अभियान चलाया।जांच के दौरान पुलिस ने एक कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी में कार से कुल 378 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। मौके से शराब तस्करी में शामिल 2 तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ की जा रही है। बरामद शराब और कार को जप्त कर थाने लाया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।यह एस आई सुनीता कुमारी एवं सशस्त्र बल द्वारा किया गया



# पटना में मंत्री के आश्वासन पर निगम के कार्यपालक अधिकारियों ने वापस ली हड़ताल, आज से लौटेंगे काम पर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राज्य के नगर निकायों के कार्यपालक अधिकारियों ने बुधवार को अपनी हड़ताल वापस ले ली है। दो अधिकारियों की हत्या के विरोध में वे दो अगस्त से सामूहिक अवकाश और कार्य बहिष्कार पर थे। नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा के साथ बिहार अर्बन सर्विस एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल की सकारात्मक वार्ता के बाद यह फैसला लिया गया। हालांकि, संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 31 अगस्त 2026 तक मांगों पर विभागीय अधिसूचना जारी नहीं हुई, तो वे दोबारा आंदोलन शुरू करेंगे।वार्ता के दौरान अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई अहम कदम उठाए गए हैं। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे कार्यपालक अधिकारियों के शस्त्र लाइसेंस आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटारा करें। इसके साथ ही, राज्य के सभी नगर निकायों में तुरंत सशस्त्र होमगार्ड तैनात करने के आदेश दिए गए हैं, ताकि अधिकारियों को एक मजबूत सुरक्षा घेरा मिल सके। भू-माफियाओं के दबाव और फर्जी शिकायतों से अधिकारियों को बचाने के लिए एक पारदर्शी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की जाएगी। इसके तहत अब बिना शपथ पत्र के किसी भी शिकायत की जांच नहीं की जाएगी। झूठी शिकायत करने वालों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई होगी, और माफियाओं के दबाव की शिकायतों पर तत्काल कानूनी कदम उठाए जाएंगे। दिवंगत अधिकारियों के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए पहले ही एसआईटी का गठन किया जा चुका है। एसोसिएशन ने दोनों दिवंगत अधिकारियों को शहीद का दर्जा देने, उनके परिवारों को दो-दो करोड़ रुपये का मुआवजा देने और आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी देने की मांग रखी है, जिस पर सरकार ने नियमानुसार त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। सरकार के इन आश्वासनों के बाद 160 से अधिक कार्यपालक अधिकारियों की आपात बैठक में हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की गई।




# पटना में अनियंत्रित बालू लदे ट्रक ने टेम्पो को रौंदा, मां-बेटे की मौत पिता समेत तीन गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहटा-दनियावां-सरमेरा एसएच-78 पर गुरुवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सैदनपुर गांव के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित बालू लदे ट्रक ने एक सीएनजी टेम्पो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टेम्पो के परखच्चे उड़ गए। इस भीषण दुर्घटना में टेम्पो पर सवार एक महिला और उनके तीन वर्षीय मासूम बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि मृतका के पति और उनके दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने अपने स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही गौरीचक, पचरुखिया और फतुहा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया, वहीं घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों की पहचान शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव निवासी 36 वर्षीय सुलेखा देवी और उनके तीन वर्षीय पुत्र ऋषभ कुमार के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायलों में मृतका के पति एवं टेम्पो चालक गौतम कुमार यादव, उनका पांच वर्षीय पुत्र यश कुमार और आठ वर्षीय पुत्री रिया कुमारी शामिल हैं। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, गौतम कुमार यादव अपने परिवार के साथ पटना के पटनपुरा डेरा में रहकर सीएनजी टेम्पो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। गुरुवार की सुबह वह अपने परिवार को लेकर टेम्पो से पटनपुरा जा रहे थे। इसी दौरान सैदनपुर गांव के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने उनके वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। इस भयानक हादसे के बाद सड़क पर करीब दो-तीन घंटे तक आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। घटना के बाद से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश के लिए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# पटना में समझौते के बाद सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त, सरकार ने मानी कई मांगें

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ विभिन्न मांगों को लेकर पिछले कुछ दिनों से चल रही नगर निकाय सफाई कर्मियों की हड़ताल गुरुवार को आधिकारिक रूप से समाप्त हो गई है। हड़ताल समाप्त होने के बाद सफाईकर्मी संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर समझौते पर खुशी जताई। बैठक में पटना नगर निगम के नगर आयुक्त यशपाल मीणा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार नगर निकायों में कार्यरत सफाई कर्मियों के कल्याण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि अब दैनिक कर्मियों को अवकाश, ग्रेच्युटी और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं दी जाएंगी। इसके अलावा, उन्हें स्थायी कर्मचारियों की भांति अन्य सेवा लाभ भी उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी सहमति बनी कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से काम कर रहे सफाई कर्मियों का वेतन अब बिचौलियों के बजाय सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। साथ ही, उन्हें पहली बार बोनस का लाभ भी प्रदान किया जाएगा, जो व्यवस्था पहले लागू नहीं थी। नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि सफाई कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। अधिकांश प्रमुख मांगों पर सहमति बन चुकी है, जबकि शेष अन्य मांगों पर विचार के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे के नीतिगत निर्णय लिए जाएंगे। इससे पहले बुधवार को पटना नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की विशेष बैठक में सफाई कर्मियों की तीनों प्रमुख मांगों को स्वीकृति मिल गई थी। निगम इन प्रस्तावों को आगे की कार्रवाई के लिए विभाग को भेजने की प्रक्रिया में था, जिससे हड़ताल के पूर्ण समाधान का रास्ता साफ हो गया।




# 30 दिन में पलटा पासा पटना के पालीगंज सीओ के तबादले ने खींचा सबका ध्यान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में महज एक महीने के भीतर हुआ "सीओ स्वैप" प्रशासनिक गलियारों में भारी चर्चा का विषय बन गया है। मामला पटना जिले के पालीगंज अंचल से जुड़ा है, जहां महज 30 दिनों के भीतर स्थिति ठीक वैसी ही हो गई जैसी पहले थी।इस अजीबोगरीब प्रशासनिक फेरबदल की पूरी क्रोनोलॉजी इस प्रकार है की 30 जून 2026 को पालीगंज के तत्कालीन अंचल अधिकारी (सीओ) महेश कुमार का तबादला कर उन्हें शिवहर में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में भेजा गया। उसी दिन उनकी जगह पालीगंज अंचल में नए सीओ के रूप में सौरव कुमार की तैनाती की गई। ठीक एक महीने बाद विभाग द्वारा एक नया आदेश जारी किया गया, जिसके तहत सौरव कुमार को वहां से हटाकर वापस शिवहर भेज दिया गया। जबकि महेश कुमार की दोबारा पालीगंज सीओ के पद पर धमाकेदार वापसी हो गई। यानी मात्र एक महीने के अंतराल में कुर्सी घूम-फिरकर फिर से उसी अधिकारी के पास पहुंच गई।इस त्वरित अदला-बदली ने कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं की क्या महेश कुमार का पालीगंज से कोई विशेष प्रशासनिक या व्यक्तिगत लगाव है, या फिर यहां का कार्यभार ऐसा है कि उनके बिना काम चल नहीं पा रहा है? यह महज 30 दिनों में तबादला रद्द कर पुराने अधिकारी को वापस लाने से विभागीय साख पर सवालिया निशान खड़े होते हैं।यहां की जनता की प्रेसगनी यह है कि पालीगंज अंचल में जमीन विवाद, दाखिल-खारिज और परिमार्जन के सैकड़ों मामले पहले से लंबित हैं।

# अपना दल (एस) के वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव बने चंदेश्वर नारायण सिंह

**शिव तिवारी समाज जागरण**



बड़ागांव वाराणसी बड़ागांव बिकास क्षेत्र के खटौरा गांव निवासी चंदेश्वर नारायण सिंह को अपना दल (एस) के शीर्ष नेतृत्व द्वारा वाराणसी परिक्षेत्र का क्षेत्रीय सचिव नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर कार्यकताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा संगठन के लिए इसे एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया।

नवनियुक्त क्षेत्रीय सचिव चंदेश्वर नारायण सिंह ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने, कार्यकताओं को साथ लेकर चलने तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

गुरुवार को उन्होंने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है जिसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से डा॰ नरेंद्र पटेल क्षेत्रीय अध्यक्ष, डॉ सुनील पटेल रोहनिया विधायक, राजेश वर्मा विधानसभाध्यक्ष पिण्डरा, जय सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष (छात्रमंच), राजकुमार राव, विजय सरोज, रमेश पटेल सहित अन्य क्षेत्रीय लोगों ने बधाई एवं अपनी शुभकामनाएं दी है।

# शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव: राजेश मिश्रा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**





रामेश्वर वाराणसी। सेवापुरी विकासखंड के हरिहरपुर स्थित अमरावती इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में गुरुवार को स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। यह वितरण छात्राओं की शिक्षा को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. विपिन पाठक थे, जिनके सौजन्य से ये साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं का आत्मनिर्भर और सशक्त होना भी आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी पढ़ाई नियमित और सुगम बनेगी। डॉ. पाठक ने छात्राओं से लगन और मेहनत से अध्ययन कर अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के प्रबंध निदेशक राजेश मिश्रा ने घोषणा की कि स्नातक तृतीय वर्ष में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। संस्थान भविष्य में भी छात्र-छात्राओं के हित में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।इस मौके पर नंदलाल त्रिपाठी, सुधीर सिंह, जय प्रताप मिश्र, जयप्रकाश सिंह, अंबुज मिश्रा, चंदन मिश्रा, शक्ति मिश्रा, अजय मौर्य, दीक्षा सिंह, स्वाति सिंह, प्रीति सिंह, दीपा दुबे और सुनील पटेल सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ हुआ।

# हाईवा की टक्कर से दो गाय घायल, चालक ने दिखाई मानवता

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के वाराणसी-बाबतपुर मार्ग पर गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आने से दो गाय गंभीर रूप से घायल



हो गईं। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चालक ने वाहन रोककर घायल पशुओ को बाहर निकलवाया और पशुपालकों से बातचीत कर इलाज कराने की सहमति जताई।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे जमालपुर गांव के पशुपालक छोटई यादव, लल्लन यादव और प्रकाश यादव अपने मवेशियों को चराने के लिए बाबतपुर गैस प्लांट के समीप ले जा रहे थे। गैस प्लांट के पास स्थित क्रॉसिंग से सभी पशुओं को सड़क पार कराया जा रहा था। अधिकांश भैंस और गाय सड़क पार कर चुकी थीं, तभी पीछे रह गई दो गायों को वाराणसी से बाबतपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने पशुओं को बचाने के लिए ब्रेक लगाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दोनों गायें वाहन की चपेट में आ चुकी थीं। हाईवा का अगला पहिया दोनों गायों के ऊपर चढ़ गया, जिससे एक गाय का अगला दाहिना पैर बुरी तरह कट गया जबकि दूसरी गाय का पिछला दाहिना पैर टूट गया।

हादसे के बाद चालक ने वाहन रोककर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों गायों को बाहर निकलवाया। घायल होने के बावजूद दोनों गायों ने उठकर चलने का प्रयास किया, लेकिन पैरों में गंभीर चोट होने के कारण वे कुछ ही दूरी पर हाईवे पर बैठ गईं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए।

पशुपालकों ने चालक को रोककर घायल पशुओं के इलाज की व्यवस्था कराने की मांग की। चालक ने भी मानवता का परिचय देते हुए वाहन को सड़क किनारे खड़ा किया और पशुपालकों से बातचीत कर आपसी सहमति के आधार पर इलाज का खर्च उठाने पर सहमति जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाराणसी-बाबतपुर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण के प्रभावी उपाय करने तथा पशु क्रॉसिंग वाले स्थानों पर चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है।

# हरहुआ में एचटी लाइन पर गिरा शीशम का पेड़, साढ़े चार घण्टे ठप रहा बिजली आपूर्ति

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत कोइराजपुर फीडर पर गुरुवार को सुबह शीशम का पेड़ गिरने से साढ़े चार घण्टे विद्युत आपूर्ति ठप रहा।

हरहुआ -रामेश्वर पंचक्रोशी मार्ग पर सुबह तेज बरसात के चलते अचानक एक शीशम का पेड़ एचटी लाइन पर गिर गया जिसके चलते एक खम्भा व एबीसी केबल सड़क पर गिर गया लेकिन संयोग अच्छा था कि पोल ,केबल सलामत रहा। सड़क कुछ समय तक जाम रहा लेकिन स्थानीय लोगो ने काटकर राहत दिलाया।

घटना की सूचना पर हरहुआ विद्युत उपकेंद्र के जेई दीपू कुमार, चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानन्द द्विवेदी व वन विभाग के कर्मचारी पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए साढ़े चार घण्टे बाद दोपहर साढ़े ग्यारह बजे आपूर्ति बहाल कराया। क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली।

# बाबतपुर फोरलेन पर सीएनजी सिलेंडर से गैस रिसाव, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी बड़ागांव थाना क्षेत्र स्थित बाबतपुर में बुधवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। वाराणसी-जौनपुर फोरलेन पर सीएनजी सिलेंडरों से लदा एक मालवाहक वाहन अचानक गैस रिसाव का शिकार हो गया। सिलेंडर के वाल्व में तकनीकी खराबी आने के कारण गैस तेजी से बाहर निकलने लगी, जिससे कुछ ही देर में आसपास के क्षेत्र में गैस की तीखी गंध फैल गई। घटना वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगभग एक किलोमीटर पहले हुई, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। हालांकि चालक की सूझबूझ, कंपनी की तकनीकी टीम और फायर ब्रिगेड की तत्परता के चलते स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, सीएनजी सिलेंडरों से लदा वाहन सप्लाई के लिए जा रहा था। रात करीब 12:40 बजे बाबतपुर फोरलेन पर चलते समय चालक को एक सिलेंडर के वाल्व से गैस रिसाव होने का आभास हुआ। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उसने तत्काल वाहन को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिया। इसके बाद उसने बिना देर किए संबंधित सीएनजी कंपनी के अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी।

सूचना मिलते ही पिंडरा फायर स्टेशन से दमकल की टीम मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर पुलिस और दमकल कर्मियों ने आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी पर भेज दिया, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। गैस के प्रभाव को कम करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार भी की।

कुछ ही देर बाद सीएनजी कंपनी की तकनीकी टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई। जांच के दौरान पता चला कि सिलेंडर के वाल्व में तकनीकी खराबी के कारण गैस का रिसाव हो रहा था। कर्मचारियों ने तत्काल खराब वाल्व और नोजल को बदल दिया, जिसके बाद गैस का रिसाव पूरी तरह बंद हो गया। स्थिति सामान्य होने पर राहत की सांस ली गई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर सीएनजी सिलेंडरों से गैस रिसाव की यह पहली घटना नहीं है। पिछले छह महीनों में तीन से चार बार इसी प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें हर बार वाल्व या नोजल की तकनीकी खराबी मुख्य वजह रही है। फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय पर कार्रवाई होने के कारण किसी प्रकार की जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने सीएनजी सिलेंडरों के परिवहन के दौरान नियमित तकनीकी जांच और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# शमशेर सिंह पटेल बने क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। आगामी चुनाव को देखते हुए अपने कार्यकताओं को और जिम्मेदारी देने के क्रम में आज शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के बनवारीपुर गांव निवासी अपना दल "एस" के सक्रिय सदस्य शमशेर सिंह पटेल को



अपना दल "एस"द्वारा वाराणसी परिक्षेत्र का क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य पद पर नियुक्त किया गया,आज उनको मिले नए पद पर उनके आवास पर सुनील पटेल (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वाराणसी परिक्षेत्र) ने उन्हें अंगवस्त्र , मोमेंटो तथा मिठाई खिलाकर नई जिम्मेदारी के सकुशल निर्वहन के लिए बधाई ।साथ ही उन्होंने कहा हम सभी को अपने पार्टी को और मजबूत करने का करते रहना है जिससे आगामी चुनाव में हमारी पार्टी लोगो का और विश्वास जीत पर विकास कार्य को तेजी से कर सके।कार्यक्रम में मुख्य रूप से राहुल पटेल, गोविंद पटेल (पूर्व जिला अध्यक्ष आई टी मंच) , लखन ( जिला सचिव),गौरव कुमार,अजय पटेल, विकास पटेल मल्लु, नीरज पटेल रघु , अजय पटेल, गगन पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध खनन पर सख्ती, ब्लास्टिंग सुरक्षा और वृक्षारोपण सुनिश्चित करें : डीएम

**मीरजापुर में खनन पट्टाधारकों के साथ बैठक, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा मानकों के पालन के दिए निर्देश**

**समाज जागरण**



मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में उपखनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन, खनन क्षेत्रों में ब्लास्टिंग की सुरक्षा व्यवस्था तथा खनन के बाद वृक्षारोपण और भूमि पुनर्स्थापन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) एवं प्रभारी अधिकारी खनिज विनोद कुमार सिंह, संबंधित उपजिलाधिकारी, खान सुरक्षा निदेशालय के अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी तथा खनन पट्टाधारक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में बालू, मोरम, गिट्टी और बोल्डर के अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवरलोडिंग पर नियमित अभियान चलाकर उत्तर प्रदेश उपखनिज परिहार नियमावली-2021 एवं खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम-1957 के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी पट्टाधारक स्वीकृत क्षेत्र से ही ई-एमएम-11 के माध्यम से उपखनिज का परिवहन करें तथा भंडारणकर्ता ई-फॉर्म-सी के जरिए परिवहन करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने ब्लास्टिंग कार्य केवल सक्षम विभाग की अनुमति तथा प्रबंधक, फोरमैन एवं ब्लास्टर की निगरानी में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खनन कार्य 45 डिग्री कोण पर किया जाए, मानक के अनुसार बेंच बनाकर खुदाई हो तथा खान सुरक्षा निदेशालय के सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए। साथ ही श्रमिकों को हेलमेट, सुरक्षा जूते, डस्ट मास्क सहित सभी आवश्यक पीपीई किट उपलब्ध कराने और समय-समय पर प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि खनन क्षेत्र में मौजूद पेड़ों को किसी भी स्थिति में नुकसान न पहुंचाया जाए। प्रत्येक एकड़ खनन क्षेत्र के लिए कम से कम 200 फलदार एवं छायादार पौधे रोपित कर उनकी सिंचाई और सुरक्षा की व्यवस्था की जाए। उन्होंने खनन के बाद भूमि के पुनर्स्थापन, मलबा निस्तारण और व्यापक वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन समिति की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**



मीरजापुर / जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत भवन के सभागार में एकीकृत बागवानी विकास मिशन समिति की बैठक आहूत की गया। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी ने सर्वप्रथम एकीकृत बागवानी विकास मिशन वर्ष 2025-26 में कराये गये कार्यों के विषय में जानकारी दी तत्पश्चात वर्ष 2026-27 में प्राप्त लक्ष्यों के सम्बन्ध में चर्चा करते हुये बताया कि विभाग द्वारा उक्त योजनान्तर्गत पौध रोपण, संकर सब्जी की खेती, मसाला की खेती, पुष्प की खेती आदि पर कृषकों को डी0बी0टी0 के माध्यम से 50 प्रतिशत से अनुदानित कर रही है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि केले की खेती हेतु जनपद में एफ0पी0ओ0 के माध्यम से बड़े पैमाने पर राइपनिंग चैम्बर का निर्माण कराना सुनिश्चित करें। मसाले की खेती में मिर्च के उन प्रजातियों को ज्यादा बढ़ावा दें जिनका व्यापार विदेशों में आसानी से किया जा सके साथ ही साथ हरी मिर्च का पावडर तैयार कराने की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें साथ ही साथ जनपद के प्रसिद्ध मन्दिरों में चढ़ावे के फूलों को जो बर्बाद हो रहे है उनकी प्रोसेसिंग यूनिट तैयार कर धूपबत्ती आदि बनाया जाये जिससे फूलों की बबार्दी न हो तथा आय का स्त्रोत भी तैयार हो। जिला उद्यान अधिकारी ने जिलाधिकारी को आवश्वस्त किया कि उक्त हेतु निदेशालय को प्रस्ताव भेजते हुये कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा साथ ही साथ अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रमों के अलावा जैविक खेती, वर्मी युनिट इकाई की स्थापना, एच.डी.पी.ई वर्मी यूनिट, पैक हाउस व मशीनीकरण पर भी कृषकों को अनुदानित किया जाता है, जिस पर जिलाधिकारी ने जैविक खेती के लक्ष्य को कम बताया तथा शासन स्तर पर उक्त लक्ष्य को बढ़ाने तथा बाढ़ग्रस्त 4 सौ गांवों में जैविक खेती को बढ़ावा दिये जाने हेतु निर्देषित किया। जिला उद्यान अधिकारी ने समिति को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना का क्रियान्वयन कराया जा रहा है जिसमें एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना की तरह ही कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। साथ ही समिति को अवगत कराया गया इस वर्ष से मखाना की खेती का कार्यक्रम भी जनपद हेतु प्रारम्भ किया गया है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद में उक्त योजना का 50 प्रतिशत हिस्सा समूहों को उपलब्ध कराया जाय जिससे कि समूह की महिलाओं को भी लाभ प्राप्त हो। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है जिससे कृषकों को खेती करने में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। उक्त योजना के विषय में बताया कि कृषकों को सब्जी आदि के खेती में ड्रिपध्मिनी व पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई काफी कारगर साबित हो रही है। जिसमें कृषकों को ड्रिपध्मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति की स्थापना करने पर सामान्य कृषक को 80 प्रतिशत तथा लघु/सीमान्त कृशक को 90 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है वहीं पोर्टेबल स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति पर सामान्य कृषक को 65 प्रतिशत तथा लघु/सीमान्त कृषक को 75 प्रतिशत अनुदान प्रदान किये जाने का प्राविधान है। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त योजना को और बड़े पैमाने पर किये जाने की आवश्यकता है। जिला उद्यान अधिकारी ने टास्कफोर्स के गठन हेतु समिति से अनुमति चाही जिससे समिति के सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। जिला उद्यान अधिकारी ने टास्कफोर्स के गठन हेतु समिति से अनुमति चाही जिससे समिति के सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। साथ ही जनपद के तहसील मड़िहान विकासखण्ड पटेहरा कलां के ग्राम देवरी में सेण्टर आफ एक्सीलेंस फार ड्रैगन फ्रूट की स्थापना के सम्बन्ध में अवगत कराया तथा बताया कि आतिथि तक लगभग रुपए 5 करोड़ की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है तथा निर्माण का कार्य चल रहा है। समिति के सदस्यों ने उद्यान विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों की सराहना की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विषाल कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम, परियोजना निदेशक डूडा, उप कृषि निदेशक विकेष पटेल, सहायक निदेशक मत्स्य, राम सिंह, जिला कृशि अधिकारी अवधेष यादव, वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, मीरजापुर, डी0सी0 एन.आर.एल. एम. के प्रतिनिधि, एल.डी.एम. एवं प्रगतिशील कृषक आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का किया गया आयोजन

**समाज जागरण**



मीरजापुर /मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला क्रमशः दो पालियों में 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया गया।

उक्त वर्कशाप में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं संयुक्त आयुक्त उद्योग वीरेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए सुझाव दिया गया कि जॉबसीकर के बजाय जॉब क्रियेटर बनें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि अपनी प्रतिभा के अनुसार ऐसे कार्य को आजीविका के रूप में अपनाया जाय जिससे की आनन्द की अनुभूति हो। मीरजापुर जनपद कृषि प्रधान जनपद है अतः कृषिगत गतिविधियों से उद्योग एवं सेवा में विस्तार को प्राथमिकता प्रदान करना होगा। जैसे-डेयरी व्यवसाय का विस्तार एवं विकास राजगढ़, पटेहरा एवं हलिया क्षेत्रो में अधिकता से हो सकता है। इसी प्रकार प्रोजेक्ट गंगा के तहत समस्त ब्लॉको एवं ग्राम पंचायतो में इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर के रूप में रोजगार सृजन एवं सेवा विस्तार की संभावना एवं अवसर के बारे में मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा प्रेरित किया गया। प्रथम पाली में लाभार्थियों, इच्छुक उद्यमियों, युवाओं एवं एम०एस०एम०ई० के लिए सरकारी योजनाओं की जानकारी (सी०एम० युवा, ओ०डी०ओ०पी०, एम०वाई०एस०वाई०, एम०एस०एम०ई० पॉलिसी आदि), बिजनेस आइडिया एवं अवसर, प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं आवश्यक दस्तावेज, लोन आवेदन प्रक्रिया, बिजनेस रजिस्ट्रेशन मार्केटिंग एवं डिजिटल प्लेटफार्म, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन एवं प्रश्नोत्तर पर आधारित रहा एवं द्वितीय पाली में सभी स्टेक होल्डर जैसे बैंक प्रतिनिधि एवं अन्य विभागों का क्षमता संवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाधान टीम के युगल नारायण, अमन एवं बैंक विशेषज्ञ श्री मुकेश वाष्र्णेय के द्वारा समस्त जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की गयी। कार्यशाला के दौरान उपायुक्त उद्योग, श्री संदीप कुमार तथा एल०डी०एम० आनन्द कुमार झाँ उपस्थित रहें एवं योजनाओं से सम्बन्धित समस्त पृच्छाओं का निराकरण किया।

# कांवड़ मार्गों पर दौड़ रहीं बाइक एंबुलेंस, मिनटों में मिल रहा उपचार

## योगी सरकार और जिला प्रशासन की पहल से 6 प्रमुख रूटों पर 18 बाइक एंबुलेंस तैनात

**समाज जागरण**

मेरठ, 6 अगस्त। श्रावण कांवड़ यात्रा में लाखों शिवभक्तों की सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार और मेरठ जिला प्रशासन ने चिकित्सा व्यवस्था को हाईटेक बना दिया है। पहली बार कांवड़ मार्गों पर 18 बाइक एंबुलेंस उतारी गई हैं, जो भीड़भाड़ और संकरे रास्तों में भी कुछ ही मिनटों में कांवड़ियों तक पहुंचकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध करा रही हैं। गंभीर स्थिति होने पर तत्काल बड़े अस्पताल तक रेफर करने की व्यवस्था भी की गई है। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग ने पूरी कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक चिकित्सा प्रबंधन तैयार किया है।

**छह प्रमुख रूटों पर तैनात हैं 18 बाइक एंबुलेंस**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सकौती से मोहिउद्दीनपुर तक 6 बाइक एंबुलेंस तैनात की गई हैं। सलावा झाल से सिवालखास पुल तक 4 बाइक एंबुलेंस सेवाएं दे रही हैं। दयावती मोदी एकेडमी से बेगमपुल, बेगमपुल से परतापुर, बेगमपुल से लोहिया नगर सब्जी मंडी तथा हापुड़ अड्डा से माछरा रोड तक 2-2 बाइक एंबुलेंस लगातार गश्त कर रही हैं। इनका उद्देश्य किसी भी बीमार या घायल कांवड़िए तक सबसे पहले पहुंचकर उपचार उपलब्ध कराना है।

**भीड़ में भी मिनटों में पहुंच रही राहत**

कांवड़ यात्रा के दौरान कई स्थानों पर भारी भीड़ और यातायात प्रतिबंध के कारण सामान्य एंबुलेंस का पहुंचना कठिन हो जाता है। ऐसे में बाइक एंबुलेंस सबसे प्रभावी साबित हो रही हैं। प्रत्येक बाइक पर प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ और आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां उपलब्ध हैं। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार देती है और जरूरत पड़ने पर मरीज को एंबुलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था करती है।

**32 हेल्थ कैंप और 25 निजी अस्पताल भी तैयार**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रसाद ने बताया कि कांवड़ मार्गों पर 32 हेल्थ कैंप स्थापित किए गए हैं, जहां प्रशिक्षित चिकित्सक, दवाइयां, वैक्सीन कैरियर और आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध हैं। इसके अलावा जिले के 25 निजी अस्पतालों में भी बेड आरक्षित किए है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में कांवड़ियों को तुरंत बेहतर उपचार मिल सके। एंटी स्नेक वेनम, डॉग बाइट इंजेक्शन समेत सभी जरूरी दवाइयों की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पावर मार्ग पर पड़ने वाले हर सीएचसी को दो से तीन चिकित्सा शिविर लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

# आस्था, अनुशासन और सामाजिक समरसता का संदेश दे रही कांवड़ यात्रा: मुख्यमंत्री

**समाज जागरण**

लखनऊ, 06 अगस्तः- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था, अनुशासन और सामाजिक समरसता का महापर्व है। इसके शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। भ्रामक और मिथ्या समाचार फैलाकर माहौल बिगाड़ने के हर प्रयास का तत्काल तथ्यात्मक खंडन किया जाए। पवित्र धार्मिक आयोजनों में उपद्रव, अराजकता और गुंडागर्दी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की दबिश, 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त

## कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देश पर लगातार चल रहा अभियान, ग्राम रटगा के देवराजपारा में आबकारी टीम ने की कार्रवाई

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला। जीपीएम जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देश तथा जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सीमा गुप्ता के मार्गदर्शन में विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। इसी अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम रटगा के देवराजपारा में दबिश देकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान गजंत लाल अमलेश के कब्जे से लगभग 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब बरामद की गई। आबकारी टीम ने बरामद अवैध मदिरा को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की।

आबकारी विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से अवैध रूप से महुआ शराब बनाने और बेचने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। विभाग का अभियान जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

जिला आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी और ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# करौली शंकर दास जी महाराज जा जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया

**समाज जागरण**
**अनूपपुर- श्री करौली शंकर**

महादेव धाम में विगत दिनों श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर दास जी महाराज का 62वां जन्मोत्सव श्रद्धा,भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया,इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अमेरिका, यूरोप एवं चेक गणराज्य सहित अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया,इसी आयोजन के साथ 29 जुलाई से प्रारंभ हुए चार दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2026 का समापन कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान गुरु पूजन,वैदिक मंत्रोच्चार, ध्यान साधना, आध्यात्मिक प्रवचन तथा भक्तों के लिए विशेष आशीर्वाद सत्र आयोजित किए गए,पूरे धाम परिसर में भक्ति, अनुशासन और आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला,हजारों श्रद्धालुओं ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण किया।

अपने संबोधन में पूर्ण गुरु श्री करौली शंकर दास जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मबोध,आंतरिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति है।

उन्होंने कहा कि ध्यान, साधना और दृढ़ संकल्प के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है तथा मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और आध्यात्मिक जागरूकता को विकसित कर सकता है,श्री करौली शंकर दास जी महाराज के अनुयायियों के अनुसार, वे प्राचीन भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं को आधुनिक संदर्भ में समझाने का प्रयास करते हैं,उनके प्रवचनों में *'स्मृति महाविज्ञान' तथा *'शिव तंत्र' जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की जाती है,जिनका उद्देश्य व्यक्ति को स्वयं के भीतर परिवर्तन और आत्मचिंतन की दिशा में प्रेरित करना है। धाम में संचालित तंत्र क्रिया योग साधना पद्धति के माध्यम से गृहस्थ जीवन जीने वाले साधकों को भी नियमित ध्यान, योग एवं वैदिक साधना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। संस्था का कहना है कि इसका उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिक अनुशासन, आत्मविकास और संतुलित जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है।

पिछले कुछ वर्षों में श्री करौली शंकर महादेव धाम से जुड़े आध्यात्मिक कार्यक्रमों में देश-विदेश से श्रद्धालुओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है। संस्था के अनुसार, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों से लाखों लोग नियमित रूप से प्रवचनों,ध्यान सत्रों और आध्यात्मिक कार्यक्रमों से जुड़ रहे हैं। हाल ही में श्री करौली शंकर दास जी महाराज को भारतीय आध्यात्मिक परंपरा ,समाजसेवा तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'भारत गौरव सम्मान' से भी सम्मानित किया गया। संस्था का कहना है कि उनका उद्देश्य भारतीय आध्यात्मिक ज्ञान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना और समाज में सकारात्मक परिवर्तन की भावना को मजबूत करना है।

चार दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव के समापन के साथ श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा आगामी आध्यात्मिक कार्यक्रमों में पुनः सम्मिलित होने का संकल्प व्यक्त किया। आयोजन के समापन पर सेवा कार्य एवं प्रसाद वितरण भी संपन्न हुआ। उक्ताशय की जानकारी करौली शंकर महादेव धाम से जुड़े दरबार के मंत्र दीक्षित भक्त हनी चौरसिया एवं राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से दी।

# गांधीनगर से सिद्ध बाबा धाम तक निकलेगी कावड़ यात्रा

**समाज जागरण**

अमलाई। आगामी 9 अगस्त रविवार को शिव शक्ति महिला मंडल के तत्वाधान में श्रावण मास में हर वर्ष की भांति कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गांधीनगर सोडा फैक्ट्री से प्रारंभ होगी और सिद्ध बाबा धाम एकादश मुखी हनुमान मंदिर तक पहुंचेगी।

# पीआईबी भोपाल द्वारा अनूपपुर में आयोजित हुआ वातार्लाप कार्यक्रम

## विभागीय अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने दी विकसित भारत @२०४७, आयुष्मान भारत/ वीबी- जी राम जी एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर विस्तार से जानकारी

### मीडिया कर्मियों के प्रश्नों का किया गया समाधान

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर ,/ पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), भोपाल द्वारा अनूपपुर में वातार्लाप कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम "विकसित भारत@2047" ग्रामीण जन , आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJA ) सहित केन्द्र सरकार की अन्य महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं पर केन्द्रित रहा कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी आमजन एवं मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने बताया कि वीबी- जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण विकास ढांचे को विकसित भारत @2047 की राष्ट्रीय दृष्टि के अनुरूप बनाने और ग्रामीण परिवारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की उन्नत वैधानिक मजदूरी-रोजगार गारंटी प्रदान किए जाने का प्रावधान है योजना के तहत वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आने वालों के लिए रोजगार की व्यवस्था की जाती है साथ ही उनकी विस्तारित आजीविका सुरक्षा ढांचे में अधिक प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने बताया की जल-सुरक्षा (जल-संबंधित कार्यों के माध्यम से), मुख्य ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका-संबंधित अवसंरचना तथा चरम मौसम घटनाओं के शमन हेतु विशेष कार्यों पर विषयगत फोकस के साथ सार्वजनिक कार्यों के जरिए सशक्तिकरण, विकास, अभिसरण और संतृप्ति को बढ़ावा दिया जाता है जिससे ग्रामीणजन विकसित भारत की राष्ट्रीय और अवसंरचना स्टैक के निर्माण में अपनी उल्लेखनीय भूमिका निभा सके। उन्होंने नल जल योजना के संचालन, संधारण, एवं प्रबंधन नियम- 2026 तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने अपने स्वागत उद्बोधन में विभागीय गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी उन्होंने पत्रकार कल्याण योजना की चर्चा करते हुए बताया की केंद्र सरकार पत्रकार कल्याण योजना ( जेडब्ल्यूएस) लागू करती है, जिसके तहत मृत्यु, स्थायी विकलांगता, गंभीर बीमारी और दुर्घटना से संबंधित अस्पताल में भर्ती होने जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे पत्रकारों/ मीडियाकर्मियों या उनके परिवारों को तत्काल आधार पर एकमुश्त अनुग्रह राशि प्रदान की जाती है। प्रेस सूचना ब्यूरो और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त पत्रकार और गैर-मान्यता प्राप्त पत्रकार, सभी इस योजना के अंतर्गत आते हैं। श्री गौतम ने यह भी बताया कि पीआईबी सरकार तथा मीडिया के मध्य सूचना पहुचने का शसक्त माध्यम है जिससे विश्वसनीय जानकारी आम लोगों तक पहुच सके उन्होंने इस वातार्लाप कार्यक्रम के प्रमुख उद्देश्यो को भी स्पष्ट किया वातार्लाप में केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने नई शिक्षा नितिऔर नीट यूजीसी जैसी परीक्षाओंको सुगमता से संपन्न कराने हेतु कानून में किये गए प्रावधानों की मीडियाकर्मियों को विस्तार से जानकारी दी` उन्होंने ने कहा कि ह्नीट परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और जिला प्रशासन निकट समन्वय में मिलकर काम कर रहे हैं। जो भी व्यक्ति किसी भी तरह से परीक्षा की निष्पक्षता या सुचारू संचालन में बाधा डालने, उसे बिगाड़ने या उसमें छेड़छाड़ करने का प्रयास करेगा, उस पर कानून का पूरा शिकंजा कसा जाएगा। नगर परिषद् अध्यक्ष सुनील चौरसिया ने आयुष्मान भारत योजना के महत्व को प्रतिपादित करते हुए मीडियाकर्मियों से आग्रह किया की आयुष्मान भारत योजना की जमीनी स्तर पर आने वाली समस्याओं का निवारण आम जनता की जागरूकता से किया जा सकता है, इसमें मीडिया कर्मियों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है यदि वे सूचना से समृद्ध रहेंगे तभी आम जन आयुष्मान कार्ड एवं अन्य मिलने वाले लाभों से वंचित नहीं रह पाएंगे` वातार्लाप में पत्रकारों के सवालों का जवाब विषय विशेषज्ञों ने समुचित उत्तर प्रस्तुत किये जिला समन्वयक आयुष्मान भारत योजना के उमंग तिवारी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर के संतोष सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं के 12 महत्वपूर्ण स्तंभों की जानकारी दी इसी तारतम्य में महिला शसक्तीकरण अधिकारी मंजूषा शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम के अंत में प्रसार भारती पीटीसी अजीत कुमार मिश्रा ने सभी मीडिया कर्मियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया

कार्यक्रम का सफल संचालन निदेशक मनीष गौतम के निर्देशन पर मीडिया एवं संचार अधिकारी परितोष दीक्षित एवं केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक हेमंत मारकवाडे ने संयुक्त रूप से कियो वातार्लाप कार्यक्रम में जिले के इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

# विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को की बड़ी सफलता, पुष्पराजगढ़ को मिला 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का तोहफा

## मंत्रिपरिषद के निर्णय पर शासन ने जारी किया आदेश, वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी; स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया विस्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर।पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए बहुप्रतीक्षित खुशखबरी सामने आई है। विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के लगातार प्रयासों और शासन स्तर पर की गई प्रभावी पहल का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। मध्यप्रदेश शासन ने मंत्रिपरिषद के 19 जुलाई 2026 के निर्णय के अनुपालन में पुष्पराजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल के रूप में उन्नयन करने का आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही अस्पताल के संचालन के लिए आवश्यक प्रशासनिक पदों के स्थानांतरण की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। वर्षों से क्षेत्रवासियों की मांग रही थी कि पुष्पराजगढ़ जैसे आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने इस मांग को लगातार शासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया और स्वास्थ्य मंत्री सहित संबंधित विभागों से निरंतर संवाद बनाए रखा। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि अब क्षेत्र को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की सौगात मिल गई है।

अस्पताल के उन्नयन से पुष्पराजगढ़ सहित आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। गंभीर मरीजों को अब उपचार के लिए अनूपपुर, शहडोल, डिंडोरी या अन्य जिलों की ओर कम जाना पड़ेगा। इससे समय, धन और आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षा की संभावनाओं में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अस्पताल के संचालन को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक प्रशासनिक पदों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिससे उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं शीघ्र प्रारंभ हो सकेंगी।

इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय पुष्पराजगढ़ के स्वास्थ्य ढांचे को नई मजबूती प्रदान करेगा और आदिवासी अंचल के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

# प्रति नियुक्ति मामले में 6 साल बाद जागा प्रशासन

**समाज जागरण**

शहडोल। आदिवासी विकास विभाग में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों की 2 साल की प्रतिनियुक्ति को 6 साल तक खींचने का मामला उजागर होते ही संभागीय उपायुक्त आदिवासी विभाग शहडोल हरकत में आ गया है। समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद संभागीय उपायुक्त ने पूरे शहडोल संभाग से प्रतिनियुक्त कर्मचारियों की कुंडली तलब कर ली है।

**2019 में 2 साल की प्रतिनियुक्ति , 2026 तक वही डेरा**

कार्यालय आयुक्त आदिवासी विकास भोपाल ने आदेश क्रमांक 23262 दिनांक 24.8.2019 से स्कूल शिक्षा विभाग के उमरिया जिले के शिक्षा विभाग के शिक्षकों को 2 वर्ष की प्रतिनियुक्ति कर आदिम जाति कल्याण विभाग में पर भेजा गया था। इसी आदेश के साथ जारी पत्र क्रमांक 23263 में साफ हिदायत थी - "2 वर्ष बाद स्थानांतरण नीति के अनुसार मूल विभाग में पदांकन किया जाए।" यानी 2021 में ही इन शिक्षकोंछ की प्रतिनियुक्ति से वापसी हो जानी थी।लेकिन हकीकत उल्टी है। 2 साल की प्रतिनियुक्ति को मानो सभी ने "स्थाई सेटिंग" बना कर रख दिया गया।

**उमरिया की तस्वीर आई सामने**

फिलहाल जो जानकारी मिली है उसके अनुसार उमरिया जिले के 9 शिक्षक आज भी स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूलों में पदस्थ थे, जिनमें निर्मला सिंह- हायर सेकेण्डरी निपनिया, राजेश कुमार मिश्रा- माध्यमिक शाला खालेकठाई, अजीत सिंह उईके - माध्यमिक शाला सेहरा टोला, जानकी सलाम माध्यमिक शाला करसरा, आभा सिंह माध्यमिक शाला सेमरा, जी श्यामा राव माध्यमिक शाला नौरोजाबाद, नीरज द्विवेदी प्राथमिक शाला देवगवांखुर्द, जयभान श्याम हायर सेकेण्डरी विद्यालय घोघरी , रजनी सिंह प्राथमिक शाला डोडगवां से प्रतिनियुक्ति आदेश के माध्यम से आदिम जाति विकास विभाग पाली की संभाग के आसपास की विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति आदेश के बहाने पिछले छः साल से जमी हुई है। प्रतिनियुक्ति में आये सभी शिक्षकों ने मुख्य मार्ग से लगे स्कूलों में पदस्थ होकर "ड्यूटी पका" रहे हैं।

विभाग की वेबसाइट पर इनके पद आज भी "रिक्त" दिख रहे हैं, जिससे नई पदस्थापना में भारी विसंगति पैदा हो रही है। कहीं स्कूल शिक्षक विहीन हैं तो कहीं सरप्लस।

**शहडोल-अनूपपुर का ब्यौरा अभी छिपा**

याद रहे, ये तो सिर्फ उमरिया जिले की तस्वीर है। पूरे संभाग के शहडोल और अनूपपुर जिले में कितने शिक्षक इसी तरह प्रतिनियुक्ति पर जमे हैं, इसका खुलासा अभी होना बाकी है। इसी को लेकर संभागीय उपायुक्त जे.पी. यादव ने पत्र क्रमांक 860 दिनांक 3.8.2026 जारी कर तीनों जिलों के सहायक आयुक्तों से 3 दिन में 13 कॉलम का पूरा ब्यौरा मांगा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को भी तत्काल जानकारी भेजने के निर्देश हैं।

**अब तय होगी जिम्मेदारी**

2019 के आदेश में अवधि और वापसी दोनों स्पष्ट थे। बावजूद इसके 6 साल तक किसी ने सुध नहीं ली। अब संभाग स्तरीय जांच के बाद ही पता चलेगा कि कितने शिक्षक नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति पर हैं और इस लापरवाही के लिए किस पर गाज गिरती है।

# घनश्याम पिनोरिया या आशुतोष तिवारी हो सकते हैं अगले भाजपा जिला अध्यक्ष

**विजय तिवारी जबलपुर**

मध्य प्रदेश के दतिया में हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद भारतीय जनता पार्टी संगठन बड़े बदलाव करने जा रही है। दतिया भाजपा के नए जिलाध्यक्ष की रेस में मुख्य रूप से पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया और हाल ही में चुनाव हारे आशुतोष तिवारी के नाम सबसे आगे चल रहे हैं। दतिया निकाय चुनाव के 36 में से 30 वार्डों में पार्टी की करारी शिकस्त और उसके बाद दतिया विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी हार गए।भाजपा आलाकमान दतिया की पूरी टीम बदलने की तैयारी में है ।

उपचुनाव में हार के बाद भितरघात और निष्क्रियता के आरोपों की जांच करेगी दो सदस्यीय समिति बनाई है । इसमें सागर संभागीय प्रभारी गौरव रणदिवे एवं चंबल संभाग के पूर्व संगठन मंत्री अंबाराम कराड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**दोनों प्रमुख दावेदारों के समीकरणः.....**

घनश्याम पिरोनियाः दतिया जिले में भांडेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया दलित वर्ग से आते हैं। क्षेत्र में आजाद समाज पार्टी और दलित वोट बैंक को अपने पाले में साधने के लिए भाजपा उन्हें नया जिलाध्यक्ष नियुक्त कर सकती है।

आशुतोष तिवारीः पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का टिकट कटने के बाद आशुतोष तिवारी को उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार बनाया गया था।

पार्टी के अंदर चल रही गुटबाजी और नरोत्तम मिश्रा खेमे के खिलाफ कड़ा संदेश देने के लिए आलाकमान आशुतोष तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाकर दतिया में एक मजबूत चेहरे के रूप में स्थापित करने पर भी विचार कर रहा है। इस संगठनात्मक फेरबदल को लेकर प्रदेश नेतृत्व जल्द ही अंतिम फैसला ले सकता है।

# क्या किसी बड़ी घटना के इंतजार में है प्रशासन ? होटल पैराडाइस में चल रहे सस्ता बाजार से मेन रोड पर उमड़ रही भीड़

## ₹२५ के सामान की खरीदारी के लिए होटल पैराडाइस में जुट रहे लोग, सड़क किनारे वाहनों की कतार; पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

### व्यस्त मुख्य मार्ग पर लोगों और वाहनों का जमावड़ा, हादसा हुआ तो आखिर जिम्मेदारी किसकी?

**समाज जागरण**

शहडोल। जिला मुख्यालय शहडोल के व्यस्त मेन रोड पर स्थित होटल पैराडाइस में इन दिनों संचालित हो रहे सस्ता बाजार सेल को लेकर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ₹25 से सामान मिलने के प्रचार के चलते यहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। शाम के समय हालात ऐसे दिखाई देते हैं कि होटल के सामने लोगों की भीड़ और दोपहिया वाहनों का जमावड़ा लग जाता है, जबकि इसी सड़क से लगातार कार, बाइक, ऑटो सहित अन्य वाहन गुजरते रहते हैं।

मौके की तस्वीरों में भी होटल पैराडाइस के सामने बड़ी संख्या में मोटरसाइकिलें खड़ी और लोगों की आवाजाही दिखाई दे रही है। वहीं सड़क पर भी वाहनों का लगातार आवागमन नजर आता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब प्रतिदिन यहां इतनी भीड़ जुट रही है तो प्रशासन की ओर से यातायात और सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए जा रहे?

होटल पैराडाइस में सस्ता बाजार, बाहर सड़क तक पहुंच रही भीड़



होटल पैराडाइस परिसर में चल रहे सस्ता बाजार में कम कीमत पर सामान मिलने के कारण ग्राहकों की संख्या बढ़ रही है। शाम होते ही यहां लोगों का आना-जाना तेज हो जाता है। खरीदारी करने आए लोग अपने दोपहिया वाहन होटल के सामने और आसपास खड़े कर रहे हैं। नतीजा यह है कि सड़क किनारे बड़ी संख्या में वाहन जमा हो जाते हैं और लोगों को सड़क से होकर निकलना पड़ता है। यह कोई अंदरूनी गली नहीं बल्कि शहडोल का व्यस्त मुख्य मार्ग है। यहां दिन-रात वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में जरा सी चूक किसी राहगीर, ग्राहक या वाहन चालक पर भारी पड़ सकती है।

पार्किंग कहां है? सड़क ही बन गई वाहन खड़ा करने की जगह

सबसे बड़ा सवाल पार्किंग व्यवस्था को लेकर है। इतनी बड़ी संख्या में ग्राहकों को बुलाया जा रहा है तो उनके वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए पर्याप्त जगह की व्यवस्था भी होनी चाहिए। तस्वीरों में बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन होटल के सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं।

जब पार्किंग व्यवस्थित नहीं होगी तो आदमी गाड़ी कहां खड़ी करेगा? मजबूरी में सड़क किनारे ही बाइक-स्कूटी खड़ी होगी और उसके बाद सड़क संकरी होगी। यही छोटी सी लापरवाही आगे चलकर जाम और हादसे का कारण बन सकती है।

भीड़ जुट रही तो सुरक्षा के इंतजाम भी होने चाहिए यहां सवाल केवल ट्रैफिक का नहीं है। जहां रोज बड़ी संख्या में लोग एक साथ पहुंच रहे हों, वहां सुरक्षा व्यवस्था भी उतनी ही मजबूत होनी चाहिए। अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकास, प्रवेश और बाहर निकलने का अलग-अलग रास्ता तथा अचानक भगदड़ या आग लगने जैसी स्थिति से निपटने की व्यवस्था की जांच जरूरी है। प्रशासन को यह भी देखना चाहिए कि होटल पैराडाइस में जिस हिस्से में सस्ता बाजार संचालित किया जा रहा है, वहां एक समय में कितने लोगों को रखने की क्षमता है और वास्तविकता में कितनी भीड़ पहुंच रही है। साथ ही संबंधित व्यावसायिक गतिविधि के लिए आवश्यक अनुमतियां और सुरक्षा मानक पूरे किए गए हैं या नहीं, इसकी जांच जिम्मेदार विभागों को करनी चाहिए। खुलने और बंद होने का समय भी हो स्पष्ट स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठ रहा है कि सस्ता बाजार कब खुलता है और कब बंद होता है, इसकी स्पष्ट जानकारी ग्राहकों के लिए प्रमुखता से प्रदर्शित होनी चाहिए। संचालन का निश्चित समय होने से प्रशासन और यातायात पुलिस भी भीड़ वाले समय के हिसाब से व्यवस्था बना सकती है। अगर रात तक भीड़ बनी रहती है और सड़क पर लगातार वाहनों की आवाजाही होती रहती है तो खतरा और बढ़ जाता है। अंधेरे में सड़क पार करने वाले लोगों और तेज गति से गुजरने वाले वाहनों के बीच दुर्घटना होने की संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यातायात पुलिस की तैनाती क्यों नहीं? होटल पैराडाइस के सामने सस्ता बाजार के कारण यदि नियमित रूप से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं तो व्यस्त समय में यातायात पुलिस की व्यवस्था करना जरूरी दिखाई देता है। कम से कम शाम के समय किसी यातायात कर्मचारी की तैनाती कर वाहनों को व्यवस्थित कराया जा सकता है। सड़क पर वाहन खड़ा करने से रोकना, ग्राहकों को सुरक्षित तरीके से सड़क पार कराना और होटल के सामने यातायात का दबाव कम करना कोई बहुत बड़ा काम नहीं है। जरूरत है कि जिम्मेदार विभाग समय रहते इस ओर ध्यान दें।

हादसे के बाद जांच से बेहतर है पहले इंतजाम अक्सर किसी दुर्घटना के बाद प्रशासन जागता है। फिर अधिकारी मौके पर पहुंचते हैं, जांच होती है, नोटिस जारी होते हैं और सुरक्षा नियम याद आते हैं।

लेकिन यहां सवाल यह है कि जब खतरा आंखों के सामने दिखाई दे रहा है तो किसी अनहोनी का इंतजार क्यों किया जाए? प्रशासन को होटल पैराडाइस में संचालित सस्ता बाजार की अनुमति, भवन की क्षमता, अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास और पार्किंग व्यवस्था की जांच करनी चाहिए। यातायात पुलिस को भी मौके पर जाकर यह देखना चाहिए कि सस्ता बाजार के कारण मुख्य सड़क का आवागमन कितना प्रभावित हो रहा है।

# अनूपपुर : जंगलों में जुए का फड़ , पुलिस पर सवाल

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले में नवागत पुलिस अधीक्षक (SP) के पदभार ग्रहण करने के बाद से ही अपराधों और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कई थाना क्षेत्रों में लगातार कार्रवाइयां की जा रही हैं। लेकिन इसके ठीक विपरीत, जिला मुख्यालय स्थित अनूपपुर थाना क्षेत्र से आ रही खबरों ने पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय स्तर पर हो रही जनचर्चाओं की मानें तो अनूपपुर थाना क्षेत्र के जंगलों और सुनसान इलाकों में पिछले दो सप्ताह से बेखौफ होकर अवैध जुए का फड़ संचालित किया जा रहा है।

शाहरुख और अमित का नाम चर्चा में, शाम ढलते ही सजती है महफिल इस कथित जुआ संचालन में स्थानीय स्तर पर शाहरुख और अमित नामक दो व्यक्तियों का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार, इन दोनों की अगुवाई में अनूपपुर के दूर-दराज इलाकों और जंगलों में पिछले 15 दिनों से नियमित रूप से जुए का फड़ जमाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन शाम लगभग 8 बजे से देर रात तक यह खेल चलता है, जहां स्थानीय और बाहरी इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

स्थानीय सिपाहियों की भूमिका पर उंगली, अंदरूनी सांठगांठ की चर्चा क्षेत्र में इस बात को लेकर भी तीव्र जनचर्चा है कि बिना स्थानीय पुलिस बल की कथित मूकसहमति या संरक्षण के इतना बड़ा अवैध कारोबार इतने दिनों तक नहीं चल सकता। स्थानीय सूत्रों और जनचर्चाओं में अनूपपुर थाने के कुछ मैदानी सिपाहियों की भूमिका को लेकर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। आरोप लग रहे हैं कि बीट व्यवस्था और गश्त में तैनात कुछ कर्मचारियों की कथित शह और ढिलाई के कारण ही जुआ संचालक बेखौफ होकर अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। हालांकि, कौन-कौन से सिपाही प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसमें शामिल हैं, उनके नामों को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि या विभागीय नाम सामने नहीं आया है।

लाखों का दांव और ऊंची दर पर ब्याज पर कैश देने का आरोप

जनचर्चाओं के मुताबिक, इस फड़ पर हर दिन लाखों रुपये के दांव लगाए जा रहे हैं। मामला केवल जुए तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आरोप यह भी हैं कि जुए में रकम हारने वाले खिलाड़ियों को मौके पर ही तुरंत नकद राशि (कैश) उपलब्ध कराई जाती है, जिसके बदले उनसे बेहद ऊंची दर पर ब्याज वसूला जाता है। इस तरह के लेन-देन से यह गतिविधि एक संगठित अपराध का रूप लेती दिखाई दे रही है, जिससे क्षेत्र में आपराधिक विवाद बढ़ने की आशंका बढ़ गई है।

निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग थाना क्षेत्र के इतने करीब पिछले दो हफ्तों से लगातार संचालित हो रहे इस जुआ फड़ को लेकर नागरिकों में भारी हैरानी और आक्रोश है। क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और नवागत रढ से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि न केवल शाहरुख और अमित जैसे मुख्य संचालकों पर, बल्कि यदि जांच में थाने के किसी सिपाही या कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उन पर भी कठोरतम विभागीय व वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि पुलिस की साख और कानून-व्यवस्था पर आम जनता का विश्वास बना रहे।

(नोटः इस संबंध में अनूपपुर थाना पुलिस अथवा जिला पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया या किसी कर्मचारी पर कार्रवाई की सूचना सामने नहीं आई है। पुलिस प्रशासन द्वारा पक्ष प्रस्तुत किए जाने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।)

# बभनी में पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शुरू, शिक्षकों को दिए जाएंगे नवीन शिक्षण कौशल

**ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। बभनी ब्लॉक के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर गुरुवार से पांच दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (एफएलएन) प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर इसका उद्घाटन किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान के नए एवं प्रभावी शिक्षण तरीकों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि यह बच्चों के लिए रुचिकर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण तैयार करने में सहायक होगा, साथ ही निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भदाता विष्णु दयाल यादव ने निपुण भारत मिशन के विस्तार को बालवाटिका से कक्षा 5 तक बताते हुए उसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। भानु प्रताप सिंह ने



कैच-अप शिक्षण पद्धति पर प्रशिक्षण दिया और कक्षा 3 की एनसीईआरटी की नई पाठ्यपुस्तकों में हुए बदलावों पर चर्चा की। सन्दर्भदाता चंद्रशेखर सिंह ने गणित विषय की अवधारणाओं और संख्यात्मक दक्षता विकसित करने के प्रभावी तरीकों की जानकारी दी। वहीं, संतोष यादव ने वीणा पाठ्यपुस्तक के अभ्यास कार्यों पर चर्चा की और प्रतिभागियों से प्रतिक्रिया ली। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में 50-50 शिक्षकों के दो बैचों में कुल 100 शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों में विशेष उत्साह देखा गया। प्रतिभागियों ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और गणित की मूलभूत क्षमताओं के विकास में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को नवीन शिक्षण कौशल से सुसज्जित कर विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अध्यापक कृष्ण कुमार सिंह, प्रमोद कुमार, चंद्र सेन पांडेय, सैयद अफजल अहमद, आलोक मिश्रा, मनोज कुमार, विनय सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सहित कुल 100 अध्यापक और शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

# शिवम संकल्प इंटर कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव संपन्न, दीपांजलि और आयुष बने हेड गर्ल-हेड बॉय

**ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

सोनभद्र। बभनी क्षेत्र के बखरिहवाँ स्थित शिवम संकल्प इंटर कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव सकुशल संपन्न होने के बाद गुरुवार को परिणाम घोषित किए गए। इसके उपरांत आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सभी निर्वाचित छात्र-छात्राओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय में कुल 10 पदों के लिए चुनाव कराया गया था। हेड गर्ल पद पर चार प्रत्याशियों के बीच हुए मुकाबले में दीपांजलि पाण्डेय ने 438 में से 219 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। वहीं हेड बॉय पद पर आयुष जायसवाल ने 459 में से




292 मत प्राप्त कर विजय दर्ज की। अनुशासन प्रभारी बालिका वर्ग में खुशबू विश्वकर्मा, अनुशासन प्रभारी बालक वर्ग में आलोक, स्वच्छता प्रभारी बालिका वर्ग में उजाला विश्वकर्मा, स्वच्छता प्रभारी बालक वर्ग में सौरभ, सांस्कृतिक प्रभारी बालिका वर्ग में अंशिका, सांस्कृतिक प्रभारी बालक वर्ग में चंद्रमणि, खेल प्रभारी बालिका वर्ग में दिव्या तथा खेल प्रभारी बालक वर्ग में आदित्य विजयी घोषित हुए। गौरतलब है कि छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान 31 जुलाई को कराया गया था। मतगणना के बाद गुरुवार को परिणाम घोषित किए गए। इसके बाद विद्यालय परिवार के मुखिया रामप्रकाश पाण्डेय ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई।

उन्होंने छात्र प्रतिनिधियों से विद्यालय के अनुशासन, स्वच्छता, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए नेतृत्व क्षमता विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सीसीए कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार यादव ने किया।

इस अवसर पर विनोद शुक्ला, प्रहलाद राम तिवारी, सुरेंद्र दुबे, उमेश दुबे, रामअवध, अमरेश, अशर्फी, रवि कुमार, रजनी हलदर, दीप्ती, रीना, साधना सिंह, साक्षी श्रीवास्तव, शोभा सिंह, नीरज शर्मा, अरविन्द, उमाशंकर, विकास पाल, श्वेता, सुषमा, संगीता, प्रिया, लक्ष्मी राव, तेजबली चौबे, रविन्द्र कुमार, अवधेश जायसवाल सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गुम हुई मोबाइल मिला, चोपन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई से मिली राहत, साइबर हेल्प डेस्क के प्रति विश्वास हुआ मजबूत

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

सोनभद्र। साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चोपन की साइबर हेल्प डेस्क ने एक बार फिर त्वरित कार्रवाई कर एक व्यक्ति को राहत दिलाई है। पुलिस की सक्रियता और समयबद्ध प्रयासों के चलते शिकायतकर्ता विनोद कुमार गुप्ता की गायब हुई मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक वापस करायी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चोपन क्षेत्र के वाराणसी शक्ति नगर मुख्य मार्ग स्थित ग्राम मारकुंडी निवासी विनोद कुमार गुप्ता पुत्र स्व. छकौड़ी गुप्ता की मोबाइल फोन गुम हो गई थी, उन्होंने थाना चोपन की साइबर हेल्प डेस्क पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने के बाद साइबर हेल्प डेस्क ने मामले को



गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित प्रयासों के परिणामस्वरूप शिकायत कर्ता को गुम हुई मोबाइल वापस करा दी गई। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित को राहत मिलने के साथ ही आम लोगों में साइबर हेल्प डेस्क के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है।इस सराहनीय कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता, साइबर सेल शैलजा एवं सहकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मोबाइल फोन वापस मिलने पर शिकायत कर्ता विनोद गुप्ता ने सोनभद्र पुलिस एवं थाना चोपन की साइबर हेल्प डेस्क का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की तत्परता की प्रशंसा की। चोपन पुलिस ने जनसामान्य से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी, गुम हुए मोबाइल की घटना होती है तो वह बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा www.cyber crime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। समय पर शिकायत करने से ठगी गई धनराशि/गुम हुए मोबाइल वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

पुलिस ने लोगों से अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने और संदिग्ध ऑनलाइन लेन-देन से बचने की भी सलाह दी है।

# शासन की योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता : संजय कुमार वर्मा

**नवनियुक्त सहायक आयुक्त का जनपद मे हुआ भव्य स्वागत**

**विभागीय योजनाओ की प्रगति के बारे मे किया विचार-विमर्श**

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जनपद के नवनियुक्त सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक संजय कुमार वर्मा ने गुरुवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर उनका स्वागत ए.डी.सी.ओ. निर्मल मौर्य, डा. सुरेश, अजय कुमार, कृष्ण मुरारी त्रिपाठी, सचिव संघ के अध्यक्ष सौरभ कुमार सिंह, महामंत्री संतोष कुमार पटेल,कैडर सचिव अमित कुमार गौतम, कैडर सचिव/कैडर लिपिक कुमारी ज्योति एवं कार्यालय में कार्यरत एडीओ विनोद मौर्य,सहायक सांख्यिकीय



अधिकारी आलोक कुमार शेखर, फार्मिंग सुपरवाइजर महेश कुमार मौर्य द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नवागंतुक सहायक आयुक्त द्वारा स्वागत के लिए सभी अधिकारीगण और सचिवों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओ को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।जब तक एक भी किसान दुखी है,तब तक हम अपने प्रयासो से संतुष्ट नही हो सकते।सहायक आयुक्त ने प्रथम दिन कार्यालय के काम-काज का जायजा लिया और अपर जिला सहकारी अधिकारीगण से जनपद मे विभागीय योजनाओ की प्रगति के बारे मे विचार विमर्श किया, इस अवसर पर सभी ए.डी.सी.ओ. कार्यालय सहायक और कई बीपैक्स सचिव उपस्थित रहे।

# युवा कांवड़ समिति का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना, 'बोल बम' के जयघोष से गूंजा बभनी

**ब्यूरो चीफ. समाज जागरण**

सोनभद्र। बभनी क्षेत्र के युवा कांवड़ समिति बभनी मोड़ का कांवरिया जत्था सावन माह में बाबा बैजनाथ धाम (देवघर) के लिए गुरुवार रवाना हो गया है।बभनी के प्राचीन बुढ़वा मन्दिर और बभनी मोड़ स्थित शिवालय में पर




पूजा-अर्चना के बाद भक्तों ने अपनी यात्रा शुरू की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ शिव भक्तों का यह जत्था उत्तर प्रदेश से झारखंड होते हुए सुल्तानगंज पहुंचेंगे। यहां श्रद्धालु उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान और पूजा-अर्चना करेंगे।डीजे के साथ नाचते गाते हुए देवघर बैजनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। सुल्तानगंज से पवित्र जल उठाने के बाद, कांवरिया 110 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम पहुंचेंगे। वहां वे जलाभिषेक करेंगे और इसके बाद बासुकीनाथ के दर्शन भी करेंगे। इस जत्थे में ज्ञानेश्वर कुमार, दिनेश कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, रविचंद्र कुशवाहा, जमुना सिंह, अनीता देवी, ममता देवी रुद्र प्रसाद, कृष्णा, शम्भू नाथ, सत्यनारायण सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हैं।

# सोन नदी में मिला मगरमच्छ का शव, वीडियो वायरल; पोस्टमार्टम से खुलेगा मौत का राज


**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के करगरा गांव के समीप सोन नदी में बुधवार शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने नदी की सतह पर एक मगरमच्छ का शव उतराता हुआ देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। किसी ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर गुरमा रेंज की वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ के शव को नदी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वन विभाग का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मगरमच्छ की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि मगरमच्छ की मौत करीब दो दिन पहले हुई होगी। शव के फूल जाने के कारण वह पानी की सतह पर आ गया, जिससे लोगों की नजर उस पर पड़ी। फिलहाल वन विभाग मौत के कारणों को लेकर कोई अंतिम निष्कर्ष निकालने से बच रहा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि नदी में मिला यह वही मगरमच्छ हो सकता है जिसने कुछ दिन पहले सोन नदी में मछली पकड़ने गए एक वृद्ध पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। हालांकि, वन विभाग ने इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। गुरमा रेंज के रेंजर पवन सचान ने बताया कि मगरमच्छ के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि शव से दुर्गंध आने लगी थी, जिसके बाद विभाग को सूचना मिली। उन्होंने यह भी संभावना जताई कि मगरमच्छ किसी दूसरे क्षेत्र से बहकर यहां पहुंचा हो। मध्य प्रदेश के घड़ियाल अभयारण्य अथवा अन्य जल स्त्रोतों से भी मगरमच्छ इस क्षेत्र तक आ सकते हैं। रेंजर ने बताया कि वर्तमान में मगरमच्छों का प्रजनन काल चल रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय वर्चस्व या आपसी संघर्ष के कारण भी उनकी मौत हो सकती है। हालांकि अक्सर मौत के तीन कारण होते है। फिलहाल वन विभाग पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन महीने से बंद पड़ी हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट , अंधेरे से ग्रामीण परेशान

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। चोपन विकासखंड अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के कोटा खास बाजार में लगी हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट पिछले तीन महीनों से खराब है। इसके कारण बाजार और आसपास का क्षेत्र रात में अंधेरे में डूब जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित अधिकारियों को कई बार सूचित करने के बावजूद अब तक लाइट की मरम्मत नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार, बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। अंधेरे के कारण सड़क पर पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। रात में अचानक कुत्तों के सड़क पर आ जाने से भी कई बाइक सवार गिरकर घायल हुए हैं। अंधेरे की वजह से सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले



जीव-जंतु भी सड़क और बाजार क्षेत्र में निकल आते हैं, जिससे लोगों में भय बना रहता है। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को रात के समय आवागमन में काफी परेशानी होती है। व्यापारियों का कहना है कि शाम ढलते ही अंधेरे के कारण बाजार में ग्राहकों की संख्या कम हो जाती है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। इस समस्या से नाराज ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। उन्होंने हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो वे जन आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

लोगों ने प्रशासन से बारिश के मौसम को देखते हुए तत्काल मरम्मत कराकर बाजार क्षेत्र में रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इस अवसर पर निर्भय चौधरी, लवकेश प्रजपति, मनीष जायसवाल, बच्चा जायसवाल, नरेश यादव, राजू साहनी, मुलायम यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# दो बाईकों की आमने-सामने भिडंत में दो गम्भीर रुप से घायल, एक को आई मामूली चोटे

**एनटीपीसी रिहंद आवासीय परिसर के शिव मन्दिर के सामने हुई सड़क दुर्घटना**

**समाज जागरण/ अकबर अली**

बीजपुर/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के एनटीपीसी रिहंद आवासीय परिसर स्थित शिव मंदिर के समीप गुरुवार को दोपहर में दो बाईकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत होते ही बाईकों की परखच्चे उड़ गए। और गम्भीर रुप से दो




घायल और एक को मामूली चोट लगने की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस की मदद से एनटीपीसी धनवंतरी चिकित्सालय रिहंद नगर में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल रामनरेश भारती (32) पुत्र पेबारू भारती,तहसीलदार उर्फ गुड्डु केवट (28) पुत्र शिवमंगल केवट निवासी गण डोडहर को रेफर कर दिया गया। मामूली रुप चोटिल अरुण पुत्र सियाराम निवासी डोडहर का ईलाज कर छोड़ दिया गया। सड़क दुर्घटना की सूचना तीनों युवकों के परिजनों को दे दिया गया। राहगीरों की चचाओं पर गौर तो हल्की बरसात हो रहा था। और दोनों बाईक सवार तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर जोरदार भिड़ंत हो गई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दो युवक गंभीर रुप से घायल हुए है। जिन्हें अन्यत्र रेफर कर दिया गया है। अभी किसी परिजन के द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। बाईक परिजन ले गए है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गैंगस्टर एक्ट में ₹8.50 लाख का ट्रक कुर्क, बीजपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**समाज जागरण/ अकबर अली**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बीजपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में बड़ी कार्रवाई की है। अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के नेतृत्व में थाना बीजपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त से संबंधित ₹8.50 लाख मूल्य के ट्रक को जब्त/कुर्क किया।

पुलिस के अनुसार थाना बभनी में दर्ज- मु.अ.सं - 100/2026 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के मामले में अभियुक्त मनोज यादव पुत्र राम अवतार यादव, निवासी कटघरा, थाना मधुबन, जनपद मऊ के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। अभियुक्त वर्तमान में संबंधित मुकदमे में जिला कारागार गुरमा, सोनभद्र में निरुद्ध है। जिलाधिकारी सोनभद्र के 28 जुलाई 2026



के आदेश के अनुपालन में धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट के तहत 5 अगस्त 2026 को अभियुक्त के नाम पंजीकृत ट्रक संख्या UP64T5150 को जब्त/कुर्क किया गया। पुलिस के अनुसार ट्रक की अनुमानित कीमत ₹8.50 लाख है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद ट्रक को थाना बभनी परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक कमलकांत पाण्डेय तथा मुख्य आरक्षी भानु प्रताप यादव शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार, एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत ओबरा पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के गंभीर मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक 17 वर्षीय बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस के अनुसार थाना ओबरा पर दर्ज मु.अ.सं. 171/2026 में बीएनएस की धारा 70(2), 127(2) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 3/4(2), 5जी/6 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि 4 अगस्त 2026 की रात नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किया गया तथा घटना का वीडियो भी बनाया गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पीड़िता को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हुए चिकित्सीय परीक्षण एवं अन्य विधिक प्रक्रियाएं पूरी कराईं। इसके साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5 अगस्त की रात करीब 11:30 बजे सेक्टर-09 चौराहे के पास से मुख्य आरोपी राहुल यादव (26 वर्ष), निवासी ग्राम खैरटिया, थाना ओबरा को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एक 17 वर्षीय बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वनप्लस नॉर्ड-2 (5जी) मोबाइल, ओप्पो ए3वाई मोबाइल, 2,200 रुपये नकद तथा एक गेट पास बरामद किया है। बरामद मोबाइल फोन की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है, जबकि बाल अपचारी के संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# मगरमच्छ के हमले में घायल व्यक्ति की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के करगरा में बीते 1अगस्त को मगरमच्छ के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए लल्लू साहनी (55) पुत्र रामप्यारे की जिला अस्पताल रावट्र्सगंज में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया।

बताते है कि बीते 1 अगस्त को करगरा के पास सोन नदी में मछली पकड़ने के दौरान लल्लू साहनी पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका तथा इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# नाबालिग से लैंगिक उत्पीड़न के दोषी को 3 वर्ष का कारावास, ₹20 हजार अर्थदंड

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) श्री ओमकार शुक्ला ने वर्ष 2019 के एक लैंगिक उत्पीड़न मामले में अभियुक्त लालबाबू को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने लालबाबू को तीन वर्ष के कठोर कारावास और ₹20 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। यह फैसला विशेष सत्र परीक्षण संख्या-28/2020, राज्य बनाम लालबाबू में सुनाया गया। अभियुक्त लालबाबू रजमिलान, थाना बीजपुर का निवासी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना वर्ष 2019 में हुई थी। अभियुक्त लालबाबू ने जंगल में एक नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकतें और लैंगिक उत्पीड़न किया था। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना की और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण प्रक्रिया के दौरान, अभियोजन पक्ष ने पीड़िता, उसके परिजनों, चिकित्सक और विवेचक सहित कई गवाहों के बयान दर्ज कराए। इसके अतिरिक्त, दस्तावेजी साक्ष्य भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। सभी उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का गहन परीक्षण करने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी पाया। न्यायालय ने अभियुक्त लालबाबू को भारतीय दंड संहिता की धारा 354-बी और पॉक्सो अधिनियम की धारा 8 के तहत दोषी ठहराया। उसे तीन वर्ष के कठोर कारावास और ₹20,000 के अर्थदंड से दंडित किया गया। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि अर्थदंड की यह राशि नियमानुसार पीड़िता को प्रदान की जाए। इस मुकदमे में राज्य सरकार की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिनेश प्रसाद अग्रहरी और नीरज कुमार सिंह ने प्रभावी पैरवी की।

# लंबित भुगतान से नाराज चोपन के प्रधान, समाधान नहीं हुआ तो जिलाधिकारी को सौंपेंगे सामूहिक इस्तीफा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**


चोपन/ सोनभद्र। विकास खंड के ग्राम प्रधानों और प्रशासकों ने लंबित भुगतान को लेकर नाराजगी जताई है। गुरुवार को हुई बैठक में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे 7 अगस्त 2026 को जिलाधिकारी को सामूहिक इस्तीफा सौंप देंगे। विकास खंड चोपन के सभागार में प्रधान संघ अध्यक्ष की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित की गई थी। इसमें ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों, पूर्व में कराए गए कार्यों के लंबित भुगतान और जनहित से जुड़े आवश्यक कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधानों ने बताया कि प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाले हुए दो माह से अधिक समय



हो गया है, लेकिन पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। मिस्त्रियों और मजदूरों का भुगतान भी लंबित है, जिससे ग्राम पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। हैंडपंप मरम्मत, नालियों की सफाई, सोलर वाटर पंप की मरम्मत सहित अन्य आवश्यक जनहित के कार्य धनराशि के अभाव में बाधित हैं। सामग्री उपलब्ध कराने वाले लोग और मजदूर लगातार भुगतान की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से जानकारी लेने पर बताया गया कि जिला स्तर से भुगतान पर रोक लगाई गई है। इस स्थिति पर प्रधानों और प्रशासकों ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि भुगतान न मिलने पर विकास कार्य कैसे होंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के पास विकास कार्य कराने का अधिकार तो है, लेकिन भुगतान न होने से सारी व्यवस्था ठप हो गई है। ऐसे में जनता के बीच जवाब देना भी मुश्किल हो रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 अगस्त 2026 को सभी प्रधान एवं प्रशासक जिलाधिकारी से मिलकर समस्याओं के समाधान की मांग करेंगे। यदि इसके बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो सभी प्रधान एवं प्रशासक अपना-अपना सामूहिक इस्तीफा जिलाधिकारी को सौंप देंगे। उनका कहना है कि इससे जनता को स्पष्ट बताया जा सकेगा कि पंचायतों के विकास कार्य कराने की जिम्मेदारी निभाना अब उनके लिए संभव नहीं है। बैठक की अध्यक्षता प्रधान संघ अध्यक्ष एवं टापू ग्राम प्रधान रामसजीवन यादव ने की। इस दौरान सिंदुरिया ग्राम प्रधान रामनगीना, अगोरी ग्राम प्रधान रामप्रताप शाहानी, जुगैल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव सहित ब्लॉक क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान एवं प्रशासक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि पंचायतों के लंबित भुगतान तत्काल जारी किए जाएं, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें


**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**





आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.










विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.





वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक









अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.

# कपिल वेलफेयर सोसायटी ने धूमधाम से मनाया तीसरा स्थापना दिवस

## बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, महिलाओं को सिलाई मशीनें व विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरित

शिक्षा, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ सम्मान समारोह संपन्न

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 6 अगस्त। बहल में समाज सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत कपिल वेलफेयर सोसायटी का तीसरा स्थापना दिवस गुरुवार को उत्साह, उल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं के सम्मान के साथ शिक्षा, कौशल विकास एवं सामाजिक उत्थान को समर्पित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सोसायटी की अध्यक्ष सरिता शर्मा ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ बेटियों एवं महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग को आत्मनिर्भर बनाकर
उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम का सफल आयोजन कान्हा शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जबकि अनीशा शर्मा ने प्रभावशाली मंच संचालन कर पूरे समारोह को जीवंत बनाए रखा।

समारोह के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को सिलाई मशीनें भेंट की गईं, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शैक्षणिक सामग्री एवं आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने संस्था के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी मुरारी जांगड़ा रहे। विशिष्ट अतिथियों में बहल के पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, मनीष आचार्य (गुरुग्राम), वरिष्ठ सूबेदार मेजर अमित नेहरा, सतबीर शर्मा, सुनील शर्मा, ईश्वर नंबरदार,पत्रकार रणसिंह गाढ़ा, संदीप शास्त्री सहित बहल क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मनीषा, आरती, रीता, रचना, सविता, गीता, मनीषा खरक सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी भागीदारी निभाई।

अपने संबोधन में सरिता शर्मा ने कहा कि "बेटी पढ़ेगी, महिला आत्मनिर्भर बनेगी और बच्चे शिक्षित होंगे, तभी समाज और राष्ट्र मजबूत बनेगा।" उन्होंने सभी अतिथियों, सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# बहल के लिए अलग ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करने की उठी मांग

कांग्रेस कार्यकताओं में संगठनात्मक ढांचे को लेकर नाराजगी, शक्ति सिंह गाढ़ा ने हाईकमान से की मांग
प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष से मिलकर रखेंगे बहल ब्लॉक के लिए अलग संगठन की बात



**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 6 अगस्त। कांग्रेस संगठन में हाल ही में हुई ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियों के बाद बहल क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं ने बहल के लिए अलग ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की मांग उठाई है। कार्यकताओं का कहना है कि पंचायती राज व्यवस्था के अनुसार बहल एक अलग विकास खंड है, इसलिए संगठनात्मक रूप से भी इसे अलग ब्लॉक का दर्जा मिलना चाहिए।

पूर्व बार प्रधान एवं अधिवक्ता शक्ति सिंह गाढ़ा ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र के तीनों विकास खंड–लोहारू, बहल और सिवानी–को संगठनात्मक रूप से दो ब्लॉकों में शामिल कर दिया है, जबकि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति से पहले पार्टी द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षक ने तीनों खंडों में अलग-अलग बैठकों के माध्यम से कार्यकताओं की राय ली थी।

उन्होंने बताया कि लगभग दो दशक पहले बहल को 28 गांवों के साथ अलग विकास खंड का दर्जा दिया गया था। इसके बावजूद संगठन में बहल के लिए अलग ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं होने से स्थानीय कांग्रेस कार्यकताओं में नाराजगी है। शक्ति सिंह गाढ़ा ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान तथा प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष से मुलाकात कर बहल के लिए अलग ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग रखी जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी नेतृत्व क्षेत्र के कार्यकताओं की भावना का सम्मान करते हुए इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेगा।

# राजपाल धालीवाल ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष बैनीवाल से की शिष्टाचार भेंट

**समाज जागरण**



कालांवाली 6अगस्त (सुरेश जोरासिया) कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष बैनीवाल राजपाल धालीवाल की दुकान पर विशेष तौर पर मिलने पहुंची' राजयपाल धालीवाल ने जिलाध्यक्ष का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने राजपाल धालीवाल के परिवार का कुशल मंगलमय जाना एवं शिष्टाचार भेंट हुई ' क्षेत्र के विभिन्न जनहित और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र में विकास कार्यों, आमजन की समस्याओं तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। राजपाल धालीवाल ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाध्यक्ष संतोष बैनीवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज बनकर उनके हितों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ जनसेवा का कार्य जारी रखेगी। इस अवसर पर राजपाल धालीवाल, केवल हस्सू, पवन बांसल, सुखराज सिंह अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे'

# स्टोन क्रेशर से बिजली की केबल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

तोशाम पुलिस ने चोरी की गई केबल बरामद की, आरोपी को भेजा न्यायिक हिरासत में खानक निवासी जितेंद्र गिरफ्तार, मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी।**



तोशाम। थाना तोशाम पुलिस ने स्टोन क्रेशर से बिजली की केबल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई केबल बरामद करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया।


पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार (आईपीएस) के निदेर्शानुसार जिले में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार बागन वाला स्टोन क्रेशर के मैनेजर प्रदीप ने थाना तोशाम में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 4 अगस्त 2026 की रात अज्ञात व्यक्ति स्टोन क्रेशर परिसर में घुसकर बिजली की केबल चोरी कर ले गए। शिकायत के आधार पर 5 अगस्त 2026 को संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव खानक निवासी जितेंद्र पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बिजली की केबल भी बरामद कर ली है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी मजदूरी का कार्य करता है तथा उसके विरुद्ध पहले भी चोरी के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# श्री बालाजी धाम डोभ के 17वें विशाल कांवड़ सेवा शिविर में शिवभक्तों को मिल रही उत्कृष्ट सुविधाएं

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी, 6 अगस्त। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम, डोभ में आयोजित 17वें विशाल कांवड़ सेवा शिविर में हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौट रहे हजारों शिवभक्तों का श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं सेवा की जा रही है। धाम के संस्थापक एवं प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि शिवभक्तों की सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए शिविर में भोजन, जलपान, विश्राम, शीतल पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। इन व्यवस्थाओं से कांवड़िए अत्यंत प्रसन्न होकर सेवा का आनंद ले रहे हैं।

शिविर का मुख्य आकर्षण राजेश कुमार (आर.के. लाइट) द्वारा की गई भव्य एवं रंग-बिरंगी लाइट सजावट है। मनमोहक रोशनी से सजा पूरा श्री बालाजी धाम रात्रि के समय दिव्य एवं अलौकिक स्वरूप प्रस्तुत कर रहा है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धाम परिसर में विशाल 20 फुट का पंखा एव कुलरों की व्यवस्था है जिससे कांवड़ियों को गर्मी से राहत मिल रही है और वे आरामपूर्वक विश्राम कर अपनी यात्रा आगे बढ़ा रहे हैं। धाम प्रबंधन ने बताया कि पूरे सेवा शिविर में समर्पित सेवादार तन, मन और श्रद्धा के साथ निरंतर सेवा में जुटे हुए हैं, ताकि प्रत्येक शिवभक्त को सम्मान, सुविधा और आत्मीयता का अनुभव हो। सेवा शिविर में श्रद्धालुओं द्वारा व्यवस्थाओं की सराहना की जा रही है।इस अवसर पर दीपक प्रकाश जैन, महावीर बंसल, सुरेश सिंगला, बिल्लू अहलावत, पंडित राधे श्याम, आजाद सिंह, विनोद गुप्ता, रमेश गुप्ता, अंकुश तायल, प्रदीप बंसल सांपला, श्याम लाल गुप्ता, राकेश कुमार, डॉ. अशोक रोहिल्ला, डॉ. योगेश वत्स, आनंद, सुनील निमड़ी, कविता निमड़ी, ममता, सारिका सहित अनेक सदस्य एवं सेवादार उपस्थित रहे।

# युवाओं को नशे की इस बुराई से बचाने के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार का है बड़े स्तर पर प्रयासः मोहित चौधरी

जिला स्तरीय प्रतियोगिता नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत का आगाज 250 से अधिक युवाओं व विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से डाला नशे पर फोकस

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**




भिवानी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के माय भारत द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । यह प्रतियोगिता हालुवासिया विद्या विहार स्कूल की चार स्टेज पर रहा। भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रशासक शमशेर सिंह अहलावत ने की। कार्यक्रम की संयोजक के जिला युवा अधिकारी मनसा रही। इस अवसर पर विशेष अतिथि जिला शिक्षा विभाग से प्रवेश गौतम , विद्यालय प्राचार्य दीपक कुमार, इको क्लब के अध्यक्ष कमल शर्मा, लेखाकार जीतेन्द्र सैनी, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता लक्ष्मण गौड़, विवेकानंद हाई स्कूल निदेशक सावित्री यादव, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण गोलागढ़, डॉ मनोज कुमार, एनएसएस अधिकारी कविता तंवर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में नशा प्रतिरोधक जागरूकता बढ़ाना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशा मुक्ति का प्रभावी संदेश समाज तक पहुंचाना है, जिससे विकसित भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इन प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 250 युवाओं व विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंचे विद्यार्थियों, शिक्षकों और युवाओं को संबोधित करते हुए भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर जी के पुत्र मोहित चौधरी ने कहा कि युवाओं को नशे की बुराई से बचाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम बड़े स्तर पर कारगर सिद्ध होते हैं। इससे जागरूकता की पहल सामने आती है और युवा नशे जैसी बुराई से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि 2025 के आंकड़ों को उठाया जाए तो बड़े स्तर पर युवा और विद्यार्थी अलग-अलग प्रकार के नशे से जकड़ जा रहे हैं। इसलिए हमें इस बुराई से दूर रहने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री ने भी युवाओं पर फोकस किया है, यह बड़ी बात है और भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह गांव गांव में नशे की इस बुराई से लोगों को दूर करने के लिए समय-समय पर ग्राम पंचायत को सजग कर रहे हैं।

जिला युवा अधिकारी मनसा ने संबोधित करते हुए कहा कि माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण अभियान भी जारी है , युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रखने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिला स्तरीय आयोजन में कुल आठ प्रतियोगिताओं का समावेश किया गया है, जिनमें लोकगीत (संगीत), नृत्य, बुकलेट नाटक/माइम, पेंटिंग, वाद-विवाद/भाषण, शॉर्ट फिल्म/रील, स्लोगन लेखन तथा स्लेम पोएट्री शामिल है। जिसमें युवाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि यह युवाओं के लिए यह बड़ा मौका होता है जिसके तहत वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। जो प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करते हैं उनमें से राज्य स्तर के लिए चयन होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा यही एक अच्छी पहल है कि युवाओं के लिए आठ प्रकार के इवेंट का कार्यक्रम संजोया गया है। इस कार्यक्रम में केवल स्कूल कॉलेज के युवाओं को ही नहीं बल्कि उन युवाओं को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है,जो स्कूल कॉलेज से वंचित हैं और जिसकी उम्र में 15 से 29 वर्ष की है।

प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट्स के मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल में जिला शिक्षा विभाग से प्रवेश शर्मा, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ मनोज शर्मा , डॉ राकेश कुमार रोहिल्ला, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. मनोज शर्मा, नीरज शर्मा, शीतल शर्मा, अभिषेक शर्मा, मनीष यादव, सुनीता कुमारी, हेमंत कुमार , नरेंद्र शर्मा, हनीफ भाटी, मनोज शर्मा, तरुण कुमार, कविता रॉय, ज्योति, संजय कुमार, दयानंद ग्रेवाल, कमल शर्मा तथा लक्ष्मण गौड़ रविन्द्र शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# शिव महापुराण में भगवान गणेश व कार्तिकेय के जन्म व पराक्रम का किया वर्णन

* भगवान गणेश का श्रद्धालुओं ने किया पूजन।

**समाज जागरण**



सम्भल। गुन्नौर नगर के मोहल्ला जुलेहपुरा के अग्रवाल मार्केट में आयोजित शिव महापुराण कथा में कानपुर से पधारे कथा व्यास पंडित प्रदीप मिश्रा ने इस अवसर पर भगवान कार्तिकेय और भगवान गणपति के जन्म कथन का विस्तृत वर्णन किया उन्होंने भगवान कार्तिकेय के जन्म और शिव रूप प्रकृति के संवर्धन पर प्रकाश डाला कार्तिक जी के जन्म के बारे में विस्तार से बताते हुए कार्तिक जी के द्वारा तारकासुर का उद्धार किया गया इसका विस्तार से वर्णन किया उन्होंने भगवान गणपति के पराक्रम को बताते हुए कहा कि गणपति की उपासना से गणाध्यक्ष( समूह का नेतृत्व करने की क्षमता )प्राप्त होती है श्रद्धालुओं ने गणेश जी का पूजन विधि विधान से किया गणेश जी को माता पार्वती ने स्नान के दौरान बाल गणेश जी को द्वारपाल नियुक्त किया भगवान शिव के कैलाश लौटने पर अनजान बालक ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया भगवान शिव और गणेश जी के बीच भयंकर युद्ध हुआ अंत में क्रोधित होकर भगवान शिव ने त्रिशूल से उनका सिर धड़ से अलग कर दिया जब माता पार्वती को सत्य का ज्ञान हुआ और वह विलाप करने लगीं तो शिव जी ने उन्हें पुनर्जीवित करने का आश्वासन दिया।शिव जी के गण उत्तर दिशा में गए और एक हथिनी के मृत बच्चे का सिर ले आए जिसे गणेश जी के धड़ से जोड़ दिया गया देवताओं ने बालक को आशीर्वाद दिया और भगवान शिव ने उन्हें गणेश( गणों का स्वामी )और सभी शुभ कार्यों में प्रथम पूज्य होने का वरदान दिया इस दौरान राकेश अग्रवाल अंकुर अग्रवाल रेनू अग्रवाल विवेक अग्रवाल मनोज अमित अग्रवाल उमेश चन्द प्रदीप अग्रवाल संजीव अग्रवाल गोविंद अग्रवाल शिवकुमार आदि रहे।

# जिलाधिकारी की नाराजगी के बाद एनएचएआई ने ठेकेदार एवं सुपरविजन कंसल्टेंट को जारी किया नोटिस,

* सड़क धंसाव प्रकरण में जवाब तलब

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई। जनपद सम्भल में ग्राम लहरावन के निकट एनएच-509 पर सड़क धंसने से 02 अगस्त 2026 को हुई दुःखद सड़क दुर्घटना के मामले में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा की गई कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई का प्रभाव दिखाई दिया है। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को जारी कारण बताओ नोटिस के क्रम में एनएचएआई, परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू), मुरादाबाद ने सड़क के अनुरक्षण एवं पर्यवेक्षण से संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक द्वारा ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस ठेकेदार मैसर्स कालूवाला कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. तथा स्वतंत्र सुपरविजन कंसल्टेंट मैसर्स के एंड जे प्रोजेक्ट्स प्रा. लि. को अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में कहा गया है कि संबंधित एजेंसियां राष्ट्रीय राजमार्ग के नियमित निरीक्षण, समयबद्ध अनुरक्षण, सड़क सुरक्षा उपायों तथा संरचनात्मक निगरानी के अपने संविदात्मक दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने में विफल रही हैं। सड़क धंसाव की स्थिति होने के बावजूद समय रहते आवश्यक मरम्मत, चेतावनी संकेतक एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित नहीं की गईं, जिससे गंभीर दुर्घटना घटित हुई। एनएचएआई ने यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व में 13 जुलाई 2026 को भी परियोजना से जुड़े सभी संरचनात्मक कार्यों का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा किसी भी दुर्घटना अथवा प्रतिकूल घटना की तत्काल सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अपेक्षित अनुपालन नहीं किया गया।

इसी क्रम में एनएचएआई ने जिलाधिकारी, सम्भल को विस्तृत अनुपालन आख्या भी प्रेषित की है। आख्या में बताया गया है कि संबंधित ठेकेदार एवं सुपरविजन कंसल्टेंट को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है तथा घटनास्थल पर सड़क का आवश्यक सुधार कार्य एवं मरम्मत पूर्ण कर मार्ग को यातायात के लिए सुरक्षित बनाया जा चुका है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि सड़क धंसाव के संभावित कारणों में भारी वर्षा एवं भूमिगत नहर निर्माण से संबंधित तकनीकी परिस्थितियां भी शामिल रही हैं, जिनकी जांच एवं परीक्षण कराया जा रहा है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने स्पष्ट किया है कि जनसुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सड़क सुरक्षा एवं अनुरक्षण के संबंध में यदि किसी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# नशा मुक्त भारत विचार गोष्ठी एवं संक्षिप्त चलचित्र प्रदर्शन का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**



चन्दौसी। डॉ विशेष कुमार पांडेय के संयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी द्वारा "नशा मुक्त भारत अभियान" के अंतर्गत नशा मुक्त भारत विषय पर विचार गोष्ठी एवं संक्षिप्त चलचित्र प्रदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. दानवीर सिंह यादव, प्राचार्य, एस. एम. कॉलेज, चंदौसी ने छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों को नशे के दुष्परिणामों, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों तथा नशा मुक्त जीवन के महत्व से अवगत कराया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इसके उपरांत नशा मुक्ति विषय पर आधारित एक प्रेरणादायक संक्षिप्त चलचित्र का प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने "नशा मुक्त भारत" के निर्माण हेतु स्वयं नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ सूरज शर्मा, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, डॉ. अनुराधा, महेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा। कार्यक्रम 'नशे से दूरी है जरूरी, स्वस्थ जीवन की यही है तैयारी पूरी' का संदेश प्रेषित करने में सफल रहा।

# गर्भावस्था की समय पर पहचान, प्रभावी प्रबंधन एवं मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से चिकित्सा विभाग द्वारा हुई समन्वय बैठक

**समाज जागरण**

सम्भल/चंदौसी। बहजोई रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में बैठक का आयोजन कर उच्च जोखिम गर्भावस्था के प्रभावी प्रबंधन एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया । जनपद में उच्च जोखिम गर्भावस्था की समय पर पहचान, प्रभावी प्रबंधन एवं मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की शीघ्र पहचान, समय पर पंजीकरण, नियमित फॉलो-अप, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, समय पर रेफरल, गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल तथा स्वास्थ्य कार्यकताओं की क्षमता सुदृढ़ करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, ARMMAN-IHRPTM द्वारा संचालित उच्च जोखिम गर्भावस्था ट्रैकिंग एवं प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सुझाव एवं कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में ARMMAN-IHRPTM संस्था की ओर से डॉ. श्रावंती, डॉ. संतोष, काशी दोनेपुडी, डॉ. दीपिका अस्थाना, द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बैठक में सभी प्रतिभागियों ने जनपद में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा प्रत्येक उच्च जोखिम गर्भवती महिला तक समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया और क्षेत्र में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया गया। जनपद प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से डा0 हरवेन्द्र सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर, समस्त चिकित्सा अधीक्षक, मुकेश शर्मा, मनु तेवतिया, प्रगति शर्मा, गुंजन सक्सेना, राजकुमार, चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफनर्स उपस्थित रहे।

# सम्भल में टीबी रोगियों के पोषण एवं उपचार सहयोग हेतु पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**

सम्भल। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के अंतर्गत आज कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, सम्भल में टीबी रोगियों के पोषण एवं उपचार सहयोग हेतु पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने 10 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज विश्नोई एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सन्तोष कुमार भी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने कहा कि टीबी के उपचार के साथ पौष्टिक एवं संतुलित आहार भी उतना ही आवश्यक है। नियमित दवा एवं उचित पोषण से टीबी का पूर्ण उपचार संभव है। उन्होंने मरीजों से उपचार बीच में न छोड़ने तथा चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने का आग्रह किया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज विश्नोई ने कहा कि समय पर जांच, नियमित उपचार एवं जनसहभागिता से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से टीबी के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच कराने की अपील की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सन्तोष कुमार ने कहा कि टीबी मरीजों के लिए पोषण उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। निक्षय पोषण योजना एवं सामुदायिक सहयोग से मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने सभी मरीजों से नियमित दवा लेने, फॉलोअप में आने तथा उपचार पूरा करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए टीबी मुक्त भारत के संकल्प को दोहराया गया।